




THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 300 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) माघ कृ.8 2081 बुधवार, 22 जनवरी-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये


## कांग्रेस ने धनंजय मुंडे पर लगाया फसल बीमा योजना में भ्रष्टाचार का आरोप, जांच की मांग

मुंबई, 21 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता विजय वडेट्टीवार ने मंगलवार को बीड में फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन में अनियमितताओं का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह योजना राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के धनंजय मुंडे की देखरेख में लागू की गई थी, जब वे राज्य के कृषि मंत्री थे। वडेट्टीवार ने मांग की कि इसकी जांच के लिए एक विशेष समिति बनाई जाए और बीड फसल बीमा मॉडल के फैसलों की पारदर्शिता से समीक्षा की जाए। धनंजय मुंडे ने जुलाई 2022 से दिसंबर 2024 तक एकनाथ शिंदे सरकार में कृषि मंत्री के >14

# मुठभेड़ में अब तक 27 नक्सली ढेर

> सीएम साय बोले-2026 तक हो जाएगा लाल आतंक का खात्मा

रायपुर, 21 जनवरी (एजेंसियां)। गरियाबंद में सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में आधिकारिक तौर पर अब तक 27 नक्सली ढेर हो गए हैं। मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली। अभी भी मुठभेड़ जारी है। मारे गए नक्सलियों की संख्या और भी बढ़ सकती है। इससे पूर्व बीजापुर में सुरक्षा बलों ने 18 नक्सलियों को मार गिराया था। सभी मारे गए नक्सलियों के शव और हथियार बरामद कर लिए गए हैं। रविवार सुबह से मंगलवार की सुबह तक रुक-रुक कर फायरिंग हो रही है।

गरियाबंद जिले के कुल्हाड़ी घाट स्थित भालू डिग्गी जंगल में कुल एक हजार से अधिक जवानों ने 60 से अधिक नक्सलियों को चारों तरफ से घेर रखा है। यह मामला मैनपुर थाने इलाके का बताया जा रहा है। मुठभेड़ में सीआरपीएफ के कोबरा यूनिट का एक जवान भी घायल हुआ है, जिसे एयर लिफ्ट करके रायपुर लाया जा रहा है। इससे पहले रविवार को हुई मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर किए गए थे वहीं एक जवान भी घायल हुआ था।



### > आईजी रायपुर जोन अमरेश मिश्रा ने दी जानकारी

गरियाबंद मुठभेड़ में अब तक 16 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। एके 47, एसएलआर, आईएनएसएएस और अन्य स्वचालित हथियार बरामद किए गए हैं। सर्च ऑपरेशन जारी है। आईजी रायपुर जोन अमरेश मिश्रा ने इसकी जानकारी दी है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक्स पर पोस्ट साझा कर लिखा कि गरियाबंद जिले के मैनपुर थाना अंतर्गत कुल्हाड़ीघाट क्षेत्र में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ रविवार रात से अब तक जारी मुठभेड़ में 10 से अधिक नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। मार्च 2026 तक देश-प्रदेश में नक्सलवाद के खात्मे के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और माननीय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प को मजबूती प्रदान करते हुए सुरक्षाबल के जवान निरंतर सफलता हासिल कर लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। जवानों को मिली यह कामयाबी सराहनीय है। उनकी बहादुरी को सलाम करता हूं। हमारी डबल इंजन की सरकार में निश्चित ही हमारा छत्तीसगढ़ मार्च 2026 तक नक्सलवाद से मुक्त होकर रहेगा।

### > एक करोड़ का इनामी नक्सली जयराम उर्फ चलपती मारा गया :

गरियाबंद में सुरक्षा बल नक्सली मुठभेड़ में एक करोड़ का इनामी नक्सली जयराम उर्फ चलपती मारा गया है। वह नक्सलियों के केंद्रीय कमेटी मेंबर बताया जा रहा है। अब तक 14 से अधिक महिला/पुरुष नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। मारे गए नक्सलियों में माओवादियों के सीनियर कैडर शामिल हैं, जिनकी शिनाख्त की जा रही है । एनकाउंटर में एसएलआर राइफल जैसे ऑटोमैटिक हथियार बरामद किए गए हैं। नक्सल विरोधी सर्च अभियान में गरियाबंद ऑपरेशन ग्रुप ई30, कोबरा 207, सीआरपीएफ 65 एवं 211 बटालियन, >14

## पांच फरवरी को महाकुंभ आ सकते हैं पीएम मोदी

### राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति और गृहमंत्री भी आएंगे



प्रयागराज, 21 जनवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच फरवरी को महाकुंभ मेला 2025 का दौरा कर सकते हैं। वहीं, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 27 जनवरी को मेले में शामिल होने वाले हैं। उम्मीद है कि एक फरवरी को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी समारोह का हिस्सा बनेंगे। 27 जनवरी को गृहमंत्री अमित शाह अपने तय कार्यक्रम के मुताबिक महाकुंभ में हिस्सा लेंगे। वह संगम में पवित्र डुबकी लगाएंगे। गंगा पूजा करेंगे और अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

गृहमंत्री अमित शाह के दौरे को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों ने शहर के प्रमुख चौराहों और कार्यक्रम स्थलों पर विशेष निगरानी के साथ सतर्कता बढ़ा दी है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एक फरवरी को संगम में पवित्र डुबकी लगाने वाले हैं। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के भी 10 फरवरी को प्रयागराज जाने की उम्मीद है। अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति के प्रमुख कार्यक्रमों में भाग लेने की उम्मीद है। इन नेताओं की सुचारू और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक और सुरक्षा तैयारियों को मजबूत किया जा रहा है।

## विधानसभा में यूजीसी दिशा-निर्देश 2025 के खिलाफ प्रस्ताव पारित

### 'यह संघीय प्रणाली और लोकतंत्र के खिलाफ'

तिरुवनंतपुरम, 21 जनवरी (एजेंसियां)। केरल विधानसभा ने मंगलवार को एक प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया। इस प्रस्ताव में केरल सरकार ने केंद्र सरकार से यूजीसी के दिशा-निर्देश 2025 के मसौदे को वापस लेने और उनमें बदलाव करने की मांग की है। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने यह प्रस्ताव पेश किया। प्रस्ताव में कहा गया कि विधानसभा का साफ मानना है कि यूजीसी का मसौदा संविधान की भावना को प्रतिबिंबित नहीं करता है। गौरतलब है कि जनवरी के पहले हफ्ते में केंद्र सरकार ने यूजीसी दिशा-निर्देश 2025 का मसौदा जारी किया है।

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय का कहना है कि इस मसौदे का उद्देश्य विश्वविद्यालयों में शिक्षकों और शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति और पदोन्नति को अधिक लचीला बनाना है। हालांकि केरल सरकार द्वारा इसका विरोध किया जा रहा है। पिछले हफ्ते ही केरल के सीएम पी विजयन ने इस मसौदे की आलोचना करते हुए कहा था कि वे इसके विरोध के लिए देशभर में गैर-भाजपा मुख्यमंत्रियों को एकजुट करेंगे। मुख्यमंत्री पी विजयन ने कहा कि विभिन्न राज्यों में विश्वविद्यालय, राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित कानूनों के अनुसार काम करते हैं और राज्यों के पास ही विश्वविद्यालयों की स्थापना और पर्यवेक्षण करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के पास केवल उच्च शिक्षा और शोध संस्थानों के लिए समन्वय और मानक तय करने का अधिकार है। विजयन ने कहा कि केंद्र सरकार ने इन तथ्यों की अनदेखी करके और सभी हितधारकों से चर्चा किए बिना दिशा-निर्देश मसौदा जारी किया है।

## चाईबासा में सुरक्षा बलों पर हमले की नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम, 21 आईईडी बरामद

चाईबासा, 21 जनवरी (एजेंसियां)। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में सुरक्षा बलों पर हमले की नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम कर दी गई है। पुलिस और सुरक्षा बलों के ज्वाइंट ऑपरेशन में जिले के कराईकेला थाना क्षेत्र में प्लांट किए गए 21 प्रेशर आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) बरामद किए गए हैं। इनमें से 12 आईईडी दो-दो किलोग्राम और 9 आईईडी एक-एक किलोग्राम की क्षमता वाले थे। इनके विस्फोट से बड़ी तबाही मचाई जा सकती थी। चाईबासा के एसपी आशुतोष शेखर के निर्देश पर इन सभी बमों को बम निरोधक दस्ते ने डिफ्यूज कर दिया है। बताया गया है कि सुरक्षा बलों ने सेरेंगदा गांव में नक्सलियों के एक डंप को भी ध्वस्त कर दिया। सर्च के दौरान विस्फोट में इस्तेमाल की जाने वाली 55 जिलेटिन स्टिक भी बरामद हुई है। एसपी को सूचना मिली थी कि जिले के पोड़ाहाट क्षेत्र में नक्सली दस्ते का मूवमेंट है। इसके आधार पर चाईबासा पुलिस, सीआरपीएफ, कोबरा और झारखंड जगुआर की कुल 14 बटालियन के जवानों ने पूरे इलाके में ऑपरेशन चलाया। सूचना थी कि जंगल में सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से जगह-जगह पर आईईडी बम प्लांट किए गए हैं। ऐसे में ऑपरेशन में बेहद सतर्कता बरती गई। इसके पहले 12 जनवरी को पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका और बगान गुलगुलदा के बीच जंगली और पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने छह आईईडी बरामद किए थे।

## बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर ममता ने फिर केंद्र पर साधा निशाना



कोलकाता, 21 जनवरी (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में बांग्लादेशियो की घुसपैठ को लेकर एक बार फिर से सियासत तेज हो गई है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार एक बार फिर से केंद्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा करना सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की जिम्मेदारी है।

उन्होंने मालदा जिले के लोगों से आग्रह किया कि अगर कोई समस्या है तो वे सीमावर्ती इलाकों में जाने से बचें। मुख्यमंत्री ममता की यह टिप्पणी 18 जनवरी को मालदा जिले में बीएसएफ चौकी के पास भारत-बांग्लादेश सीमा पर तनाव बढ़ने के बाद आई है। जहां पर दोनों देशों के किसानों के बीच हुआ विवाद झड़प में बदल गया था। बता दें कि, बंगाल का मालदा जिला बांग्लादेश के साथ सीमा साझा करता है। ममता बनर्जी ने मालदा जिले में एक बैठक को संबोधित करते हुए स्थानीय लोगों से आग्रह किया कि अगर कोई समस्या है तो वे सीमावर्ती क्षेत्रों में न जाएं। उन्होंने कहा, सीमा की सुरक्षा करना बीएसएफ का कर्तव्य है। मैं लोगों से आग्रह करती हूं कि अगर उन्हें कोई समस्या दिखे तो वे सीमावर्ती क्षेत्रों में न जाएं। बनर्जी ने जिला प्रशासन और स्थानीय लोगों से उन लोगों पर नजर रखने का भी आग्रह किया, जो भारत में घुसने की कोशिश कर रहे हैं या गलत इरादे से होटल के कमरों में ठहरे हुए हैं। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि बांग्लादेश के साथ हमारे रिश्ते बेहतर होंगे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हाल ही में राज्य सचिवालय में एक प्रशासनिक समीक्षा बैठक के दौरान सीमा सुरक्षा बल पर बांग्लादेश से घुसपैठ को अनुमति देने का आरोप लगाया था।

## सीएम सिद्धारमैया का कानून व्यवस्था पर बेतुका बयान

### 'क्या भाजपा के समय दुष्कर्म नहीं हुए थे'

बेंगलूरू, 21 जनवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने एक बेतुका बयान दिया है। दरअसल विपक्षी पार्टी भाजपा सिद्धारमैया सरकार में कानून व्यवस्था खराब होने के आरोप लगा रही है। बेंगलूरू में हुए एक दुष्कर्म मामले को लेकर विपक्ष कर्नाटक सरकार पर हमलावर है। जब इसे लेकर सीएम सिद्धारमैया से सवाल किया गया तो वे भड़क गए और कहने लगे कि क्या भाजपा सरकार में दुष्कर्म नहीं हुए थे। सिद्धारमैया ने ये भी कहा कि असामाजिक तत्व ऐसे कृत्य करते हैं और उनके खिलाफ सरकार सख्त कार्रवाई करेगी।

दरअसल रविवार की रात बेंगलूरू के केआर मार्केट इलाके में एक महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया। पीड़िता येलाहांका इलाके में जब बस का इंतजार कर रही थी, उस वक्त कथित तौर पर दो लोगों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने इस मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बेंगलूरू के पुलिस कमिश्नर बी दयानंद ने पत्रकारों से बताया कि दुष्कर्म की घटना एसजे पार्क इलाके की है। शिकायत में पीड़िता ने जबरन वसूली और दुष्कर्म के आरोप लगाए हैं।




नई दिल्ली में रक्षा मंत्रालय (एमओडी) ने रक्षा सचिव राजेश कुमार की उपस्थिति में भारतीय सेना के लिए 47 टैंक-72 ब्रिज लेइंग टैंक (बीएलटी) की खरीद के लिए बख्तरबंद वाहन निगम लिमिटेड की एक इकाई, हेवी व्हीकल फैक्ट्री के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

## मंत्री बोले-वैश्विक बाजार में तेल की कमी नहीं

### > यूएस से भारत को और अधिक उर्जा मिलने की संभावना

नई दिल्ली, 21 जनवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले नए प्रशासन ने तेल और गैस उत्पादन को बढ़ाने की घोषणा की है, जिससे भारत को अमेरिका से और अधिक उर्जा मिल सकती है। उन्होंने कहा, भारत के तेल आपूर्तिकर्ताओं की संख्या पहले ही 27 से बढ़कर 39 हो गई है और अगर और तेल आता है तो इसका हम स्वागत करते हैं।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री पुरी ऑटो उद्योग निकाय सियाम के एक कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं से बात कर रहे थे। उनसे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के तेल और गैस उत्पादन बढ़ाने के कदमों पर प्रतिक्रिया मांगी गई, तो उन्होंने कहा, अगर आप मुझसे पूछें कि क्या अमेरिकी उर्जा अधिक मात्रा में बाजार में आएगी, तो मेरा जवाब हां है। अगर आप कहें कि भारत और अमेरिका के बीच उर्जा की अधिक खरीददारी की मजबूत संभावना है, तो भी मेरा जवाब हां है। उन्होंने कहा, पिछले तीन वर्षों में हम बाजार में थे और जिसने भी तेल की आपूर्ति की, हमने उससे खरीदा। पुरी ने ब्राजील का उदाहरण दिया, जहां उन्होंने भारत के लिए भूकंपीय सर्वेक्षण और समुद्र से तेल निकालने के काम में मदद मांगी थी। साथी उन्होंने बताया कि अर्जेंटीना की तेल कंपनी वाईपीएफ का प्रमुख भी उनसे सहयोग के लिए मिलने आ रहा है। >14

## कर्नाटक में कांग्रेस की जय भीम, जय बापू रैली

### > सिद्धारमैया बोले-गांधी सच्चे हिंदू, मरते वक्त हे राम कहा > शिवकुमार बोले-भाजपा गोडसे पार्टी



बेलगावी, 21 जनवरी (एजेंसियां)। महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के 100 साल पूरे होने पर कर्नाटक कांग्रेस ने बेलगावी में मंगलवार को जय भीम, जय बापू, जय संविधान रैली निकाली। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार भी शामिल हुए।

खड़गे ने कहा, भाजपा पिछले कई सालों से संविधान को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। अगर देश में संविधान नहीं होता तो देश में अराजकता होती। यही कारण है कि आजकल लोग गांधी को याद करते हैं। लोग उनके काम, उनके बलिदान और योगदान के लिए उनका सम्मान करते हैं। वहीं, सीएम सिद्धारमैया ने कहा, महात्मा गांधी एक डायहार्ड हिंदू थे और कांग्रेस गांधी के हिंदुत्व में विश्वास रखती है। गांधी हमेशा भगवान राम का नाम लेते थे। जब नाथूराम गोडसे ने उनकी हत्या की, तो गांधी ने हे राम कहा था। भाजपा ने हमेशा गांधी को हिंदू विरोधी के रूप में पेश किया, लेकिन वो 100 प्रतिशत झूठ है। डिप्टी सीएम शिवकुमार ने कहा, भले ही गांधी जी की मृत्यु हो गई हो, लेकिन उनके मूल्य अभी भी जीवित हैं। यह सिर्फ कांग्रेस का कार्यक्रम नहीं है। राष्ट्रपिता के नेतृत्व और अहिंसा आंदोलन को दुनिया के सभी नेताओं ने स्वीकार किया था। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा- हम गोडसे पार्टी की कही हुई बातें नहीं सुनना चाहते। जो लोग स्वतंत्रता आंदोलन के बारे में नहीं जानते। उन्हें नहीं पता कि बलिदान क्या होता है। सीएम सिद्धारमैया ने कहा, गांधी कभी भी हिंदू धर्म के खिलाफ नहीं थे, लेकिन वे हिंदू धर्म में सुधार लाना चाहते थे। वे हमेशा हिंदुओं और मुसलमानों को भाई की तरह रहते देखना चाहते थे। गांधी ने खुद को स्वतंत्रता संग्राम तक सीमित नहीं रखा, बल्कि एडमिनिस्ट्रेशन को लेकर भी जरूरी दिशा-निर्देश दिए और बताया था कि मंत्रियों को कैसे व्यवहार करना चाहिए। सीएम सिद्धारमैया ने आगे कहा कि हम गांधी के हिंदुत्व में विश्वास करते हैं और भाजपा समाज को बांटने में विश्वास करती है। भाजपा वाले मनुवादी हैं। हमें संविधान की रक्षा करनी चाहिए और लोकतंत्र को बचाना चाहिए। अगर हम संविधान की रक्षा करेंगे, तो संविधान हमारी रक्षा करेगा। कांग्रेस नेता प्रियांक खड़गे ने कहा, गांधी के राष्ट्रपति बनने के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाला कार्यक्रम पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के कारण स्थगित कर दिया गया था। प्रियांक खड़गे ने अमित शाह की संविधान की टिप्पणी पर कहा, अंबेडकर के संविधान के किसी भी तरह की गलत व्याख्या बर्दाश्त नहीं किया जाएगी। कांग्रेस का जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान 27 दिसंबर से ही शुरू होना था। साल 1924 में हुए कांग्रेस के बेलगावी अधिवेशन के 100 साल पूरे होने पर 26 और 27 दिसंबर को पार्टी ने विशेष अधिवेशन रखा था।

## मोदी सरकार विधि आयोग के साथ क्यों बरत रही 'लापरवाही' : कांग्रेस का हमला

नई दिल्ली, 21 जनवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि 22वां विधि आयोग समान नागरिक संहिता पर अपनी रिपोर्ट सौंपे बिना ही खत्म हो गया, जबकि उत्तराधिकारी पैनल की वास्तविक संरचना की घोषणा अभी तक नहीं की गई है, और पूछा कि मोदी सरकार ऐसे सम्मानित निकाय के साथ 'लापरवाही' क्यों बरत रही है। विपक्षी दल का यह बयान उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के उस बयान के एक दिन बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के तहत नियमों को मंजूरी दे दी गई है और राज्य में इसके कार्यान्वयन की तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी।

## 1984 सिख विरोधी दंगे-फैसले की तारीख बढ़ी

### > अब 31 जनवरी को आएगा फैसला

नई दिल्ली, 21 जनवरी (एजेंसियां)। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 1984 में हुए सिख विरोधी दंगे शुरू हुए थे। इसी दौरान 1 नवंबर को पश्चिमी दिल्ली के राज नगर पार्ट-1 में सरदार जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुण दीप सिंह की हत्या कर दी गई। शाम करीब 4.30 बजे दंगाइयों भीड़ ने उनके घर इलाके में हमला किया था। आरोप है कि भीड़ का नेतृत्व सज्जन कुमार कर रहे थे। सज्जन कुमार पर मृतकों के परिवार से साथ मारपीट का भी आरोप है। दिल्ली के सरस्वती विहार थाने में इस मामले में केस दर्ज किया गया था। सज्जन कुमार के खिलाफ दंगा, हत्या और डकैती के आरोप में आईपीसी की धारा 147, 149, 148, 302, 308, 323, 395, 397, 427, 436, 440 के तहत केस दर्ज किया गया था। 16 दिसंबर, 2024 को हुई सुनवाई में राउज एवेन्यू कोर्ट ने सज्जन कुमार पर फैसला टाल दिया था। फैसले की तारीख 8 जनवरी रखी गई थी। 8 जनवरी को सुनवाई के बाद फैसला दोबारा टाला गया था। दोनों बार विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की कोर्ट में तिहाड़ में बंद सज्जन कुमार वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पेश हुआ था। दिसंबर 2021 को सज्जन कुमार ने इस मामले में खुद को निर्दोष बताते हुए ट्रायल का सामना करने की बात कही थी। ट्रायल में सज्जन कुमार को दोषी माना गया था। >14

## सुप्रीम कोर्ट का गुजरात सरकार को नोटिस

नई दिल्ली, 21 जनवरी (एजेंसियां)। गुजरात के जामनगर में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह की पृष्ठभूमि में भड़काऊ गीत के साथ संपादित वीडियो पोस्ट करने के मामले में कांग्रेस सांसद और कवि इमरान प्रतापगढ़ी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि प्रतापगढ़ी के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने प्रतापगढ़ी के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द न करने गुजरात हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने प्रतापगढ़ी द्वारा दायर अपील पर गुजरात सरकार और शिकायतकर्ता किशनभाई दीपकभाई नंदा को नोटिस जारी किया। गुजरात हाईकोर्ट ने पिछले दिनों एक फैसले में कहा था कि कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर रद्द नहीं होगी। जामनगर के निवासी किशन नंदा की शिकायत के आधार पर यह मामला दर्ज हुआ।

उन्होंने आरोप लगाया कि इमरान प्रतापगढ़ी ने 29 दिसंबर को सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने के तीन दिन बाद 2 जनवरी को सोशल मीडिया 'एक्स' पर वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में इमरान प्रतापगढ़ी को फूलों की बारिश के बीच लोगों का अभिवादन करते दिखाया गया है। लेकिन वीडियो के बैकग्राउंड में चल रहे गाने के बोल को धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला और हिंसा भड़काने वाला बताया गया है। पुलिस अधीक्षक प्रेमसुख देलू के अनुसार, इस वीडियो ने 'एक्स' पर लोगों से तीखी प्रतिक्रियाएं पाईं। एक यूजर ने वीडियो की तुलना सीरिया और इराक से कर दी है। पुलिस का मानना है कि वीडियो में आवाज शायद इमरान प्रतापगढ़ी की है। जानकारी के मुताबिक, इमरान प्रतापगढ़ी पर बीएनएस की धारा 57 भी लगाई गई है, जो दस या अधिक लोगों को अपराध करने के लिए उकसाने से संबंधित है।




# राहुल की सेहत ठीक नहीं

## गांधी भारत कार्यक्रम में नहीं करेंगे शिरकत अर्थव्यवस्था पर बीजेपी को घेरा



नई दिल्ली, 21 जनवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तबीयत ठीक नहीं है। वे मंगलवार को बेलगावी में आयोजित 'गांधी भारत कार्यक्रम' में भाग नहीं ले पाएंगे। कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस के सूत्रों ने यह जानकारी दी। कर्नाटक के गृह मंत्री जी। परमेश्वर ने बेलगावी में बताया कि कांग्रेस पार्टी का पूरा नेतृत्व समारोह में भाग लेगा, जो जल्द शुरू होने वाला है। यहां सूत्रों के मुताबिक, राहुल अस्वस्थ हैं, इसलिए उनके समारोह में शामिल होने की संभावना कम है। महाराष्ट्र की सीमा से लगे बेलगावी जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, केरल के वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी और अन्य वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारियों के भाग लेने की उम्मीद है। कांग्रेस सूत्रों की मानें तो 'सुवर्ण विधान सौध' में महात्मा गांधी की एक प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा और सीपीईडी मैदान में एक जनसभा भी आयोजित की जाएगी। बेलगावी में 1924 में महात्मा गांधी की अध्यक्षता में आयोजित एकमात्र कांग्रेस अधिवेशन की शताब्दी के अवसर पर 'गांधी भारत कार्यक्रम' का आयोजन किया जा रहा है, जो मूल रूप से पिछले साल 27 दिसंबर को आयोजित किया जाना था। हालांकि, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था।

### क्या अर्थव्यवस्था में लोगों को उनकी उचित हिस्सेदारी मिल रही?: राहुल

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने अर्थव्यवस्था के विभिन्न सूचकांकों का हवाला देते हुए मंगलवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने सवाल किया कि जब सबकी मेहनत से अर्थव्यवस्था का पहिया घूम रहा है तो क्या उसमें आम लोगों को उनकी उचित हिस्सेदारी मिल पा रही है? उन्होंने दावा किया कि हानिकारक जीएसटी और आयकर की मार ने गरीब और मध्यम वर्ग का जीना हराम कर रखा है, जबकि कॉर्पोरेट घरानों का कर्जा माफ किया जा रहा है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'मोदी जी के विकसित भारत की सच्चाई: मेहनत आपकी, मुनाफा किसका? आप सभी के खून पसीने से देश की अर्थव्यवस्था का पहिया घूम रहा है, लेकिन क्या आपको इसमें उचित हिस्सा मिल रहा है? जरा सोचिए।' उन्होंने दावा किया कि विनिर्माण क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी 60 साल के सबसे निचले स्तर तक चली गई तथा इस वजह से लोगों को रोजगार के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

## 4 साल बाद लिया बदला, ससुराल वालों ने की दामाद की हत्या, बेटी को भगाकर रचाई थी शादी

जलगांव, 21 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के जलगांव से हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। ससुराल वालों ने अपनी बेटी के ही पति की बेरहमी से हत्या कर दी। प्रेम विवाह की वजह से ससुराल वाले अपने दामाद से रंजिश रखते थे। मामला जलगांव के पिंपराला हुडको क्षेत्र की है। पुलिस ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि 26 वर्षीय युवक मुकेश रमेश शिरसाठ पर चाकू और गंडासे से हमला कर उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, मुकेश ने चार साल पहले अपनी पत्नी पूजा के साथ भागकर शादी रचाई थी। इलाके की लड़की के साथ भागकर उसके परिवार की मर्जी के खिलाफ शादी की थी, जिसकी वजह से ससुराल वाले नाराज थे और वह बदला लेने का मौका तलाश रहे थे। पुलिस ने बताया कि सुबह जब मुकेश अपनी दुकान पर जाने के लिए घर से निकला, तो उसके ससुराल वालों ने उसे चाकू और गंडासे से हमला कर दिया। इस हमले में मुकेश के सात रिश्तेदार घायल हो गए, जिनमें उसका भाई, चाचा, चाची और तीन चचेरे भाई शामिल थे, जो बीच-बचाव करने की कोशिश कर रहे थे।

## दिल्ली चुनाव के लिए बीजेपी का संकल्प पत्र पार्ट-2 जारी, जनता से किया बड़ा वादा




नई दिल्ली, 21 जनवरी (एजेंसियां)। बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत के लिए बीजेपी का संकल्प पत्र पार्ट टू का का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि बीजेपी का संकल्प पत्र दिल्ली को विकसित करने वाला है। अनुराग ठाकुर ने दावा किया कि इस बार दिल्ली में बीजेपी की सरकार बनेगी। सरकार बनने के बाद बीजेपी जनता को हर सुविधा उपलब्ध कराएगी। केंद्र सरकार ने पिछले 10 सालों में दलालों ( मिडिल मैन) को खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करेगी। हम दिल्ली वालों को बेहतर आज और बेहतर कल देने का प्रयास करेंगे। बीजेपी की जहां भी सरकारें रही, जन-कल्याण उनकी प्राथमिकता और केंद्र बिंदु में रहा है। अनुराग ठाकुर के मुताबिक केंद्र सरकार में भी हमारी सरकार ने राज्यों के सहयोग से नागरिकों की समस्याओं का जहां समाधान किया है। वहीं पर उनको सुविधाएं भी दी है। आम आदमी पार्टी सरकार के किए गए घोटाले की हम जांच कराएंगे।

बीजेपी सांसद ठाकुर ने कहा, रिपोर्ट में आप सरकार के घोटाले का जिक्र है। पिछले 10 सालों में दिल्ली में कई घोटाले हुए हैं। हमारी सरकार केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा उपलब्ध कराने का काम करेगी। आप सरकार ने 5 साल में सिर्फ 5 एससी छात्र को छात्रवृत्ति दी है।

## स्कॉर्पियो कार ने ढाई साल की मासूम बच्ची को कुचला, हुई दर्दनाक मौत, मां का रो-रोकर बुरा हाल



बरनाला, 21 जनवरी (एजेंसियां)। पंजाब के बरनाला से एक दर्दनाक खबर सामने आई है। यहां एक निजी स्कूल प्रबंधन की स्कॉर्पियो गाड़ी से कुचलकर ढाई साल की बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई है। ढाई साल की मासूम बच्ची स्कॉर्पियो गाड़ी की लापरवाही का शिकार हुई है। मृतक की पहचान ढाई साल की बच्ची जोया के रूप में हुई है। यह घटना एक चर्च में घटी है। स्कूल स्टाफ ने न तो मृतक के परिजनों से संपर्क स्थापित किया और न ही अभी तक माफी मांगी है। मृत बच्ची की मां अनुपमा का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक बच्ची के माता-पिता ने कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## पंजाब के एक और आईएएस लेंगे वीआरएस

### राज्यपाल के अतिरिक्त मुख्य सचिव के शिव प्रसाद की अर्जी स्वीकार



चंडीगढ़, 21 जनवरी (एजेंसियां)। पंजाब के एक और आईएएस अधिकारी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेंगे। 1993 बैच के आईएएस ऑफिसर के शिव प्रसाद ने वॉलंटरी रिटायरमेंट की मांग की है। पंजाब सरकार ने उनकी अर्जी स्वीकार कर ली है। उनकी यह अर्जी अब केंद्र के परसोनल विभाग को मंजूरी के लिए भेज दी गई है। पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह की सरकार में भी आईएएस के शिव प्रसाद ने वॉलंटरी रिटायरमेंट की मांग की थी। आईएएस के शिव प्रसाद पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया के अतिरिक्त मुख्य सचिव के पद पर कार्यरत हैं। पहली बार जब उन्होंने वॉलंटरी रिटायरमेंट की अर्जी भेजी थी, तब कैप्टन सरकार ने उन्हें रोक लिया था।

वॉलंटरी रिटायरमेंट की दूसरी बार अर्जी देते समय भी सीएम भगवंत मान ने उन्हें इसके लिए मना किया था, सीएम के मना करने के बावजूद उन्होंने सरकार को यह अर्जी भेज दी है। दरअसल सीएम चाहते थे कि राज्य सरकार के अनुभवी अफसरों को ऐसा करने से रोका जाए। सूत्रों की मानें तो वह राजनीति में भी कदम रख सकते हैं। वह लोकसभा के पूर्व स्पीकर जीएमसी बालयोगी के रिश्तेदार हैं। आईएएस के शिव प्रसाद की रिटायरमेंट सर्विस रूल्स के मुताबिक 2030 में होनी है। करीब पांच साल पहले यह कदम उठाने के पीछे एक और कारण यह है कि वह कई किताबें लिखना चाहते हैं।

## नवाब मलिक के खिलाफ मामले में मुंबई पुलिस लगाएगी क्लोजर रिपोर्ट, कहा- सबूतों के अभाव में उठाया कदम



मुंबई, 21 जनवरी (एजेंसियां)। समीर वानखेड़े की तरफ से एनसीपी नेता नवाब मलिक के खिलाफ दर्ज कराए गए मामले में मुंबई पुलिस ने क्लोजर रिपोर्ट लगाने का फैसला किया है। मुंबई पुलिस ने बॉम्बे हाईकोर्ट में कहा कि हमने अत्याचार अधिनियम मामले की जांच की है। सबूतों के अभाव में हम मामले में क्लोजर रिपोर्ट लगा रहे हैं। बता दें कि समीर वानखेड़े आईआरएस (भारतीय राजस्व सेवा) के अफसर हैं और उन्होंने मलिक के खिलाफ अत्याचार निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया है। वानखेड़े ने हाईकोर्ट में याचिका लगाकर इस मामले को सीबीआई को सौंपे जाने की मांग की थी। उन्होंने पुलिस पर कार्रवाई आगे न बढ़ाने का आरोप लगाया था। मौजूदा समय में वानखेड़े करदाता सेवाओं के निदेशालय में अतिरिक्त आयुक्त के पद पर तैनात हैं और एससी महार समुदाय से आते हैं। उनकी याचिका पर हाईकोर्ट ने मुंबई पुलिस से जानकारी मांगी थी। इस पर अतिरिक्त लोक अभियोजक एसएस कौशिक ने न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ को बताया कि 2022 अत्याचार मामले की जांच के बाद पुलिस ने 'सी-समरी रिपोर्ट' दाखिल करने का फैसला किया है। 'सी-समरी रिपोर्ट' उन मामलों में दायर की जाती है, जहां जांच के बाद पुलिस इस नतीजे पर पहुंचती है कि कोई सबूत नहीं है और अत्याचार का मामला न तो सच है और न ही झूठा है। एक बार जब ऐसी रिपोर्ट कोर्ट के पास आती है तो शिकायतकर्ता उसे चुनौती दे सकता है। इसके बाद कोर्ट मामले में सभी पक्षों को सुनती है और क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार और अस्वीकार करने का फैसला करती है।

**अदालत ने यह कहा**

पुलिस की रिपोर्ट के बाद पीठ ने याचिका का निपटारा करते हुए कहा कि पुलिस के बयान के मद्देनजर कुछ भी शेष नहीं है। वानखेड़े कानून के अनुसार उचित मंच के समक्ष उचित कदम उठा सकते हैं। यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि हमने याचिकाकर्ता की शिकायत के गुण-दोष या पुलिस द्वारा की गई जांच पर विचार नहीं किया है, इसलिए सभी पक्षों की दलीलें खुली रखी गई हैं।

**पुलिस ने यह दी जानकारी**

मामले में लगाई गई क्लोजर रिपोर्ट को लेकर पुलिस ने अदालत को बताया कि मामले में दो और धाराएं शामिल की गई हैं। इसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3(1) क्यू और आर शामिल है। ये धाराएं किसी लोक सेवक को चोट पहुंचाने या परेशान करने तथा अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के सदस्य को जानबूझकर अपमानित करने या डराने के लिए झूठी या तुच्छ जानकारी देने से संबंधित हैं।

**क्या है वानखेड़े की तरफ से दर्ज कराया गया मामला?**

आईआरएस अफसर समीर वानखेड़े ने 2022 में महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक के खिलाफ गोरेगांव पुलिस के सामने अनुसूचित जाति-जनजाति (अत्याचार निरोधक) अधिनियम के तहत शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि मलिक ने इंटरव्यू और सोशल मीडिया पोस्ट्स के जरिए वानखेड़े और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ जाति आधारित अपमानजनक टिप्पणियां की थीं। इस मामले में मलिक की न तो गिरफ्तारी हुई और न ही उनके खिलाफ अब तक चार्जशीट दाखिल हुई है। इसी को लेकर 20 नवंबर को समीर वानखेड़े ने याचिका दायर की थी और कहा था कि पुलिस ने मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है और केस को सीबीआई को सौंप दिया जाना चाहिए।

## 10 साल से केंद्र में बीजेपी की सरकार है

### तो अब तक इस मामले पर कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठाए गए', संजय राउत ने बांग्लादेशी मुद्दे पर घेरा



मुंबई, 21 जनवरी (एजेंसियां)। मुंबई में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए विपक्षी नेताओं ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से तीखे सवाल किए हैं। नेताओं का कहना है कि अगर मुंबई में बांग्लादेशी घुसपैठ हो रही है, तो गृह और रक्षा मंत्रालय क्या कर रहे हैं। दिल्ली में बांग्लादेशी और रोहिंग्या शरणार्थियों को लेकर हाल ही में बयानबाजी तेज हो गई है। शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा कि चुनावी मौसम में ये मुद्दे अचानक उभरकर सामने आ रहे हैं, जबकि दस साल से केंद्र में बीजेपी की सरकार है, तो अब तक इस मामले पर कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठाए गए। उन्होंने केंद्र सरकार से सवाल किया कि बांग्लादेशी और रोहिंग्या शरणार्थियों की समस्या इतनी गंभीर है, फिर भी अब तक कोई ठोस नीति क्यों नहीं बनाई गई। यह मुद्दा चुनावी दांव-पेंच बनकर रह गया है, जबकि यह एक गंभीर राष्ट्रीय सुरक्षा का मसला है। इसके अलावा बदलापुर रेप कांड के आरोपी अक्षय शिंदे के एनकाउंटर को लेकर भी उन्होंने सवाल उठाए। उनका कहना था कि एनकाउंटर अब एक फैशन बन गया है और यह सत्ताधारी नेताओं के चुनावी फायदे के लिए किया जाता है। इससे पहले दिल्ली में भी बांग्लादेशी और रोहिंग्या शरणार्थियों को लेकर आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी गृह मंत्री अमित शाह से भी सवाल पूछा था। इस दौरान उन्होंने कहा था कि देश का बॉर्डर पार कर बांग्लादेशी और रोहिंग्या शरणार्थियों भारत कैसे आए।

## एमपी हाई कोर्ट के पूर्व जज रोहित आर्य को बीजेपी में बड़ी जिम्मेदारी, सुनवाई का वीडियो होता था वायरल




भोपाल, 21 जनवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश रोहित आर्य को प्रदेश की 'वन नेशन वन इलेक्शन' समिति के लिए भारतीय जनता पार्टी का संयोजक नियुक्त किया गया है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने न्यायमूर्ति रोहित आर्य को पुष्यमित्र भार्गव के साथ संयोजक नियुक्त किया है। आर्य पिछले साल जुलाई में रिटायर होने के तीन महीने बाद भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए थे। पूर्व न्यायाधीश ने कई ऐसे मामलों की सुनवाई की, जो सुर्खियों में रही। उन्होंने 2021 में कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी और नलिन यादव को जमानत देने से इनकार कर दिया।

उन पर इंदौर में एक शो के दौरान नए साल के कार्यक्रम के दौरान धार्मिक भावनाओं को आहत करने और कोविड-19 प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया था।

अपने आदेश में न्यायमूर्ति आर्य ने कहा था कि अब तक पेश किए सबूतों से पता चलता है कि आवेदकों ने जानबूझकर भारत के नागरिकों के एक वर्ग की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का प्रयास किया है। कोर्ट ने सद्भाव और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देने के संवैधानिक कर्तव्य पर जोर देते हुए कहा, राज्य को यह सुनिश्चित करने का प्रयास करना चाहिए कि हमारे कल्याणकारी समाज में यह पारिस्थितिकी तंत्र और सह-अस्तित्व का निर्वाह नकारात्मक शक्तियों द्वारा प्रदूषित न हो।

**इस फैसले की भी हुई खूब चर्चा**

वहीं 2020 में न्यायमूर्ति आर्य ने एक महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के आरोपी व्यक्ति को इस शर्त पर जमानत दी कि वह रक्षा बंधन पर शिकायतकर्ता के सामने पेश हो ताकि वह भाई-बहन के रिश्ते को दर्शाते हुए उसे राखी बांध सके। आरोपी को शिकायतकर्ता की रक्षा करने का वादा भी करना था। इस फैसले की काफी आलोचना हुई और बाद में सुप्रीम कोर्ट ने इसे पलट दिया और महिलाओं के खिलाफ अपराधों से संबंधित मामलों में जमानत याचिकाओं पर विचार करने के लिए निचली अदालतों को निर्देश जारी किए।

## 'सरपंच के परिवार से मिलना चाहती थी, मुझे मना कर दिया गया', बीड मामले पर पंकजा मुंडे का बड़ा बयान



छत्रपति संभाजीनगर, 21 जनवरी (एजेंसियां)। बीड सरपंच हत्या मामले को लेकर महाराष्ट्र की मंत्री पंकजा मुंडे ने बड़ा बयान दिया है। पंकजा मुंडे ने कहा कि मैंने सरपंच संतोष देशमुख के परिवारीजनों से मिलने का प्रयास किया था, लेकिन गांव की स्थिति को देखते हुए मुझे मिलने से मना कर दिया गया। हत्याकांड में घिरे मंत्री धनंजय मुंडे की चचेरी बहन और महाराष्ट्र की पर्यावरण मंत्री पंकजा मुंडे ने कहा कि मैंने संतोष देशमुख के परिवार से मिलने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने अपने गांव की स्थिति के कारण मना कर दिया। उन्होंने कहा कि मेरा गांव मासाजोग जाना और घटना पर अपनी भावनाएं व्यक्त करना निजी मामला है। सरपंच के परिवार ने उनसे कहा कि गांव की स्थिति उनके हाथ में नहीं है। उन्होंने मुझसे वहां न जाने का आग्रह किया। पंकजा ने कहा कि मैं परिवार की अनुमति लेकर उनसे मिलने जाऊंगी। मेरे दौरे से ज्यादा महत्वपूर्ण परिवार को न्याय दिलाना है। पुलिस के अनुसार, सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के पीछे एक बड़ी जबरन वसूली का मामला है। बीड जिले में पवन चक्कियां स्थापित करने वाली एक ऊर्जा कंपनी से कथित तौर पर दो करोड़ रुपये की वसूली की जा रही थी। देशमुख ने इस जबरन वसूली का विरोध किया था, जिसके बाद नौ दिसंबर को उनका अपहरण किया गया और फिर हत्या कर दी गई। उनकी मौत के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया, जिसके बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं, कुछ दिन पहले, महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मीक कराड ने पुणे में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया था। कराड को पुलिस हिरासत में भेज दिया गया था। बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। अभी तक कुल सात आरोपी इस मामले में गिरफ्तार हो चुके हैं।

## देवेंद्र फडणवीस का आदेश: 31 मई तक महाराष्ट्र के सभी 'किले' कराए जाएंगे अतिक्रमण मुक्त



मुंबई, 21 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बड़ा आदेश जारी किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया है कि सीएम फडणवीस ने पूरे राज्य में किलों पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया है। जानकारी के मुताबिक, सीएम फडणवीस ने राज्य भर में किलों से 31 मई तक अवैध अतिक्रमण को हटाने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि आगामी 31 जनवरी तक किलेवार अतिक्रमण की लिस्ट तैयार कर ली जाए। माना जा रहा है कि सरकार ने यह कदम कोल्हापुर जिले के विशालगढ़ किले पर अतिक्रमण के बाद उठाया है। सीएम फडणवीस के निर्देश के मुताबिक, अतिक्रमण के खिलाफ व्यवस्थित दृष्टिकोण सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समितियां गठित करने का काम किया जाएगा। इसके बाद ये समितियां 31 मई 2025 तक चरणबद्ध तरीके से अतिक्रमण को हटाए जाने की निगरानी करेंगी। इसके अलावा भविष्य में अतिक्रमण को रोकने के लिए सरकार की ओर से सतर्कता समितियों का भी गठन किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक, महाराष्ट्र में 47 किले केंद्र सरकार द्वारा संरक्षित किए गए हैं। वहीं, 62 किले ऐसे हैं जिन्हें राज्य द्वारा संरक्षित किया गया है। इसके अलावा करीब 300 किले ऐसे हैं जो कि संरक्षण रहित हैं। अपने इस फैसले को लेकर सीएम फडणवीस ने कहा है कि इस निर्णायक कार्रवाई के लिए जनता की मांग बढ़ रही थी और सरकार ने इसके अनुसार ही यह कार्रवाई की है। इस पूरे मामले पर महाराष्ट्र के संस्कृति मंत्री आशीष शेलार ने भी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण को हटाने के लिए बनने वाली जिला स्तरीय समिति में पुलिस आयुक्त, नगर निगम प्रमुख, वन अधिकारी और पुरातत्व विभाग के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इनका काम ये सुनिश्चित करना होगा कि अतिक्रमण करने वालों से अच्छी तरह से निपटा जाए और कानून-व्यवस्था बनी रहे। समितियों की हर महीने बैठक होगी और राज्य सरकार को नियमित रिपोर्ट देगी। आशीष शेलार ने कहा कि मौजूदा अतिक्रमण को हटाया जाएगा और ये भी सुनिश्चित किया जाएगा कि

## बेटी के सामने कर दी पिता की हत्या, कोर्ट ने आरोपी दामाद को सुनाई आजीवन कारावास

जबलपुर, 21 जनवरी (एजेंसियां)। बेटी को ससुराल से लेने आए पिता की दामाद ने धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। न्यायालय ने इस मामले में आरोपी दामाद को दोषी ठहराया है। अपर सत्र न्यायाधीश संजोग सिंह बाघेला ने आरोपी दामाद को आजीवन कारावास और तीन हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अभियोजन के अनुसार, ममता बाई निवासी ग्राम भैंसावाही थाना कुंडम के घर उसके पिता उसे लेने के लिए पहुंचे थे। भोजन करने के बाद पिता सो गए। रात में लगभग दो बजे पति उम्मेद ने अपने ससुर को उठाकर कहा कि वह उसकी पत्नी को अपने साथ न ले जाए। ससुर ने कहा कि वह अपनी बेटी को लेकर जाएंगे। विवाद बढ़ने पर उम्मेद ने अपने ससुर को रात में ही घर से बाहर निकाल दिया। पिता के घर से निकलने के बाद उम्मेद धारदार हथियार लेकर उनके पीछे गया। उसे रोकने के लिए ममता भी पीछे गई। रास्ते में उम्मेद ने अपने ससुर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 जनवरी को उत्तराखंड में करोड़ों की परियोजनाओं की रखेंगे नींव, तैयारियां तेज



देहरादून, 21 जनवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 जनवरी को उत्तराखंड दौरे पर आएंगे। उनके आगमन को लेकर राज्य सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रधानमंत्री 38वें राष्ट्रीय खेलों का शुभारंभ करने के साथ ही राज्य में 50 करोड़ रुपये से अधिक लागत की कई परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने संबंधित अधिकारियों को प्रधानमंत्री के दौरे से जुड़ी सभी तैयारियां तय समय पर पूरी करने के निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देहरादून में आयोजित होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर वे राज्य खेल विश्वविद्यालय और चंपावत महिला स्पोर्ट्स कॉलेज की नींव रखेंगे। इसके अलावा, प्रधानमंत्री कई अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं का भी शिलान्यास करेंगे। नियोजन विभाग के अपर सचिव आनंद स्वरूप ने सभी विभागों के सचिवों को पत्र भेजकर इन योजनाओं का विस्तृत ब्योरा मांगा है।

विभागों को अपनी योजनाओं की जानकारी सेतु आयोग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। राज्य सरकार प्रधानमंत्री के दौरे को सफल बनाने के लिए पूरी तरह सक्रिय हो गई है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने राष्ट्रीय खेलों और प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी तैयारियां समय से पहले पूरी की जाएं और प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को सुगमता से संचालित किया जाए। राष्ट्रीय खेलों के आयोजन स्थल पर प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। नगर निगम ने आयोजन स्थल के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

साथ ही, आयोजन स्थल के पास चार हजार से अधिक वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है। नगर आयुक्त नमामि बंसल ने बताया कि पार्किंग से जुड़ी सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं और अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारी सौंप दी गई है। प्रधानमंत्री के दौरे से पहले देहरादून नगर निगम ने शहरभर में विशेष सफाई अभियान शुरू कर दिया है। आयोजन स्थल के आसपास सड़कों की मरम्मत और सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नगर आयुक्त ने बताया कि सफाई और व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए अधिकारियों की टीम तैनात की गई है।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

सुविचार
देश और समाज की सभी समस्याओं का हल है पवित्रता

बुधवार, 22 जनवरी, 2025 

# सीएम रेवंत ने विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने के लिए राजी किया




दावोस, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने यूनिलीवर के सीईओ हेन शूमाकर को तेलंगाना में दो विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने के लिए राजी कर लिया है। यूनिलीवर, एक वैश्विक एफएमसीजी प्रमुख जो भारत में हिंदुस्तान लिवर के रूप में काम करती है) की अब तक तेलंगाना में कोई महत्वपूर्ण उपस्थिति नहीं थी।

आईटी और उद्योग मंत्री डी. श्रीधर बाबू और तेलंगाना राइजिंग प्रतिनिधिमंडल के अधिकारियों के साथ, मुख्यमंत्री ने हेन शूमाकर और कंपनी के मुख्य आपूर्ति श्रृंखला अधिकारी विलेम उइजेन के साथ बैठक की और तेलंगाना में व्यापार के अवसरों पर चर्चा की। रेवंत रेड्डी ने असाधारण स्थानिक लाभों को प्रदर्शित किया, जहां भूमि से घिरा यह राज्य वास्तव में भारत के दक्षिण में कई राज्यों और पूर्व, पश्चिम और मध्य भारत के अन्य राज्यों के लिए प्रवेश द्वार और पुल बन सकता है। उन्होंने यूनिलीवर के सीईओ और ग्लोबल सप्लाई चेन ऑफिसर से तेलंगाना में सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स मैन्युफैक्चरिंग के लाभों के बारे में बात की। मुख्यमंत्री ने तेलंगाना में विशाल उपभोग-संचालित बाजार, व्यापार करने में बेजोड़ आसानी और प्रगतिशील नीतियों सहित लाभ कारकों के बारे में भी बताया। जबकि यूनिलीवर के भारत में कई विनिर्माण स्थल हैं, तेलंगाना में इसकी उपस्थिति अब तक लगभग नगण्य रही है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने बातचीत के दौरान यूनिलीवर टीम से उन गतिविधियों पर विचार करने का अनुरोध किया जो भारत में उच्च विकास दिखा रही हैं, और भारत में ऐसे डोमेन का पता लगाने के लिए कहा। बड़ी तत्परता और सहजता से जवाब देते हुए, यूनिलीवर के सीईओ ने घोषणा की कि वे तेलंगाना में एक पाम ऑयल सुविधा और रिफाइनिंग इकाई स्थापित करेंगे। मुख्यमंत्री ने पूरा समर्थन देने की पेशकश की और कामारेड्डी जिले में कोई भी उपयुक्त स्थान देने की पेशकश की। यूनिलीवर टीम ने बैटल कैप बनाने के लिए एक नई विनिर्माण इकाई स्थापित करने पर भी सहमति जताई। चूंकि यूनिलीवर के कई उत्पाद बोतलों में तरल रूप में बेचे जाते हैं और वर्तमान में बड़ी मात्रा में आयात किए जा रहे हैं, इसलिए राज्य में यूनिलीवर इकाई होने से तेलंगाना के विनिर्माण क्षेत्र को बहुत बढ़ावा मिलेगा। तेलंगाना में यूनिलीवर का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, हम अपने राज्य में यूनिलीवर के प्रमुख प्रवेश और विकास का पूरा समर्थन करने के लिए यहां हैं। हमें एक साथ बढ़ना चाहिए, लेकिन लोगों और ग्रह के लिए बड़े स्थिरता और निष्पक्षता लक्ष्यों को नज़रअंदाज़ किए बिना।

## बीआरएस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हिंसा भड़की

नलगोंडा, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में उस समय तनाव फैल गया जब कांग्रेस नेताओं, विशेषकर मंत्री कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी के समर्थकों द्वारा बीआरएस पार्टी कार्यकर्ताओं पर हमला किया गया। बीआरएस कार्यकर्ता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामा राव के फ्लेक्स पोस्टर हटाए जाने के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे, जो आज सुबह शहर में पार्टी के 'महाधरना' को संबोधित करने वाले थे, जिसमें सरकार द्वारा विशेष रूप से किसानों से किए गए वादों और दी गई गारंटियों को पूरा करने में विफलता के खिलाफ प्रदर्शन किया जाना था। पुलिस द्वारा कार्यक्रम की अनुमति न दिए जाने के कारण विरोध प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया। स्थिति तब बिगड़ गई जब कांग्रेस नेता गुम्माला मोहन रेड्डी और नगरपालिका अध्यक्ष बुरी श्रीनिवास रेड्डी की पूर्व विधायक कंचरला भूपाल रेड्डी के नेतृत्व में बीआरएस नेताओं के साथ गरमागरम बहस हुई।

## कुख्यात चोर सहयोगी के साथ गिरफ्तार



हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। डीसीपी, साउथ वेस्ट जोन के मार्गदर्शन में गुडीमलकापुर पुलिस ने सेंधमारी चोरी मामले में शामिल एक आदतन चोर और उसके सहयोगी को सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया है। बीते 16 जनवरी उप्पारी कृष्णा निवासी विवेकानंद नगर, बोजगुट्टा, हैदराबाद ने पुलिस को बताया कि 13 जनवरी को वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ संक्राति उत्सव मनाने के लिए अपने पैतृक स्थान मक्थल मंडल, नारायणपेट जिले में गए थे और 16 जनवरी को घर पहुंचे, तो पाया कि मुख्य द्वार का ताला कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा तोड़ा गया था और अलमारी से सोना, चांदी और नकदी चोरी हो गई थी। मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। इस मामले में एरिकी पवन, निवासी विवेका नंदा नगर, भोजगुट्टा, हैदराबाद, सैयद अज़ीम, निवासी : वोम्बे कॉलोनी, गुडीमलकापुर, मेहदीपट्टनम, हैदराबाद को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी एरिकी पवन पहले दो आपराधिक मामलों में शामिल था और जेल की सजा काट चुका है। रिहा होने के बाद उसने अपने साथी के साथ मिलकर यह अपराध किया। पुलिस ने 1 लाख 87 हजार नकद और आभूषण बरामद किया है।

## विशेष मुख्य सचिव रामकृष्ण राव पीसी पिनाकी घोष आयोग के समक्ष पेश हुए

हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। वित्त के विशेष मुख्य सचिव रामकृष्ण राव मंगलवार को न्यायमूर्ति पिनाकी चंद्र घोष आयोग के समक्ष पेश हुए। आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति पीसी घोष ने उनसे सीएजी रिपोर्ट और आयोग को सौंपे गए हलफनामे के संबंध में पूछताछ की। आयोग ने कालेश्वरम निगम से उसके ऋण, परियोजना डिजाइन और बजट आवंटन के बारे में स्पष्टीकरण मांगा। उन्होंने निगम के वित्त पोषण के स्रोतों और इसकी आय-उत्पादक गतिविधियों के बारे में पूछताछ की, साथ ही यह भी पूछा कि क्या डिजाइन से संबंधित नियमों का पालन किया गया था। रामकृष्ण राव ने संकेत दिया कि कालेश्वरम परियोजना के डिजाइन की जिम्मेदारी सरकार के पास है और उन्होंने कहा कि परियोजना के निर्माण के संबंध में कोर कमेटी के पास कोई रिकॉर्ड नहीं है। आयोग ने इस अवसर पर टिप्पणी की कि परियोजना को जल्दबाजी में क्रियान्वित किया गया था और स्थापित नियमों का पालन नहीं किया गया था। जब आयोग ने कालेश्वरम परियोजना के लक्ष्यों और राजस्व सृजन की इसकी क्षमता के बारे में पूछा, तो रामकृष्ण राव ने कहा कि परियोजना का प्राथमिक उद्देश्य औद्योगिक संस्थाओं को पानी बेचकर आय उत्पन्न करना था। आयोग ने साक्ष्य प्रस्तुत किए, जिनसे संकेत मिलता है कि कालेश्वरम परियोजना से संबंधित भौतिक नीतियां विधानसभा में प्रस्तुत नहीं की गई थीं और धन के आवंटन में व्यावसायिक नियमों का पालन नहीं किया गया था। इसके अलावा, यह भी पाया गया कि वित्तीय मामलों के संबंध में कोई रिकॉर्ड नहीं रखा गया था। रामकृष्ण राव ने विस्तार से बताया कि निगम ने परियोजना के लिए सरकारी गारंटी के तहत ऋण प्राप्त किया था और 9 से 10.5 प्रतिशत की ब्याज दर पर इन ऋणों को चुकाने की प्रक्रिया में है।

## श्रीधर बाबू ने सऊदी अरब के संघीय मंत्री से मुलाकात की





दावोस/हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। आईटी एवं उद्योग मंत्री डी. श्रीधर बाबू ने आज तेलंगाना पैविलियन में सऊदी अरब के संघीय मंत्री और रॉयल कमीशन फॉर जुबैल और यानबू के अध्यक्ष इंजी. खालिद मोहम्मद अल-सलेम का स्वागत किया और उनसे मुलाकात की। अपनी मैत्रीपूर्ण बैठक के दौरान, उन्होंने विभिन्न मुद्दों और साथ मिलकर काम करने की संभावनाओं तथा तेलंगाना के उभरते दृष्टिकोण में निवेश के अवसरों पर चर्चा की। महामहिम ने मंत्री को आश्वासन दिया कि एक देश के रूप में सऊदी अरब ऐसे सर्वोत्तम निवेश अवसरों को खोजने के लिए उत्सुक है जो स्थिरता और लोगों और पर्यावरण पर दीर्घकालिक प्रभाव जैसे मूल्यों के साथ संरेखित हों।

## आयकर अधिकारियों ने दिल राजू के घर और दफ्तर पर छापा मारा

हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। आयकर (आईटी) विभाग के अधिकारियों ने आज प्रसिद्ध निर्माता और तेलंगाना फिल्म विकास निगम के अध्यक्ष दिल राजू के घरों और दफ्तरों पर छापा मारा और तलाशी अभियान चलाया। राजू के साथ-साथ प्रसिद्ध प्रोडक्शन कंपनी मैथ्री मूवी मेकर्स के दफ्तरों और 'पुष्पा 2' के निर्माता नवीन एर्नेनी के आवास पर भी एक साथ तलाशी ली गई। 55 टीमों के साथ 8 जगहों पर एक साथ तलाशी अभियान चलाया गया। आईटी अधिकारियों ने जुबली हिल्स और बंजारा हिल्स में दिल राजू के घरों के साथ-साथ उनके भाई सिरीश और बेटी हंसिता रेड्डी के घरों की भी तलाशी ली है। दिल राजू की पत्नी वैगरेड्डी को अधिकारी कार में ले गए। अधिकारियों ने उनकी मौजूदगी में बैंक लॉकरों की जांच की और बाद में उन्हें घर ले आए। उनके

## राज्यपाल ने पूर्व आईएएस की पुस्तक का विमोचन किया



हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने मंगलवार को राजभवन, हैदराबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में बीपी आचार्य, आईएएस (सेवानिवृत्त) द्वारा कार्टूनों की एक पुस्तक, ऑबट्यूज़ एंगल का औपचारिक रूप से विमोचन किया।

प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों के एक समूह को संबोधित करते हुए, राज्यपाल ने बीपी आचार्य की चार दशकों से अधिक की उल्लेखनीय रचनात्मक यात्रा की सराहना की, जिसमें उन्होंने अपने कलात्मक जुनून और सिविल सेवा की मांगों के बीच हासिल किए गए अद्वितीय संतुलन पर जोर दिया। राज्यपाल ने रोजमर्रा की जिंदगी के सार को पकड़ने वाले कार्टूनों की स्थायी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला, आचार्य के तीखे अवलोकन कौशल और उनके काम में बुने गए सूक्ष्म हास्य की सराहना की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, ऑबट्यूज़ एंगल एक अनुभवी कार्टूनिस्ट की नजर से नौकरशाही की विडंबनापूर्ण और अक्सर हास्यपूर्ण दुनिया में एक खिड़की प्रदान करता है। यह सार्वजनिक सेवा में निहित जटिलताओं, चुनौतियों और मनोरंजक क्षणों पर एक नया दृष्टिकोण प्रदान करता है। इस कार्यक्रम में प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया, जिनमें एमजी गोपाल, आईएएस (सेवानिवृत्त), डॉ.एन. रमेश कुमार, आईएएस सेवानिवृत्त प्रशासनिक स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया (एएससीआई) के महानिदेशक, रविकांत, आईएएस (सेवानिवृत्त), एन. रामचंद्र राव, पूर्व एमएलसी, सुश्री संगीता वर्मा, सुश्री फ्राउके कादर, सेव द रॉक्स सोसाइटी की संस्थापक, प्रो. एम. पांडुरंगा राव, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, वारंगल के सेवानिवृत्त प्रोफेसर, श्रीधर राव, काकतीय हेरिटेज ट्रस्ट के ट्रस्टी, मोहम्मद अली बेग, प्रसिद्ध भारतीय थिएटर कलाकार और एफटीसीसीआई से बीपी सिंघल शामिल थे।

## विधायक पद्म राव गौड़ को देहरादून में दिल का दौरा पड़ा



हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सिकंदराबाद से बीआरएस विधायक और पूर्व डिप्टी स्पीकर टी पद्म राव गौड़ को उत्तराखंड के देहरादून दौरे के दौरान दिल का दौरा पड़ा और स्थानीय अस्पताल में उनकी आपातकालीन एंजियोप्लस्टी की गई। रिपोर्टों के अनुसार, न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रिया के दौरान एक स्टेंट का उपयोग किया गया है और अब बीआरएस पार्टी के वरिष्ठ नेता हैदराबाद वापस जा रहे हैं। दिल का दौरा पड़ने के बाद पद्म राव गौड़ के करीबी रिश्तेदार (जो उनके साथ देहरादून गए थे) उन्हें तुरंत स्थानीय अस्पताल ले गए, जहां आपातकालीन न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी सफलतापूर्वक की गई।

**दक्षिण मध्य रेलवे**

हमें X@SCRailwayindia पर फालो करें। दमरे की निविदा सूचनाओं का विवरण हमारे वेबसाइट:www.scr.indianrailways.gov.in पर भी देखें।

ई-टेंडर नोटिस नं.एसएण्डटी/01/2025 दि.20-01-2025

PUB/0060

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ विभागीय सिग्नल व दूर संचार अभियंता (रखरखाव), दक्षिण मध्य रेलवे, गुंतकल द्वारा निम्न कार्य हेतु **दि.12-02-2025 के 15.00** बजे तक ई-निविदाएं(खुली) आमंत्रित हैं।

**निविदा सं.** 01-एसएनटी-01-2025, **कार्य विवरणः (सिग्नल व दूर संचार या टेलिकाम कार्य) - यादगिर(वायजी)** स्टेशनः-वायजी स्टेशन पर शन्टिग्न नेक एवम् कामन लूप लाईन सुविधाओं के प्रावधान सहित सिग्नलिंग व दूर संचार व्यवस्थाएं। **कार्य का विज्ञापित मूल्यः रु.3,16,32,279.66, पूर्व धरोहर राशिः रु.3,08,200.00, पूरा** करने की अवधिः12 महिने

इस प्रस्ताव या आफर की वैधता, तत्संबंधित खुलने की तिथि से लेकर 60 दिनोंतक होनी चाहिए। यदि आवश्यक होने पर, उपरोक्त निविदा सूचना के प्रति शुद्धिपत्र, केवल आनलाईन पर ही जारी किया जायेगा।

A0077 वरिष्ठ विभागीय सिग्नल व दूर संचार अभियंता(एम)/गुंतकल

निविदा की अधिक जानकारी/नियम शर्तें एवम् निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया वेबसाइट्सः http://www.ireps.gov.in अथवा www.scr.indianrailways.gov.in देखें।

## आरटीओ में डीएल नवीनीकरण के लिए पहुंचे अभिनेता नागा चैतन्य



हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलुगू अभिनेता नागा चैतन्य ने मंगलवार को अपने ड्राइविंग लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए आवेदन करने के लिए खैरताबाद स्थित क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) का दौरा किया। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने नागा चैतन्य का स्वागत किया तथा यह सुनिश्चित किया कि पंजीकरण की औपचारिकताएं शीघ्र पूरी कर ली जाएं, तथा उन्हें अधिक समय तक इंतजार नहीं कराना पड़े।

सूत्रों ने बताया कि अभिनेता द्वारा डिजिटल अंगूठे का निशान और हस्ताक्षर देने के बाद लाइसेंस नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी हो गई। अभिनेता ने इससे पहले 2023 में इसी आरटीओ में अंतर्राष्ट्रीय ड्राइविंग परमिट के लिए आवेदन किया था। संयुक्त परिवहन आयुक्त सी रमेश मौजूद थे।

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं.: VSKP-ELG-TL-AC-24-25-11, दिनांक: 17.01.2025

कार्य का नाम: विशाखापटनम कोचिंग डिपो के 63 कोचों के लिए उच्च क्षमता IV कपलर (500 AMPS) और 150 वर्ग मिमी फीडर केबल का प्रावधान।

निविदा मूल्य: ₹41,22,896.40/-, बोली सुरक्षा: ₹82,500/-

पूर्णता अवधि: 120 (एक सौ बीस) दिन

निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 14.02.2025 को 1330 बजे

निविदा खुलने की तिथि एवं समय: 14.02.2025 को 1600 बजे

निविदा दस्तावेज और पूरा विवरण www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है

निविदाकर्ताओं को जारी किए गए किसी भी शुद्धिपत्र के लिए वेबसाइट देखना आवश्यक है।

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी) वाल्टियर

PR-900/P/24-25

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सं.: 30247640, दिनांक: 16.01.2025

कार्य का नाम: WAG9/WAP7 इलेक्ट्रिक इंजनों के लिए कम्प्यूटर नियंत्रित ब्रेक प्रणाली (पार्किंग ब्रेक फंक्शन के बिना ड्राइवर सतर्कता नियंत्रण डिवाइस सहित)। (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख से 30 महीने बाद)

टीपीआई द्वारा निरीक्षण, मात्रा: 3 संख्यक।

नोट: सामग्री 90 दिनों के भीतर आपूर्ति की जानी है।

निविदा खुलने की तिथि एवं समय: 14.02.2025 को 1500 बजे।

निविदा दस्तावेज पूर्ण विवरण www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक वाल्टियर

PR-899/P/24-25

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं.: eT-West-WAT-01-2025 दिनांक: 10.01.2025

कार्य का नाम: वाल्टियर मंडल के KK-II लाइन पर सहायक मंडल अभियंता/किरंदुल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ORN-3 पुलों सं.1133,1196 और सं.1045 (ORN-4) का पुनर्वास।

विज्ञापित मूल्य: ₹65,66,893.90

ईएमडी: ₹1,31,300/- पूर्णता अवधि: 12 (बारह) माह

निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 04.02.2025 को 1500 बजे

इन ई-निविदाओं के अधीन फर्म के लेटर हेड में जमा किये गये एवं समय पर प्राप्त डाक/कूरियर/फैक्स के माध्यम से भेजे गये या व्यक्तिगत रूप से जमा किये गये मैनुअल प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्तावों को अवैध माना जाएगा और उन पर कोई विचार किये बिना उन्हें तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा।

निविदा दस्तावेज पूर्ण विवरण www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

नोट: भावी बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि इस निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की जानकारी के लिए कृपया निविदा बंद होने की तिथि के 10 दिन पूर्व तक वेबसाइट को दोबारा देखें। वेबसाइट www.ireps.gov.in

मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग) वाल्टियर

PR-898/P/24-25

## लोगों के विकास के लिए कानून बनाने में तेलंगाना आदर्श है : अध्यक्ष



हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। विधानसभा अध्यक्ष गड्डाम प्रसाद कुमार ने कहा है कि तेलंगाना विधानसभा जनता के लिए कल्याणकारी योजनाओं को विकसित करने और उन्हें लागू करने तथा उन्हें कानून बनाने के लिए आदर्श है। बिहार के पटना में 85वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन (एआईपीओसी) में अपने संबोधन के दौरान उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि तेलंगाना विधानसभा महत्वपूर्ण मामलों, खासकर कृषि, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर चिकित्सा सेवाएं, सामाजिक पहल और आवश्यक सुविधाओं के प्रावधान जैसे क्षेत्रों में चर्चा को प्राथमिकता देती है।

मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि तेलंगाना विधानसभा बहुसंख्यक जनता की आकांक्षाओं के साथ जुड़ी हुई है, खासकर भू-भारती अधिनियम जैसे कानूनों के माध्यम से, जो भूमि संबंधी जानकारी के मामले में किसानों के लिए मूल्यवान है, और युवा भारत कौशल विश्वविद्यालय, जो युवा विकास पर केंद्रित है। विधानसभा अध्यक्ष ने तेलंगाना के विधायकों को भी बधाई दी है, जो संविधान की भावना का पालन करते हुए लोगों के कल्याण के लिए लाभकारी कानून बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी विधायकों को संविधान के मूल्यों का पालन करते हुए इसी भावना का पालन करना चाहिए और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक उदाहरण के रूप में खड़े होना चाहिए। सम्मेलन में विधान परिषद के सभापति गुथा सुखेंद्र रेड्डी, उपसभापति बंदा प्रकाश मुदिराज और विधानमंडल सचिव डॉ.वी नरसिम्हा चार्युलु और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## एक व्यक्ति को भूमि पर अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में किया गया गिरफ्तार

हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मोइनाबाद पुलिस ने मंगलवार को एक व्यक्ति को कथित तौर पर भूमि पर अतिक्रमण करने के आरोप में गिरफ्तार कर रिमांड पर ले लिया। सैयद बुरहानुद्दीन ने अपने साथियों के साथ मिलकर 2023 में मोइनाबाद में एक ज़मीन के टुकड़े पर अवैध रूप से कब्ज़ा कर लिया था और कुछ लोगों पर हमला किया था। तब से वह फ़रार था।

राजेंद्रनगर के डीसीपी सीएच श्रीनिवास ने बताया कि बुरहानुद्दीन ने एक ज़मीन के टुकड़े पर अवैध रूप से प्रवेश किया और सामान और दीवार को नुकसान पहुंचाया। अपने साथियों के साथ मिलकर बुरहानुद्दीन ने मौके पर मौजूद लोगों पर जान से मारने के इरादे से हमला किया।

पाँचवी पुण्यतिथि



स्व.श्री वरदारामजी आगलेचा

सुपुत्रः स्व. श्री आदारामजी आगलेचा

मरुधर मे गाँव चौकड़िया; स्वर्गवासः 22-01-2020 बुधवार

इतना स्नेह दिया आपने, जिसे नहीं हम सकते भूल।
है अर्पित पावन चरणों में, अपनी श्रद्धा के दो फूल॥

- - : श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता : - -

रुपाराम-चौथीदेवी, डुंगाराम-नाजुदेवी, दिलीप-पिंकी (पुत्र-पुत्रवधु), हंजादेवी-नारायणलालजी, प्यारीदेवी-मांगीलालजी, गंगादेवी-मोतीरामजी, संतोषदेवी-हीरारामजी, वदियादेवी-हिरालालजी, ममतादेवी-नत्थारामजी (पुत्री-दामाद), दिनेश-ममता, सुरेश-पुजा, राजेश-मोनिका (पौत्र-पौत्रवधु), रेखा, जितेन्द्र, यश, रीतिक्शा, अयान, नित्या, निधी, नीतू (पौत्र-पौत्री) एवं समस्त आगलेचा परिवार

: फर्म : तिरुमला मार्केटिंग - जिलेलगुडा बालापुर
धनलक्ष्मी इंटरप्राईजेस - न्यू हफीजपेट मियापुर
चौधरी इलेक्ट्रीकल्स - आर.सी.आई. रोड बालापुर
9490268863, 6309512745, 9985972745

P.Solankey

## मेयर ने सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ किया



हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मेयर गदवाल विजयलक्ष्मी ने कहा कि शहर में सौंदर्यीकरण पर बहुत जोर दिया गया है। मंगलवार शाम को नारायणगुडा, वाईएमसीए स्क्वायर पर मेयर गदवाल विजयलक्ष्मी ने 87.60 लाख रुपये की लागत से सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ किया। 37 लाख रुपये की लागत से की गई विद्युत लाइटों की सजावट का उद्घाटन महापौर गदवाल विजयलक्ष्मी ने किया।

इस अवसर पर बोलते हुए, मेयर ने कहा कि सार्वजनिक प्रशासन सरकार के शासन के तहत हैदराबाद शहर के आगे विकास के प्रयासों के संदर्भ में सौंदर्यीकरण कार्य जोर-शोर से शुरू किए गए हैं। उन्होंने कहा कि शहर के लोगों और हैदराबाद आने वाले पर्यटकों के लिए सौंदर्यीकरण कार्यों को कलात्मक नजरिए से देखने के लिए कदम उठाए गए हैं। ग्रेटर के विभिन्न हिस्सों में शहर के सौंदर्यीकरण के लिए फ्लाईओवर, सेंट्रल मीडियम और जंक्शनों की पहचान की गई है और युवाओं और बच्चों को प्रेरित करने के लिए कलात्मक मूर्तियां, नवीन थीम, जंक्शन सुधार पेंटिंग और पार्कों में सौंदर्यीकरण के कार्य किए गए हैं। हैदराबाद की छवि. उन्होंने कहा कि ग्रेटर हैदराबाद को देश का एक सुंदर शहर बनाने के लिए तेलंगाना सरकार ने 6 जोन के लिए कुल 149 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं।

छह जोन में मेयर ने कहा कि 149.84 करोड़ की अनुमानित लागत से 224 सौंदर्यीकरण कार्य किये गये हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों और युवाओं को प्रेरित करने के लिए सौंदर्यीकरण के कार्य किये गये हैं। उन्होंने कहा कि फ्लाईओवरों पर कलात्मक चित्रों की पेंटिंग, पार्कों, सुरक्षा दीवारों, सरकारी भवनों आदि पर थीम के साथ सौंदर्यीकरण, सेंट्रल मीडियन, एएस रेलिंग कार्य, जंक्शनों पर थीम के साथ मूर्तियां स्थापित की गई हैं। कार्यक्रम में निगमायुक्त महालक्ष्मी, जोनल कमिश्नर रवि किरण, डीसी मारुति दिवाकर एसई रत्नाकर, विद्युत ईई संतोष, ईई व अन्य शामिल हुए।

## एयरपोर्ट पर पकड़ा गया तेंदुआ:रनवे पर स्टॉफ पर किया था अटैक

मुरादाबाद, 21 जनवरी (एजेंसियां)। एयरपोर्ट के रनवे से तेंदुआ पकड़ा गया है। पिछले 20 दिनों से एयरपोर्ट के आसपास तेंदुआ देखा जा रहा था। एक दिन पहले तेंदुए ने ड्यूटी पर तैनात एसएसएफ और क्यूआरटी के जवानों पर झपट्टा भी मारा था। उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग की टीम को भी दी थी। जिसके बाद वन विभाग की टीम ने तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा और जाल बिछाया था। मंगलवार को तेंदुए पिंजरा के पास आया। उसके बाद जाल में फंस गया। वन विभाग की टीम उसे अपने साथ ले गई है।

## डिवाइडर से टकराई कार हाईवे पर ओवरटेक करने के दौरान हादसा

कानपुर, 21 जनवरी (एजेंसियां)। कानपुर के सचेंडी हाईवे पर कैब चालक के ओवरटेक करने के चक्कर में तेज रफ्तार में डिवाइडर से टकरा गई। इधर पीछे से एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी की कार के बोनट के परखच्चे उड़ गए। कार में सवार परिवार चुटहिल हो गया महिला का पैर टूट गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से गाड़ी को किनारे कराकर रास्ता साफ कराया। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। तुलसीपुर औरैया निवासी सुनील पत्नी बहन और बेटी के साथ औरैया से कानपुर देहात आए थे। यहां पर एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने के बाद सभी लोग एक कैब में बैठकर कानपुर देहात से कानपुर शहर आने के लिए निकले। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक चौहान ढाबा सचेंडी के पास कैब चालक ने एक वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी ओवरटेक करने में कार चालक डिवाइडर से टकरा गई। वहीं पीछे से आ रहे ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। कार के परखच्चे उड़ गए।

## महाकुंभ को लेकर अफवाह फैलाने वाले दो ट्विटर हैंडल्स के खिलाफ एफआईआर किए थे ये फर्जी दावे

प्रयागराज, 21 जनवरी (एजेंसियां)। महाकुंभ को लेकर भ्रामक सूचनाएं फैलाने के मामले में दो ट्विटर हैंडलर के ख़िलाफ़ एफआईआर दर्ज की गई है। महाकुंभ क्षेत्र की अखाड़ा कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई गई। बीएनएस की धारा 298 और आईटी एक्ट की धारा 67 के तहत क्रिमिनल केस दर्ज कराया गया। इंजीनियर सूरज कुमार और एडवोकेट नाज़नीन अख्तर के खिलाफ केस दर्ज किया गया। दोनों ने अपने ट्विटर अकाउंट पर महाकुंभ क्षेत्र में एक बच्ची और कुछ साधुओं की झूठी खबर बनाने वाले वीडियो पोस्ट किए थे। वीडियो के जरिए दावा यह किया था कि अखाड़े से जुड़े हुए साधु इस बच्ची को बहला फुसला कर अपने साथ ले जा रहे थे। महाकुंभ क्षेत्र की अखाड़ा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्र की शिकायत पर एफआईआर दर्ज हुई है। महाकुंभ क्षेत्र की पुलिस के दर्ज करने के बाद मामले की तफ्तीश में जुटी है।

## यूपी एसटीएफ ने एक साथ 4 बदमाश मार गिराए



शामली, 21 जनवरी (एजेंसियां)। यूपी के शामली में एसटीएफ ने 4 बदमाशों को मुठभेड़ में मार गिराया। देर रात 2 बजे एसटीएफ ने मुखबिर की सूचना पर कार से जा रहे चार बदमाशों को घेर लिया, बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में एसटीएफ ने भी फायरिंग शुरू कर दी। दोनों तरफ से 30 राउंड फायरिंग हुई। 40 मिनट तक मुठभेड़ चली। इस दौरान एसटीएफ टीम को लीड कर रहे इंस्पेक्टर सुनील के पेट में तीन गोलियां लगीं। इसके बाद एसटीएफ ने 1 लाख के इनामी अरशद समेत चारों बदमाशों को गोली मार दी। एसटीएफ घायल बदमाशों और इंस्पेक्टर को करनाल के अमृतधारा अस्पताल ले गई। जहां डॉक्टरों ने चारों बदमाशों को मृत घोषित कर दिया।
वहीं, इंस्पेक्टर की हालत को गंभीर देखते हुए गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल रेफर कर दिया। मुठभेड़ हरियाणा बॉर्डर पर स्थित थाना झिंझाना क्षेत्र में हुई। चारों बदमाश मुस्तफा कग्गा गैंग के थे। पुलिस अफसरों ने बताया कि पिछले 15 सालों में यूपी की यह सबसे बड़ी मुठभेड़ है। इससे पहले, 2004 में जौनपुर में बावरिया गिरोह के 8 बदमाश मुठभेड़ में ढेर हुए थे।

# 'बिहार में हम अपनी औकात दिखाएंगे'

## बीजेपी पर भड़के जीतन राम मांझी क्या चुनाव से पहले करेंगे खेला?



पटना, 21 जनवरी (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले एक बार फिर से प्रदेश की सियासत गरम हो गई है। इस बार हम के नेता और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने मोर्चा खोल दिया है। दिल्ली में टिकट नहीं मिलने से वह बीजेपी के खिलाफ आगबबूला हो गए हैं। उन्होंने मीडिया के सामने खुलआम ऐसी बात कह दी जो कि एनडीए खेमे के लिए शुभ संकेत नहीं है।

**भाजपा के खिलाफ बुरी तरह भड़के जीतन राम मांझी**

दरअसल, दिल्ली में चिराग पासवान और नीतीश कुमार की पार्टी को भाजपा ने सीट में हिस्सेदारी दे दी लेकिन जीतन राम मांझी को एक भी सीट नहीं दी गई। अब इसके बाद सियासी संग्राम छिड़ गया है। मीडिया ने जीतन राम मांझी से इसे लेकर सवाल पूछ दिया। फिर क्या था जीतन राम मांझी बुरी तरह भड़क गए और ऐसी बात कह दी कि भाजपा के लिए मुश्किल पैदा कर सकती है।

**बिहार में दिखाएंगे औकात**

जीतन राम मांझी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि झारखंड में भी हमारी औकात नहीं थी, दिल्ली में भी हमारी औकात नहीं है लेकिन बिहार में हम अपनी औकात दिखाएंगे। अब मांझी के बयान से एनडीए नेताओं की टेंशन बढ़ा दी है।

अब इस बयान से ऐसा लगा रहा है कि कहीं जीतन राम मांझी विधानसभा चुनाव से पहले कोई खेला नहीं कर दें। बता दें कि जीतन राम मांझी को झारखंड चुनाव में भी सीट नहीं दी गई थी जिसके बाद उस समय भी वह नाराज हो गए थे लेकिन अब जब उन्हें दिल्ली में टिकट नहीं मिला तो और अधिक नाराज हो गए।

## टीआरई-3 के सप्लीमेंट्री रिजल्ट की मांग को लेकर धरना शुरू, अभ्यर्थियों ने लगाए गंभीर आरोप




पटना, 21 जनवरी (एजेंसियां)। बिहार में एक तरफ जहां चौथे चरण में शिक्षकों के लिए 80 हजार के करीब बहाली निकलने वाली है तो दूसरी ओर भर्ती प्रक्रिया में विभाग की खामियों को लेकर अभ्यर्थियों का प्रदर्शन शुरू हो गया है। सवा महीने से पटना के गर्दनीबाग में 70वीं बीपीएससी के अभ्यर्थी अपनी मांगों को लेकर आंदोलन तो कर ही रहे थे अब टीआरई-3 के सप्लीमेंट्री रिजल्ट की मांग को लेकर शिक्षक अभ्यर्थी धरना पर बैठ गए हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि सरकार शिक्षक भर्ती के लिए टीआरई-4 की तैयारी कर रही है लेकिन टीआरई-3 का जो सप्लीमेंट्री रिजल्ट है उसको कब जारी किया जाएगा? यह पहले बताना चाहिए। जब तक सप्लीमेंट्री रिजल्ट की मांग के बारे में घोषणा नहीं की जाती है हम लोगों का आंदोलन जारी रहेगा। मंगलवार को अभ्यर्थियों ने कहा कि टीआरई-3 में कक्षा एक से 12वीं तक में करीब 61000 रिजल्ट आया। इसमें करीब 10 से 15 हजार ऐसे शिक्षक पास हुए हैं जिनका दो-दो जगह तो कहीं तीन-तीन जगह रिजल्ट आ चुका है। वह जॉइन तो एक ही जगह करेंगे। अब उन जगहों पर जो हम लोग कुछ-कुछ नंबर से पीछे रह गए हैं विभाग उनकी बहाली करे। धरना-प्रदर्शन पर बैठे शिक्षक अभ्यर्थियों ने कहा कि हम लोग मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को ईमेल कर चुके हैं। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव सहित कई अधिकारियों को आवेदन दे चुके हैं। अभी तक कोई आश्वासन नहीं मिला है।

## थाने में लगी क्लास, आईपीएस अंशिका वर्मा बनीं टीचर; पुलिसकर्मियों को सिखाया यह पाठ



बरेली, 21 जनवरी (एजेंसियां)। एसपी साउथ अंशिका वर्मा की कक्षा में फरीदपुर थाने के सभी पुलिसकर्मियों ने रायफल, पिस्टल को पूरी तरह से खोलना व जोड़ना सीख लिया। उन्होंने तब तक किसी को भी नहीं जाने दिया जब तक सभी इसे पूरी तरह से सीख नहीं गए। थाने के निरीक्षण के दौरान उन्होंने न सिर्फ यह सिखाया बल्कि साफ-सफाई और रजिस्टरों की भी जांच की।जहां कमियां दिखी उन्हें 23 जनवरी से पहले ठीक करने की चेतावनी दी है। 23 जनवरी को एसएसपी अनुराग आर्य फरीदपुर थाने का निरीक्षण करेंगे। इससे पहले ही एसपी साउथ ने थाने का निरीक्षण कर लिया। थाने में अपराध, हिस्ट्रीशीटरों के सत्यापन, साइबर अपराध समेत कई रजिस्टरों को भी चेक किया। ऑपरेशन वज्रपात की प्रगति के बारे में भी जानकारी ली। जनसुनवाई रजिस्टर चेक करने के दौरान उन्होंने कई शिकायतकर्ताओं को खुद फोन लगाकर समस्या के निस्तारण के बारे में पूछा। 300 से अधिक विवेचना लंबित मिली, इस पर नाराजगी जाहिर की। चेतावनी दी कि 23 जनवरी से पहले सब कुछ ठीक हो जाना चाहिए। शस्त्र, कारतूस व अन्य चीजों का रखरखाव सही पाया गया। मेस में भी साफ सफाई की बात कही। उनके साथ इस मौके पर सीओ आशुतोष शिवम भी मौजूद थे। उनसे उन्होंने लंबित विवेचनाओं पर विशेष ध्यान देने की बात कही है।

## संभल में पुलिस कस्टडी में हुई मौत के आरोप पर अखिलेश यादव ने बीजेपी को घेरा

# कहा अपने अंतिम दौर में है

संभल, 21 जनवरी (एजेंसियां)। जिले के नखासा थाना क्षेत्र के राया सत्ती पुलिस चौकी में कथित तौर पर हिरासत में लिए गए एक व्यक्ति की मौत हो गयी। परिजनों ने आरोप लगाया कि थाना क्षेत्र के खग्गू सराय निवासी इरफान (45) की मौत पुलिस हिरासत में हुई और पुलिस ने उसे दवा नहीं लेने दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा। अब इस पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के तहत उत्तर प्रदेश के अंदर 'हिरासत में मौत' का सिलसिला थम नहीं रहा है। हालिया मामले में संभल में पूछताछ के नाम पर घर से ले गये व्यक्ति की हिरासत में मौत होने से जनाक्रोश भड़क उठा। अन्याय करनेवाली भाजपा सरकार अब अपने अंतिम दौर में है। उधर, संभल के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कृष्ण कुमार ने बताया कि सोमवार को करीब साढ़े 11 बजे शफीक बेगम नाम की महिला ने नखासा थाना क्षेत्र के राया सत्ती पुलिस चौकी पर प्रार्थना पत्र दिया था, जिसमें उसने कहा था कि उसने इरफान (अपने भतीजे) के माध्यम से किसी को छह लाख रुपये दिए थे। हालांकि, जिस व्यक्ति को पैसे देने का दावा किया गया है, उसका कहना है कि उसे पैसे नहीं मिले हैं। पुलिस के अनुसार महिला द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों के बाद पुलिसकर्मियों को जांच के लिए मौके पर भेजा गया और इरफान (45) को पुलिस चौकी लाया गया। पुलिस ने कहा कि इरफान ने चौकी में कहा कि उसे दवा लेने की जरूरत है, जिसकी उसे अनुमति दे दी गई। पुलिस ने कहा कि इसके बाद उसने सीने में दर्द की शिकायत की तो उसे उसके बेटे के साथ पुलिस चौकी से अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत संभवतः हृदयाघात से हुई होगी।

## भूमाफिया बोर्ड है तो राजभर इस्तीफा दें

**अधिकारियों का पासपोर्ट जब्त हो वक्फ पर यूपी में गरमाई राजनीति**

लखनऊ, 21 जनवरी (एजेंसियां)। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के वक्फ बोर्ड को लेकर दिए गए एक बयान के बाद से बवाल मचा हुआ है। अब इसको लेकर एआईएमआईएम प्रवक्ता असीम वकार ने जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड की जमीन को हड़पने और उसपर कब्जा करने के लिए बोर्ड को बदनाम किया जा रहा है। बोर्ड के खिलाफ साजिश की जा रही है। एआईएमआईएम नेता ने योगी सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर से इस्तीफा मांग लिया है। इसके साथ ही असीम वकार ने शिया-सुन्नी वक्फ बोर्ड के अधिकारियों का पासपोर्ट जब्त कर जांच कराने की मांग की है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कोई अधिकारी घोटाला करके हिंदुस्तान छोड़कर भागने की तैयारी में तो नहीं है। असीम वकार ने कहा कि सीएम योगी ने अपने अधीन आने वाले वक्फ बोर्ड को भूमाफिया बोर्ड तक कह दिया है।


# बिहार के डीजीपी ने जारी किया नया ऑर्डर

## पुलिस अधिकारियों की मनमानी पर लगेगी रोक



पटना, 21 जनवरी (एजेंसियां)। बिहार पुलिस मुख्यालय में डीजीपी के आदेश के बाद पुलिस अधिकारियों की मनमानी पर ब्रेक लग जाएगी। दरअसल, डीजीपी ने पदस्थापित पदाधिकारियों व कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वह कर्तव्य निर्वहन के दौरान जिंस-टीशर्ट जैसे परिधान न पहनें। ड्यूटी के दौरान निर्धारित वर्दी या परिधान में ही रहें। डीजीपी विनय कुमार के आदेश के बाद बिहार पुलिस मुख्यालय ने इस बाबत सभी महानिदेशक, अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उप-महानिरीक्षक आदि को पत्र लिखा है। दरअसल, डीजीपी ने हाल ही में महानिदेशक नियंत्रण कक्ष और सोशल मीडिया सेंटर का भ्रमण किया था। इस दौरान पाया गया कि कई पदाधिकारी और कर्मी जिंस, टी-शर्ट एवं अन्य परिधान धारण किए हुए हैं, जबकि सरकारी कर्मियों के लिए सिविल ड्रेस एवं वर्दी निर्धारित है। इसके बाद डीजीपी ने इस बाबत आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि प्रायः ऐसा देखा जा रहा है कि पुलिस मुख्यालय के विभिन्न प्रभागों में पदस्थापित एवं प्रतिनियुक्त पदाधिकारी व कर्मी अपने कार्यस्थल पर सरकार द्वारा निर्धारित परिधान (सिविल अथवा वर्दी) का धारण नहीं कर रहे हैं। अतः निर्देश दिया जाता है कि बिहार पुलिस मुख्यालय में पदस्थापित एवं प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारी और कर्मी कर्तव्य निर्वहन के दौरान सरकार द्वारा निर्धारित परिधान एवं वर्दी ही धारण करें। मालूम हो कि पुलिस मुख्यालय में सोमवार एवं शुक्रवार को पुलिसकर्मियों के लिए वर्दी धारण करना अनिवार्य है।

## सीमा हैदर के भैया आ रहे प्रयागराज, महाकुंभ में दीदी-जीजा की तरफ से चढ़ाएंगे ये चढ़ावा



गाजियाबाद, 21 जनवरी (एजेंसियां)। सीमा हैदर और सचिन मीणा एक बाद फिर से चर्चा में हैं। उन्होंने महाकुंभ को लेकर इच्छा जताई कि वो संगम नगरी में 51 लीटर गाय का दूध चढ़ाएंगे। लेकिन सीमा इस वक्त प्रेग्नेंट हैं। इसलिए वो महाकुंभ आ नहीं सकतीं। सचिन भी उनकी देखभार में लगे हैं। सीमा ने बताया कि मेरे भैया यानि वकील एपी सिंह महाकुंभ जा रहे हैं। मंगलवार को उनकी तरफ से वकील एपी सिंह 51 लीटर गाय का दूध महाकुंभ में अर्पित करेंगे। सीमा हैदर 2023 में अपने चार बच्चों को लेकर नेपाल के रास्ते अवैध तरीके से भारत आई थीं। फिलहाल वो अपने दूसरे पति सचिन मीना के साथ ग्रेटर नोएडा में रहती हैं। उनके पहले पति गुलाम हैदर ने सीमा के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवा रखा है। सीमा के खिलाफ फिलहाल कोर्ट में केस चल रहा है।

# छपरा में इस जगह चला बुलडोजर

## 3 घंटे तक खड़े रहे अधिकारी; देखते रह गए लोग



छपरा, 21 जनवरी (एजेंसियां)। छपरा में नगर प्रशासन दिघवारा द्वारा सोमवार को मुख्य बाजार के सड़क व दुकानदारों द्वारा अतिक्रमित स्थल को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। नगर प्रशासन की चेतावनी के बाद बड़ी संख्या में दुकानदारों ने खुद ही अतिक्रमित हिस्सा को छोड़ दिया था तो कई दुकानदारों ने अपने दुकानों के सामने अवैध रूप से बनाए गए अपने छज्जे व शेड आदि को हटा लिया था। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी रोशन कुमार, सीओ मिट्ठू प्रसाद व अपर थानाध्यक्ष टिंकू कुमार की मौजूदगी में मुख्य बाजार को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। उससे आम लोगों को राहत मिलती दिखी। इससे पूर्व दोपहर दो बजे से मुख्य बाजार में अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई शुरू की गई जो शाम पांच बजे तक चली। तीन घंटे तक चले इस अभियान में कार्यपालक पदाधिकारी समेत नगर पंचायत की पूरी टीम को मुस्तैद देखा गया। इस दौरान प्रशासन के आदेश की अवहेलना करने वाले दो सब्जी विक्रेताओं के तराजू जब्त कर लिए गए तो वहीं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वाले चार दुकानदारों पर 900 रुपए का आर्थिक दंड लगाया गया। ईओ श्री कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सड़क से निर्धारित दूरी पर रखकर ही सामानों को बेचा जा सकता है। जिला परिषद के दुकानदार अपने आवंटित स्थान पर ही दुकान लगाएंगे। सड़क का अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के खिलाफ नगर प्रशासन सख्ती से पेश आएगा। आदेश की अवहेलना करने वाले दुकानदारों के अतिक्रमित हिस्से को जल्द ही जेसीबी से हटाया जाएगा।

# 'प्रियंका गांधी को खून की जरूरत होगी तो याद करके देख लें

## बता देंगे की भाई बहन का रिश्ता कैसा होता है?' वायनाड सांसद पर नगीना एमपी चंद्रशेखर आजाद का बड़ा बयान



नगीना, 21 जनवरी (एजेंसियां)। लोकसभा सीट से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कांग्रेस पार्टी और राहुल व प्रियंका गांधी से रिश्तों को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि वो प्रियंका गांधी (वायनाड सांसद) को अपनी बहन मानते हैं और उनके लिए अपना खून तक देने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि मैं आज भी उन्हें बहन और दीदी ही बोलता हूं। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के मुखिया ने अपनी पार्टी और आगे की रणनीति को लेकर बात की। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस पार्टी के साथ अपने रिश्तों पर भी खुलकर बोला। नगीना सांसद से जब ये पूछा गया कि उनका राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के साथ उनके कैसे रिश्ते हैं। इसके जवाब में उन्होंने कहा कि वो प्रियंका गांधी को बहन मानते हैं।

**प्रियंका गांधी को लेकर दिया बड़ा बयान**

चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि मैं आज भी प्रियंका गांधी को दीदी और बहन बोलता हूं।।। और उनको कभी खून की भी जरूरत होगी तो याद करके देख लें, बता देंगे की भाई बहन का रिश्ता कैसा होता है? इसके बाद उन्होंने आगे कहा कि मैं देश की किसी भी बेटी के लिए जिसकी रक्षा सुरक्षा या मैं कोई मदद कर सकता हूं मैं उसके लिए 24 घंटे खड़ा रहूंगा। एक निजी चैनल को दिए साक्षात्कार में जब आसपा मुखिया से इस दौरान जब उनकी पार्टी का कांग्रेस के साथ विलय को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि दोनों पार्टियों के मिलने से मकसद पूरा नहीं है। हमारा वैचारिक आंदोलन अलग है। दरअसल चंद्रशेखर आजाद पर साल 2023 में हमला हुआ है।

उनकी कार पर गोली चलाई गई थी, जिसमें एक गोली उनकी कमर को छूते हुए निकल गई थी। इस घटना के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तब कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने उनसे अस्पताल में जाकर मुलाक़ात की थी और उनका हालचाल जाना था। जिसके बाद से ही उनकी कांग्रेस से करीबी को लेकर चर्चाएं शुरू हो गईं थी। हालांकि लोकसभा चुनाव में उन्होंने अकेले चुनाव लड़ा लेकिन कांग्रेस चंद्रशेखर आजाद को इंडिया गठबंधन में शामिल करने के हक में थी।

# यूपी में फिर बदलेगा मौसम, अगले दो दिन आंधी-तूफान के साथ बारिश का अलर्ट



लखनऊ, 21 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में पिछले दो दिनों में सर्दी में कमी आई है, खिली-खिली धूप निकली जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। लेकिन, अब एक बार फिर से मौसम बदलने जा रहा है। प्रदेश में दो नए पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो रहे हैं जिसका असर दिखाई देगा।

मौसम विभाग ने अगले दो दिन नोएडा, गाजियाबाद समेत कई जिलों में बारिश का अनुमान जताया गया है। जबकि पूर्वी यूपी के ज्यादातर हिस्सों में घने कोहरे अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर प्रदेश में आज मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इस दौरान पश्चिमी यूपी के अलग-अलग स्थानों पर छिछला से मध्यम कोहरा छाए रहने की संभावना है। इस दौरान 20-30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से सतही हवाएं चलने से ठंड की सरसराहट महसूस होती रहेगी, पूर्वी यूपी के कई जिलों में घना कोहरा छाये रहने की संभावना है।

**दो दिन बारिश और कोहरे का अलर्ट**

बुधवार से वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर पश्चिमी यूपी के कई जिलों में दिखाई देगा। इस दौरान तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है। यहां पर कहीं-कही बार मेघ गर्जन के साथ बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है। गुरुवार तक प्रदेश में ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान जताया गया है। इसके बाद एक बार फिर से ठंड कम होने लगेगी।

अगले दो दिन में न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। हालांकि कोहरे की मार से राहत मिलते नहीं दिख रही है। यूपी में आज बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, कुशीनगर और देवरिया में कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया गया है। जबकि बुधवार को नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, बागपत, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, अमरोहा, हापुड़, अलीगढ़, हाथरस, मथुरा, आगरा और फिरोजाबाद में तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है और कई जगहों पर वज्रपात की चेतावनी दी गई है।


## लंदन से बागपत पहुंचा परिवार, फोटो देखकर ढूंढा जन्म स्थान, नहीं मिला तो हुए भावुक

बागपत, 21 जनवरी (एजेंसियां)। भारत भ्रमण पर आया लंदन का एक परिवार बागपत के बड़ौत शहर में पहुंच गया और 60 साल पुराने फोटो के आधार पर अपना जन्मस्थान गिरिजाघर देखा, लेकिन गिरिजाघर के स्थान पर उन्हें मकान और दुकान बने हुए मिले, जिन्हें देखकर परिवार के सदस्य भावुक हो गए। परिवार के साथ आयी एक महिला ने बताया कि परिवार के कई सदस्यों का जन्म वर्ष 1940 व 1960 के बीच इसी गिरिजाघर में हुआ था, जहां अब मकान व दुकान बने हुए हैं। लोगों की भीड़ से घिरता देख परिवार के सदस्य दिल्ली लौट गए। आजकल लंदन का एक परिवार भारत भ्रमण पर आया हुआ है, जिनमें एक महिला, दो युवती, दो युवक और एक चार-पांच महीने का मासूम बच्चा है। परिवार के सदस्य टूर गाइड के साथ शाम बागपत के बड़ौत शहर में पहुंचे और अपने साथ लेकर आए 60 साल पुराने फोटो के आधार पर अपना जन्म स्थान गिरिजाघर ढूंढने का प्रयास किया। परिवार के सदस्यों को मौके पर जन्मस्थान नहीं मिला बल्कि वहां मकान और दुकान बने हुए हैं। महिला ने बताया कि वर्ष 1940 व 1960 के बीच उनका परिवार यहीं पर गिरिजाघर में रहा करता था और कई सदस्यों का जन्म भी यहीं पर हुआ है। परिवार के सदस्यों के साथ एक महिला अपने साथ 60 साल पुराना एक फोटो भी लिए थे, जिसमें एक छोटी बच्ची कुर्सी पर बैठे अपने परिवार के किसी बुजुर्ग के साथ खड़ी दिखाई दे रही है। इस फोटो को महिला बड़ौत के बिनौली रोड पर गिरिजाघर का होना बता रही थी। महिला ने टूर गाइड के माध्यम से लोगों को जानकारी दी कि वर्ष 1940 से 60 तक उनका परिवार यही पर गिरिजाघर में रहा करता था और परिवार के कई सदस्यों का जन्म स्थान यही हुआ है। परिवार के सदस्यों को जब जन्मस्थान नहीं मिले तो वह फोटो देखकर भावुक हो गए। उन्होंने लोगों से कहा कि अच्छा लगता कि उन्हें अपना जन्मस्थान देखने को मिला। इसी बीच लोगों की बढ़ती भीड़ देखकर परिवार गाड़ी में बैठकर दिल्ली के लिए रवाना हो गया। इस दौरान परिवार के सदस्यों और टूर गाइड ने मीडिया से दूरी बनाए रखी। बस इतना बताया कि वह लंदन से भारत आए थे और अपना जन्म स्थान देखना चाहते थे।

## समस्तीपुर जंक्शन पर बेहोश मिले दंपती

समस्तीपुर, 21 जनवरी (एजेंसियां)। जंक्शन पर मंगलवार सुबह एक दंपती बेहोशी की स्थिति में मिले है। शक है कि उन्होंने जहर खाया है। हालांकि, कहा ये भी जा रहा है कि दोनों नशाखुरानी का शिकार हुए हैं। क्योंकि उनके पास कोई सामान भी नहीं हैं। उनकी पहचान विभूतिपुर थाना क्षेत्र के टभका गांव के रहने वाले गणेश पासवान और उनकी पत्नी के रूप में की गई है। रेलवे कर्मी और जीआरपी की ओर से उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यहां से उन्हें डीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। उसके साथ दो बच्चे भी हैं। बच्चों का कहना है कि उनके माता-पिता के बीच झगड़ा हुआ था। घटना की सूचना पर जीआरपी थाना अध्यक्ष बीपी आलोक के नेतृत्व में पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# निजीकरण की आँधी में क्या बह जाएगा पोस्ट ऑफिस भी !



अशोक भाटिया

आज देखा जाय तो चाहे बड़े शहर हों, छोटे शहर हों, गांव हों या गांव। हर जगह का पोस्ट ऑफिस आम आदमी के लिए स्नेह का स्थान बन जाता है। क्यों? इसलिए यह विभाग जनता को कई अंतरंग सेवाएं प्रदान करता है। आम जनता के बीच डाक विभाग के साथ अंतरंगता विकसित करने का पहला कारण विश्वसनीयता है, चाहे वह पत्र हो या पैसा; वे किसी भी क्षेत्र, यहां तक कि दूरदराज के क्षेत्रों तक पहुंच जाएंगे। दूसरा कारण है कुछ सेवाओं की मामूली या बहुत सस्ती दरें। इसके थोड़ा भावुक होने का तीसरा कारण है पोस्ट ऑफिस की सरलता। पोस्ट ऑफिस को ध्यान में लाइए। कर्मचारियों की समग्र बुनियादी संरचना सादगी में देखी जाएगी। आम आदमी के मानसिक, भावनात्मक और व्यावहारिक जीवन के साथ पोस्ट ऑफिस के रिश्ते का एक सांस्कृतिक पहलू रहा : 'बुक पोस्ट'! सरकार द्वारा 18 दिसंबर, 2024 को डाकघर अधिनियम, 2023 के तहत दशकों पुरानी सेवा बंद कर दी गई थी, जिसने निमंत्रण, शादी के कार्ड, ग्रीटिंग कार्ड, पैम्फलेट, बुकलेट और सबसे महत्वपूर्ण, सभी प्रकार की पुस्तकों को रियायती दर पर भेजने की अनुमति दी थी। मुद्रित पाठ के साथ कोई लिखित पाठ नहीं होना चाहिए, और मुद्रित आइटम को एक लिफाफे में बंद नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन खुला होना चाहिए। किताबें समाज की उन्नति में बड़ी भूमिका निभाती हैं। किताब पढ़ने के परिणाम तत्काल नहीं होते हैं। लेकिन किताबें एक परिपक्व समाज के निर्माण की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। किताब पढ़ने के लाभ व्यापक, दूरगामी हैं। विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला पर पुस्तकें सूचना, विचारों के ज्ञान और मनोरंजन के माध्यम से समाज को प्रबुद्ध करती हैं। हालांकि, कुछ लोग आश्चर्यचकित हो सकते हैं कि पुस्तकों का महत्व सर्वविदित है। बुक पोस्ट सेवा बंद होने से किताबों के प्रसार पर क्या बड़ा फर्क पड़ेगा? ये सच है कि कूरियर सेवा ने बहुत सारे पैर फैलाए हैं। बहुत से लोग इस सेवा का उपयोग करते हैं। फिर भी पद के महत्व का एक कारण वित्तीय है और दूसरा देश के हर कोने में फैले डाक खातों का नेटवर्क है। पत्र, पैसा, किताबें देश के किसी भी कोने से आ और पहुंच सकती हैं। डाक विभाग दूरस्थ क्षेत्रों के रूप में सेवाएं प्रदान करने से इनकार नहीं कर सकता है। कूरियर सेवा दूरस्थ क्षेत्रों की सेवा के लिए बाध्य नहीं है। दूसरा प्रश्न यह है कि जब पुस्तकें भेजने के लिए डाक की पार्सल सेवा है तो पुस्तक डाक सेवा बंद करने से पुस्तक प्रसार पर क्या विपत्ति आएगी? - वास्तविक प्रश्न लागत का है। 250 ग्राम की एक पुस्तक की कीमत 250 ग्राम की पुस्तक के लिए बीस रुपये और 1 किग्रा वजन की पुस्तक के लिए 40 रुपये होती थी। तो यह एक किलो के लिए 92 रुपये होगा, जो अंतर के दोगुने के करीब है और हमारे पास एक पाठक वर्ग है जो इस बढ़ी हुई लागत के कारण किताबों से दूर जाना अपरिहार्य बना देगा। पुस्तक डाक सेवा दशकों पहले शैक्षिक, सूचनात्मक, वैचारिक और दिलचस्प पुस्तकों के लिए समाज के कमजोर वर्गों तक पहुंचना आसान बनाने के व्यापक उद्देश्य के साथ शुरू की गई थी। बुकपोस्ट सेवा बंद होने से पुस्तकों के बारे में हतोत्साहित हो सकता है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में। गौरतलब है कि आज देश भर में निजीकरण की जो आँधी चल रही है, जिसमें सभी सरकारी सेवाओं का बहुत तेजी से निजीकरण हो रहा है। भारतीय डाक विभाग में भी यह प्रक्रिया काफ़ी पहले से ही शुरू हो गई थी, लेकिन लगता है कि सरकार ने अब इसे पूरी तरह से प्राइवेट कोरियर कंपनियों को सौंपने का अपना मन बना लिया है। हाल ही में डाक विभाग ने सस्ती रजिस्टर्ड बुक पोस्ट सेवा समाप्त कर दी है तथा इसे एक नया नाम दिया गया है, जिसकी दरें पार्सल से तो कम होंगी, लेकिन अब तक जारी बुक पोस्ट के मुक़ाबले क़रीब ढाई से तीन गुना ज़्यादा होगी। अभी पिछले साल ही नवम्बर में सभी डाक सेवाओं पर 18% जीएसटी लगा दिया गया था, जिससे डाक से पुस्तकें भेजना पहले ही से काफ़ी महंगा हो गया था। कहने की ज़रूरत नहीं है कि अब छोटे प्रकाशकों, पुस्तक विक्रेताओं, लेखकों और सम्पादकों के लिए किताबें डाक से भेजना बहुत मुश्किल हो गया है । इसका सबसे ज़्यादा प्रभाव छोटे और गैर-व्यवसायिक प्रकाशकों और पत्र-पत्रिकाओं पर पड़ रहा है, जो पहले ही से कागज़ और छपाई की अत्यधिक मूल्यवृद्धि के कारण बेतहाशा बढ़ती कीमतों से जूझ रहे हैं। वैसे यह होना बहुत आश्चर्यजनक नहीं है , क्योंकि देश भर में जो निजीकरण की आँधी चल रही है, उसमें रेलवे तथा बैंकिंग सेक्टर की तरह लम्बे समय से भारतीय डाक विभाग का भी निजीकरण करके उसे पूर्णतः प्राइवेट कंपनियों को सौंपने का उपक्रम लगातार जारी है। एक तरफ़ कीमतें बढ़ाई जा रही हैं, दूसरी तरफ़ पिछले कुछ सालों से डाक सेवाओं को पूरी तरह से तबाह किया गया है। नयी नियुक्तियाँ बिलकुल बंद हैं। अधिकाधिक काम ठेकों पर कराए जा रहे हैं, इसलिए कर्मचारियों पर काम का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। भारतीय डाक सेवा की स्थापना के क़रीब 170 साल बीत गए। 1 अक्टूबर 1854 को तत्कालीन भारतीय वायसराय लार्ड डलहौजी ने इस सेवा को केन्द्रीकरण किया था, उस वक्त ईस्ट इंडिया कंपनी के अंतर्गत आने वाले 701 डाकघरों को मिलाकर भारतीय डाक विभाग की स्थापना हुई थी। वारेन हेस्टिंग्स ने कोलकाता में प्रथम डाकघर वर्ष 1774 में स्थापित किया था। अंग्रेजी राज में ही पूरे देश में डाक सेवा का जाल बिछाया गया। सूदूर ग्रामीण, पर्वतीय और रेगिस्तानी इलाक़ों तक में डाकघरों की स्थापना की गई। आज़ादी के बाद डाक और टेलीग्राम सेवा का काफ़ी विस्तार हुआ। लद्दाख में देश के अंतिम गाँव तक ; जहाँ आबादी बहुत कम है, वहाँ भी डाक-तार विभाग की स्थापना की गई। दुर्गम पर्वतीय इलाक़ों में जहाँ की आबादी बहुत कम है, वहाँ भी पत्र पहुँचाने पोस्टमैन जाते थे। गाँव में तो पोस्टमैन से एक आत्मीय रिश्ता तक बन जाता था, क्योंकि जब साक्षरता कम थी, तब पोस्टमैन ही चिट्ठी लिखते भी थे और पढ़कर सुनाते भी थे। सुख-दुःख की ख़बर पहुँचाने के लिए टेलीग्राम की बहुत उपयोगिता थी, हालाँकि 14 जनवरी 2013 को टेलीग्राम सर्विस बंद कर दी गई। इसके लिए यह तर्क दिया गया कि मोबाइल और ई-मेल आ जाने के बाद इसकी उपयोगिता अब समाप्त हो गई है, हालाँकि बहुत से विकसित देशों तक में यह सेवा अभी भी चल रही है। पहले बहुत ज़रूरी कागज़ात रजिस्टर डाक से भेजे जाते थे। मैं खुद वसई से दिल्ली के अख़बारों में छपने के लिए लेख साधारण लिफाफे में रखकर भेज देता था। वह दो-तीन दिन में पहुँच जाता था,शायद ही कोई पत्र गायब हुआ हो। दिल्ली में एक लेखक और सम्पादक बता रहे थे कि दिल्ली में एक दिन में दो बार पत्र बाँटे जाते थे। रक्षाबंधन और नववर्ष के अवसर पर राखियाँ तथा शुभकामना संदेश पहुँचाने के लिए अस्थायी पोस्टमैन तक रखे जाते थे। आज हालात ये हैं कि रजिस्टर्ड डाक दिल्ली तक में दो-तीन दिन में मिलती है। जब स्पीड पोस्ट की शुरूआत हुई,तब यह कहा गया कि देश के किसी भी कोने में पत्र 24 घंटे में पहुँच जाएगा। उस समय रात में भी स्पीड पोस्ट पहुँचाने के लिए घरों तक डाक विभाग की गाड़ी आती थी। अब रजिस्टर्ड पोस्ट और स्पीड पोस्ट में कोई अन्तर नहीं रह गया है। अब चौबीस घंटे तक छोड़िए, दो-तीन दिन तक एक ही शहर में स्पीड पोस्ट पहुँच जाए, तो बहुत बड़ी बात है। अकसर ऐसा होता है कि रजिस्टर पैकेट पोस्ट ऑफिस में पड़े रहते हैं, पोस्ट ऑफिस से पता लगता है कि इसको वितरित करने वाला पोस्टमैन नहीं है, आप चाहें तो आकर अपने पैकेट ले जाएँ। मैं तो अकसर अपने पैकेट लेने के लिए पोस्ट ऑफिस जाता हूँ। टेक्नोलॉजी का विकास होने के साथ-साथ निश्चित रूप से लोग पत्र कम लिख रहे हैं, फिर भी डाकघर का महत्त्व अभी भी कम नहीं हुआ है। सरकारी और प्राइवेट सेक्टर की ढेरों डाक सामग्री डाकघरों से जाती हैं, लेकिन सरकार ने योजना के तहत अब डाक विभाग की स्थिति ऐसी कर दी है कि अब तो सरकारी विभाग भी डाकघरों से मुख मोड़ रहे हैं और अपनी सामग्री प्राइवेट कोरियर सर्विस से भेज रहे हैं। आजकल अधिकांश सरकारी और प्राइवेट बैंक चेकबुक-एटीएम आदि सामग्री प्राइवेट कोरियर सर्विस से ही भेज रहे हैं। धीरे-धीरे ऐसा माहौल बनाया जा रहा है कि डाक सेवाओं का पूरी तरह से निजीकरण कर दिया जाए। अब सरकार का सारा ध्यान डाकघर के बैंकिंग सेक्टर पर है, इससे सम्बन्धित ढेरों योजनाएँ आ रही हैं तथा बचे-खुचे कर्मचारी उसी के कामों में लगे रहते हैं।

## दुर्लभतम मामला क्यों नहीं?

कोलकाता कोर्ट के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास ने बहुचर्चित आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल बलात्कार एवं हत्या मामले के दोषी संजय रॉय को उम्रकैद की सजा सुनाई है। जबकि जांच एजेंसी सीबीआई ने रॉय को फांसी दिए जाने की मांग की थी। जज ने इसे 'रेयरेस्ट ऑफ रेयर' नहीं माना है। बता दें कि देश में फांसी की सजा उसी को दी जाती है जिसे 'दुर्लभतम मामले का दोषी पाया जाता है। ऐसे में सवाल लाजमी है कि आखिर 'रेयरेस्ट ऑफ रेयर' केस होता क्या है। 'रेयरेस्ट ऑफ रेयर' का सिद्धांत एक कानूनी नियम है, जो तय करता है कि फांसी की सजा कब देनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने बेचन सिंह बनाम पंजाब राज्य (1980) केस में इसे बनाया था। इस सिद्धांत के अनुसार, फांसी सिर्फ बेहद भयानक, क्रूर या असाधारण अपराधों में दी जानी चाहिए। ऐसे अपराध जो समाज की सामूहिक अंतरात्मा को झकझोर देता हो। बेचन सिंह केस से पहले भारतीय दंड संहिता यानी आईपीसी की धारा 302 के तहत हत्या और अन्य जघन्य अपराधों के लिए फांसी दी जाती थी। लेकिन, यह तय करने का कोई तरीका नहीं था कि फांसी कब देनी है। बेचन सिंह बनाम पंजाब राज्य ने 'दुर्लभतम मामलों' के सिद्धांत को फांसी की सजा देने के लिए एक दिशानिर्देश के रूप में स्थापित किया। कोर्ट ने जोर दिया कि फांसी सिर्फ तभी दी जानी चाहिए जब उम्रकैद की सजा 'निश्चित रूप से असंभव' हो। मच्छी सिंह बनाम पंजाब राज्य (1983) में, सुप्रीम कोर्ट ने इस सिद्धांत को और समझाया। कोर्ट ने बताया कि कौन से मामले 'दुर्लभतम' होते हैं। इसमें अपराध करने का तरीका, अपराध का मकसद, अपराध की भयावहता और अपराधी का व्यक्तित्व शामिल हैं। यह सिद्धांत उन मामलों में लागू होता है जहां अपराध इतना भयानक होता है कि वह अन्य जघन्य अपराधों से भी अलग दिखाई देता है। फांसी की सजा तभी दी जानी चाहिए जब कोई और सजा न्याय के लिए पर्याप्त न हो। अगर अपराधी के सुधार की थोड़ी सी भी संभावना है, तो फांसी की बजाय उम्रकैद की सजा देनी चाहिए। कोर्ट ने कुछ मामले को 'दुर्लभतम' बताया है। जैसे, अगर अपराध करने का तरीका बेहद क्रूर, घिनौना या शैतानी हो, हत्या से पहले या बाद में पीड़ितों के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया हो। अगर अपराध बच्चों, महिलाओं या बुजुर्गों जैसे कमजोर व्यक्तियों के खिलाफ किया गया हो। रेयरेस्ट ऑफ रेयर क्या है, यह व्याख्या पर निर्भर करता है, जिससे अलग-अलग फैसले हो सकते हैं। यह सिद्धांत जजों के व्यक्तिगत फैसले पर बहुत ज्यादा निर्भर करता है, जो उनकी निजी मान्यताओं या सामाजिक संदर्भ के आधार पर अलग-अलग हो सकता है। भारत में कुछ 'दुर्लभतम' मामले प्रसिद्ध हैं। 2012 का निर्भया गैंगरेप केस, जिसमें दिल्ली में एक युवती के साथ क्रूर सामूहिक बलात्कार और हत्या हुई, जिससे व्यापक आक्रोश फैला। सुप्रीम कोर्ट ने इसे 'दुर्लभतम' मामला बताते हुए आरोपियों के लिए फांसी की सजा बरकरार रखी। के. प्रभाकरन बनाम केरल राज्य (1999) में, आरोपी को बच्चों सहित एक परिवार की हत्या के लिए फांसी की सजा सुनाई गई थी। धनंजय चटर्जी बनाम पश्चिम बंगाल राज्य (1994) में एक सुरक्षा गार्ड ने एक स्कूली छात्रा के साथ बलात्कार किया और उसकी हत्या कर दी। 2004 में उसे फांसी दी गई। 26/11 के मुंबई हमलों के एकमात्र जीवित आतंकवादी अजमल कसाब को सामूहिक हत्याओं में उसकी भूमिका के लिए फांसी की सजा सुनाई गई थी। हालांकि 'रेयरेस्ट ऑफ रेयर' का डॉक्ट्रीन फांसी के इस्तेमाल को कम करने के लिए है, भारत में अभी भी फांसी की सजा दी जाती है। कोर्ट अक्सर उम्रकैद की सजा देते हैं। लेकिन, इस पर बहस जारी है कि क्या भारत को कई अन्य देशों की तरह फांसी की सजा पूरी तरह खत्म कर देनी चाहिए या इसे जघन्य अपराधों के खिलाफ एक निवारक के रूप में रखना चाहिए। सजा खत्म करने के पक्षधरों का तर्क है कि उम्रकैद ही काफी है।

# दुनिया की नजरें अब अमेरिका पर



सुनील महला

अमेरिका के इतिहास में 20 जनवरी 2025 का दिन एक नया व ऐतिहासिक दिन लेकर आया।डोनाल्ड ट्रंप ने इस दिन अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। डोनाल्ड ट्रंप ने दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ ली है। वहीं, जेडी वेंस ने अमेरिका के 50वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली है। उल्लेखनीय है कि शपथ लेते ही ट्रंप ने चीन को बड़ा ट्रेलर दिया है और यह कहा है कि वे पनामा नहर वापस लेंगे। उन्होंने यह भी कहा है कि अमेरिका मंगल ग्रह पर अपना झंडा फहराना चाहता है। उन्होंने सरकारी सिस्टम में कट्टरवादी सोच का पूरी तरह से खात्मा किए जाने की भी बात कही है। ड्रग स्मगलिंग पर उन्होंने कहा है कि अब ड्रग स्मगलरों को आतंकवादी माना जाएगा। इतना ही नहीं, ट्रंप ने अमेरिका में सबको बोलने की पूरी आजादी देने, यहां रंगभेद और सेंसरशिप को खत्म करने, मेक्सिको बार्डर पर सेना लगाने(घुसपैठ रोकने के लिए नेशनल इमरजेंसी लगाने), विदेशी आतंकवादी संगठनों को पूरी तरह से खत्म करने(आतंकवाद के खिलाफ जीरो टोलरेंस की नीति), अमेरिका को ग्रेट बनाने के साथ समृद्ध बनाने, भारत के साथ मजबूत दोस्ती निभाने के साथ ही इस संकल्प को दोहराया है कि उनकी पॉलिसी अमेरिका फर्स्ट है तथा अब अमेरिका का स्वर्णिम युग शुरू होने वाला है।

कहना ग़लत नहीं होगा कि अमेरिका के लिए ये पल काफी खास है क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप पहले से कहीं ज़्यादा शक्तिशाली होकर ओवल ऑफ़िस में वापस लौटे हैं। उनकी रिपब्लिकन पार्टी बहुमत के साथ सत्ता में वापस आई है। वास्तव में, उन्होंने एक ऐसा सफर तय किया है जिस दौरान उनके ऊपर दो बार हमला किया गया। पाठकों को बताता चलूं कि उनके राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रम्प द्वारा सौ से अधिक आदेशों पर हस्ताक्षर होंगे। कहना ग़लत नहीं होगा कि इन कार्यकारी आदेशों में कानूनी ताकत निहित होने के कारण इनको संसद द्वारा पलटा जाना भी संभव नहीं होगा। इतना जरूर है कि इन्हें अदालत में कानूनी रूप से चुनौती जरूर दी जा सकती है।

ट्रम्प ने सत्ता संभालने से पहले ही अपना दृष्टिकोण(विजन) और प्रशासन की प्राथमिकताएं अमेरिका वासियों के सामने रख दी हैं। सच तो यह है कि हाल फिलहाल ट्रंप दक्षिणी सीमा मैक्सिको को सील करने के प्रति कृतसंकल्पित लग रहे हैं ताकि घुसपैठ से लेकर अवैध व्यापार को रोका जा सके। कहना ग़लत नहीं होगा कि ट्रंप शुरू से ही अमेरिकी लोगों को अमेरिका में गैर-कानूनी ढंग से ठहरे प्रवासियों के सामूहिक निर्वासन का भी दिलासा देते रहे हैं। निश्चित ही इस दिशा में वे काम करेंगे। अमेरिका में महिला खेलों में ट्रांसजेंडर को रोकना भी ट्रंप के समक्ष एक बड़ी चुनौती है। इतना ही नहीं, पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण के नाम पर ऊर्जा की खोज पर लगते प्रतिबंधों पर अमरीका का स्टैंड, सरकारी नौकरशाही और लालफीताशाही में सुधार करना भी उनके एजेंडे में शामिल दिखता है। ट्रंप अमेरिका के आर्थिक संकटों ,मांग की सुस्ती, निवेश में मंदी की समस्याओं पर भी निश्चित ही ध्यान देंगे। कहना ग़लत नहीं होगा कि पिछले दिनों अमेरिका में आग लगने की जो घटनाएं हुई हैं , उन्होंने अमेरिका के लोगों में दहशत पैदा की है। इन सभी समस्याओं पर भी ट्रम्प प्रशासन को ध्यान देना होगा। बहरहाल, यहां सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि ट्रंप के भारत के साथ संबंध कैसे रहेंगे ? अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ तो भारत के मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं। सवाल यह उठता है कि क्या ट्रम्प और मोदी के संबंधों में वह बेहतर माहौल नजर आएगा, जो उनके सामाजिक व्यवहार में दिखाई देता है ?

भारतीय विदेश मंत्री डॉ जयशंकर अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर शामिल हुए हैं। पाठकों को बताता चलूं कि कुछ समय पहले ही भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर और अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने बेंगलुरु में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास का उद्‌घाटन किया था। इस दौरान जयशंकर ने भारत-अमेरिका के संबंधों में आ रही नजदीकी का जिक्र किया था। उन्होंने ऐलान किया था कि भारत जल्द ही लॉस एंजिल्स में अपना कांसुलेट खोलेगा। हाल फिलहाल, 20 जनवरी को ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भारत ने विदेशमंत्री एस. जयशंकर को शपथ ग्रहण समारोह में विशेष रूप से भेजा है ताकि दोनों देशों के संबंधों में और अधिक मजबूती आ सके। अब यह उम्मीद की जा सकती है कि कुछ समय बाद ट्रम्प भी भारत आएंगे और उस समय क्वाड देशों का सम्मेलन भी आयोजित किया जा सकता है जिसका सदस्य अमेरिका भी है। अमेरिका भारत को विश्व की एक बड़ी मंडी के रूप में देखता आया है और उम्मीद की जा सकती है ट्रंप के सत्ता संभालने के बाद दोनों देशों के बीच आपसी संबंधों को मजबूती मिलेगी।

कहना ग़लत नहीं होगा कि डोनाल्ड ट्रम्प के शानदार नेतृत्व में विश्व के सबसे शक्तिशाली और सबसे बड़े लोकतंत्र (भारत) के आपसी संबंधों को अब नई ऊंचाईयां मिलेंगी। हालांकि, ट्रंप के विरोधी उन्हें लोकतंत्र के लिए बड़ा खतरा तक बता चुके हैं, लेकिन इन सबके बावजूद राष्ट्रपति चुनाव में उनकी प्रभावी जीत हुई है और अमेरिका के लोगों के साथ ही भारत समेत दुनिया के अनेक देश ट्रंप के सत्ता संभालने के बाद काफी आशान्वित व सकारात्मक दिख रहे हैं। अच्छी बात यह भी है कि सत्ता संभालते ही उन्होंने देश की जनता के समक्ष अपने पहले सौ फैसलों का ब्लूप्रिंट रखा है, लेकिन इनका क्रियान्वयन ट्रंप प्रशासन के एक चुनौती होगा। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज चीन दुनिया में लगातार एक उभरती हुई शक्ति बनता चला जा रहा है। चीन का तेज उभार अमेरिका की एकध्रुवीयता के लिए कहीं न कहीं एक बड़ा खतरा बन सकता है। हाल फिलहाल, ट्रंप ने फ्लोरिडा के सीनेटर मार्को रुबियो को विदेश मंत्री और माइकल वाल्ट्स को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनाया है। पाठकों को बताता चलूं कि ये दोनों ही चीन विरोधी और भारत समर्थक हैं। इससे यह समझा जा सकता है कि ट्रंप के इरादे क्या हैं।

गौरतलब है कि डोनाल्ड ट्रम्प के व्हाइट हाउस में दूसरे कार्यकाल संभालने के बाद दुनिया भर में अनिश्चितता का माहौल गहराता जा रहा है क्योंकि ट्रंप को दुनिया 'टैरिफ मैन' के रूप में जानती है। पाठकों को बताता चलूं कि अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में दूसरे कार्यकाल के चुनावी अभियान के दौरान डोनाल्ड ट्रम्प ने सभी आयातों पर 10 फीसदी और चीन से होने वाले आयात पर 60 फीसदी के भारी भरकम टैरिफ का प्रस्ताव रखा था। वास्तव में, चीन व दूसरे देशों पर भारी आयात शुल्क संबंधी ट्रंप के इरादे बेहद चिंताजनक हैं, क्योंकि इससे पूरी दुनिया पर व्यापार युद्ध का खतरा मंडराने लगेगा। सच तो यह है ट्रंप की ब्रिक्स देशों पर सौ फीसदी टैरिफ की चेतावनी भारत के लिए चिंता की बात हो सकती है। इतना ही नहीं हमास-इजरायल, ईरान, रूस-यूक्रेन युद्ध भी अमेरिका के लिए एक बड़ी चुनौती रहेगी।

# न सुशासन, न रोजगार सिर्फ फ्रीबीज की बौछार

कमलेश पांडेय

राजनीतिक दलों के द्वारा चुनावों के समय मतदाताओं के लिए एक से बढ़कर एक 'फ्रीबीज' की जो बौछारें हो रही हैं, वह वोटर्स को 'रिश्वत' नहीं तो और क्या है, इसे समझना जरूरी है । वहीं, जिन राजनीतिक दलों ने अपने चुनावी वायदों के अनुपालन में कोताही बरती, उनके खिलाफ क्या कार्रवाई होनी चाहिए, यह भी स्पष्ट नहीं है । इसलिए वायदे करो और फिर मुकर जाओ या फिर आधे-अधूरे पूरे करो, कोई पूछने वाला नहीं है ! तभी तो राजनीतिक दलों की बल्ले-बल्ले है। चूंकि दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 का शोर मचा हुआ है, इसलिए इन फ्रीबीज की चर्चा पुनः आवश्यक है ताकि मतदाता जागरूक हो सकें। कहने को तो दिल्ली को छोटा हिन्दुस्तान और दिल वालों का शहर कहा जाता है, लेकिन पिछले 10-12 वर्षों में यहां जितनी राजनीतिक दिलग्गी हुई, वह बात किसी से छुपी हुई नहीं है। चाहे केंद्र में सत्तारूढ़ बीजेपी और एनडीए हो या फिर राज्य में सत्तारूढ़ आप और इंडिया गठबंधन, जिससे कभी आप जुड़ती है तो कभी 'तलाक' ले लेती है। और देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस जो अपने नेतृत्व वाले गठबंधन या फिर अपने द्वारा समर्थित गठबंधन का अपनी सुविधा के अनुसार 'गला मरोड़ने' में माहिर समझी जाती है, ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में राजनीतिक किंतु-परन्तु की सारी हदें पार कर चुकी हैं।चूंकि इन राजनीतिक दलों ने खुद के लिए कोई आदर्श राजनीतिक नियम और उसके निमित्त बाध्यकारी कानून नहीं बनाकर रखे हैं, या फिर नाममात्र को बनाए हुए हैं, जिसकी व्याख्या ये लोग अपने मनमुताबिक कर लेते हैं, इसलिए इनकी सारी राजनीतिक हरकतें जायज समझी जाती हैं। वहीं, इनको तोहफा या सजा बस जीत-हार के माध्यम से जनता जनार्दन ही देती आई है। यहां भी वह मतदाता दलित-महादलित, पिछड़ा-अत्यंत पिछड़ा, सवर्ण-गरीब सवर्ण, आदिवासी-अल्पसंख्यक, महिला-पुरूष, युवा-बुजुर्ग, किसान-मजदूर, कामगार या पूंजीपति आदि इतने खानों में विभाजित है कि उनकी फूट डालो और शासन करो की नीति अक्सर सफल होती आई है। शायद इसलिए जनता, सरकार और सुशासन के मुद्दे गौण पड़ जाते हैं और फ्रीबीज की चर्चा घर-घर पहुंचकर चुनावी खेल कर देती है। ऐसे में सुलगता हुआ सवाल है कि सुशासन से लेकर रोजगार के मोर्चे पर विफल हो चुकीं जनतांत्रिक सरकारों के द्वारा जिस तरह से फ्रीबीज की घोषणाएं की जा रही हैं, क्या यह देश की आर्थिक व्यवस्था यानी अर्थव्यवस्था के लिहाज से उचित है या फिर अनुचित है? यदि अनुचित है तो इससे बचने का रास्ता क्या है? देखा जाए तो कबीलाई युग से लोकतांत्रिक सरकार तक मनुष्य की पहली जरूरत शांति और सुरक्षा है ताकि वह मेहनत करते हुए अपना जीवन निर्वाह कर सके और इस देश-दुनिया को बेहतर बनाने में अपने हिस्से का योगदान दे सके हालांकि ऐसे सुशासन की गारंटी न तो तब मिली थी और न अब मिली हुई है।

शासक-प्रशासक बेहतर हो तो क्षणिक सुख-शांति संभव है, अन्यथा जलालत ही मानवीय सच है। याद दिला दें कि एक जमाने में जो राजनीतिक दल शिक्षा और स्वास्थ्य के बजट में कटौती दर कटौती करते चले गए कि राजकोषीय घाटे को पाटना है! और अब उन्हीं के द्वारा जब फ्रीबीज की वकालत हो रही है तो इस सियासी तिकड़म को समझना भी दिलचस्प है। चाहे संसदीय चुनाव हो या विधान मंडलीय चुनाव, या फिर स्थानीय चुनाव, होने तो 5 साल में ही हैं। इसलिए जैसे तैसे चुनावी वायदे करके सरकार बना लो, इसी घुड़दौड़ में सभी राजनीतिक दल जुटे हुए हैं।अब लोगों की दिलचस्पी न तो आजादी के तराने सुनने में है, न ही हिंदुत्व की माला जपने में। समाजवाद से लेकर वामपंथ तक अपने ही राजनीतिक हमाम में नंगे हो चुके हैं। ऐसे में कांग्रेस विरोधी 'सम्पूर्ण क्रांति' की सफलता-विफलता के लगभग चार दशक बाद हुई दूसरी कांग्रेस विरोधी 'अन्ना हजारे क्रांति' की सफलता से उपजी आम आदमी पार्टी ने जो फ्रीबीज की सियासी लत लगाई और दिल्ली से पंजाब तक कांग्रेस-भाजपा का सफाया कर डाला , उससे दोनों पार्टियों ने शुरुआती आलोचनाओं के बाद आप के सियासी एजेंडे को ही अपनाने में ही अपनी भलाई समझी और परवर्ती सफलता भी पाई। हिमाचल प्रदेश से कर्नाटक तक कांग्रेस की विजय और हरियाणा से उड़ीसा तक भाजपा की जीत इसी बात की नजीर व साक्षी दोनों है। यही वजह है कि भाजपा नीत एनडीए, आप नीत संभावित तीसरा मोर्चा और कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन ने दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में एक-दूसरे को मात देने के लिए अपने-अपने फ्रीबीज के सियासी घोड़े खोल रखे हैं। कौन क्या दे रहा है, इसकी चर्चा सर्वत्र हो रही है।

# राहुल गांधी का संदेश, एकजुट हैं सामाजिक न्याय की ताकतें

कुमार कृष्णन

कांग्रेस नेता राहुल गांधी इस बार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर हमलावर हैं। इस बार उनके निशाने पर सीधे संघप्रमुख मोहन भागवत हैं। दरअसल मोहन भागवत ने एक बयान में वह सब कह दिया जो संघ वर्षों से कहता तो आया है लेकिन जब बात सार्वजनिक रूप से कहने या संवैधानिक मंच से स्वीकारने का अवसर आता है तो संगठन या तो मुकर जाता है या अपनी लाइन बदल देता है। 15 अगस्त, 1947 को भारत आजाद हुआ था और स्वतंत्र भारत का नीति-नियामक ग्रंथ भारतीय संविधान है, यह सभी जानते हैं परन्तु संघ का हमेशा से कुछ अलग ही विचार रहा है। संविधान सुरक्षा सम्मेलन के लगाने राहुल गांधी ने चुनावी बिगुल फूंक दिया। बिहार लंबे अरसे से सामाजिक न्याय की लड़ाई का केंद्र है। भाजपा की शुरू से कोशिश रही है कि बिहार और उत्तर प्रदेश में विपक्ष कमजोर रहे। बिहार आ कर राहुल गांधी ने यह संदेश देने की कोशिश की कि सामाजिक न्याय की ताकतें कमजोर नहीं हुई हैं, बल्कि पहले की तरह एकजुट है। पटना में 'संविधान सुरक्षा सम्मेलन' में बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि हम चाहते थे कि जैसे हर जगह गंगा का पानी बहता है, वैसे ही संविधान की विचारधारा भी देश के हर व्यक्ति, हर संस्था तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि भारत को आजादी 15 अगस्त 1947 को नहीं मिली थी। अगर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत कह रहे हैं कि भारत को आजादी 15 अगस्त 1947 को नहीं मिली तो वह भारत के संविधान को खारिज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान में कहां लिखा है कि भारत की सारी संपत्ति केवल दो या तीन लोगों के हाथों में जानी चाहिए। आज के भारत में विधायकों और सांसदों के पास कोई शक्ति नहीं है। जब मैं बीजेपी के उन सांसदों से मिलता हूं जो पिछड़े समुदाय से हैं, दलित हैं, आदिवासी हैं तो वो कहते हैं कि हमें पिंजरे में बंद कर दिया गया है। राहुल ने कहा कि जैसे हमारा संविधान इस हॉल के कोने-कोने तक पहुंच गया। वैसे ही हम संविधान को हिंदुस्तान के कोने-कोने तक पहुंचाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि संविधान सिर्फ किताब नहीं है। इस किताब में हजारों साल की सोच है। इसमें हिंदुस्तान की सोच है। इस संविधान में भगवान बुद्ध, नारायण गुरु जी, बसवन्ना जी, फुले जी, गांधी जी, अंबेडकर जी की आवाज है। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं, इसमें दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों के साथ हुए अन्याय का दुख-दर्द भी है। हमारे संविधान ने इस दर्द को कम करने का काम किया है। जाति जनगणना की अपनी मांग पर कायम रहेंगे, यह विकास योजनाओं के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों और दलितों को राजनीतिक प्रतिनिधित्व तो मिला लेकिन उनके पास कोई शक्ति नहीं है।

# रिटायर्ड आदमी का दर्द



डॉ टी महादेव राव

पैंतीस साल की लंबी सरकारी सेवा की थकान के बाद जब से मैं रिटायर हुआ हूँ, मुझे दोपहर की झपकी लेना बहुत मुश्किल लगता है, जिसका मैं हमेशा से बड़े मीठे मीठे सपने देखा करता था, वैसे ही जैसे युवक युवतियां शादी के सुनहरे सपने देखते हैं। यह अलग बात है कि शादी के बाद सपने और हक़ीक़त में जमीन आसमान का फ़र्क उन्हें पछतावा देता है। कुछ दस बीस मिनटों के अंतराल में दरवाज़े की घंटी लगातार बजती रहती थी जैसे त्यौहारों और पूजा पाठ के समय मंदिर की घंटियां बजती रहती हैं। घर-घर जाकर सामान बेचने वाले सेल्समैन की भीड़ अपार्टमेंट कॉम्प्लेक्स में उतर आती थी। इसलिए मैंने दोपहर में अपने फ़्लैट के बाहर कार्ड बोर्ड से बना 'डू नॉट डिस्टर्ब' बोर्ड अपने हाथों से लिखकर टांग दिया। फिर भी अगले दिन घंटी बजी। पड़ोस का एक बूढ़ा जानना चाहता था इसका क्या मतलब है? मैंने बताया और पिंड छुड़ाया। एहतियाती उपाय के तौर पर, मैंने बोर्ड का दायरा बढ़ाकर अंग्रेजी के साथ साथ हिंदी, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगु संस्करण शामिल कर दिया, क्योंकि हमारा समाज कॉस्मोपॉलिटन सोसाइटी जो था। इन्हीं भाषाओं को बोलने वाले हमारे अपार्टमेंट में रहते थे। सोचा अब कोई दिक्कत नहीं होगी। नींद में खलल भी नहीं पड़ेगी लेकिन मेरी यह सोच आकाश कुसुम हो गई। लोग खुद तो शांत नहीं रहते हैं और लोगों को भी सुकून से जीने नहीं देते। अगली दोपहर घंटी फिर बजी। एक सेल्समैन वहाँ होटल के बाहर दरबान की तरह आधा झुककर बड़े अदब से खड़ा था। "सर, यहां बदसूरत हाथ से लिखे बोर्ड क्यों हैं? मेरे पास सुंदर प्लास्टिक फोल्डेबल बोर्ड है, जिस पर सभी भारतीय भाषाओं में संदेश छपा हुआ है। सिर्फ़ ढाई सौ रुपये में सर। मैंने वह बहुभाषी बोर्ड एक खरीदा और अपने दरवाज़े के बाहर लटका दिया। अगले दिन से ही मेरी नींद में खलल डालने वाले बहुत से कॉलिंग बेल बजाने वाले आ गए। एक-एक करके वे आए, बोर्ड की तारीफ़ करते हुए बोले और जानना चाहते थे ₹बोर्ड कहाँ उपलब्ध है। उन्हें भी ऐसा ही एक बोर्ड चाहिए था। जब उपद्रव बढ़ता गया, तो मैंने चुपचाप बोर्ड को मोड़कर अटारी में रख दिया। फिर भी कॉल करने वाले आते रहे और पूछते रहे बोर्ड का क्या हुआ, क्या वह चोरी हो गया? पुलिस में कंप्लेंट किया? आप नया बोर्ड क्यों नहीं लगवा लेते? आजकल, मैं दोपहर में बिल्कुल भी नहीं सोता। अच्छी तरह जान गया हूं कि दोपहर को सोना अपने भाग्य में नहीं लिखा है। सो मैंने सभी भारतीय भाषाओं में डु नॉट डिस्टर्ब बोर्ड बनाने वाली कंपनी में सेल्समैन के तौर पर काम करना शुरू कर दिया है और अब मुझे दोपहर की नींद ले रहे लोगों को परेशान करने में बहुत मज़ा आ रहा है।

# दुर्वासा के शाप से देवताओं से छीन गया था स्वर्ग

## देवराज इंद्र ने किया था दुर्वासा के उपहार का अपमान, गुस्से में दुर्वासा मुनि ने इंद्र को दे दिया था शाप

किसी के उपहार का कभी भी अपमान नहीं करना चाहिए, ये बात दुर्वासा मुनि और देवराज इंद्र की पौराणिक कथा से समझ सकते हैं। दुर्वासा ऋषि का गुस्सा बहुत तेज है, छोटी-छोटी बातों में ही उन्हें बहुत ज्यादा क्रोध आ जाता था। दुर्वासा गुस्से में किसी को भी नहीं छोड़ते थे।





एक दिन भगवान विष्णु ने दुर्वासा मुनि को फूलों की दिव्य माला भेंट में दी। भगवान ने उपहार दिया तो दुर्वासा ने उसे अपने पास रख लिया। जब वे विष्णु जी के यहां से लौट रहे थे, तब उन्हें रास्ते देवराज इंद्र दिखाई दिए। इंद्र ऐरावत हाथी पर बैठे हुए थे।

इंद्र और दुर्वासा ने एक-दूसरे को देख लिया। दुर्वासा जी ने सोचा कि देवराज इंद्र त्रिलोकपति हैं, भगवान विष्णु की ये दिव्य माला मेरे किस काम की, ये मैं इंद्र को भेंट में दे देता हूं। दुर्वासा ऋषि ने वो माला इंद्र को उपहार में दे दी। देवराज ने माला ले तो ली, लेकिन वे राजा थे और हाथी पर बैठे हुए थे। एक राजा की तरह उनमें भी अहंकार था।

इंद्र ने सोचा कि इस सामान्य सी माला का मैं क्या करूंगा? मेरे पास तो वैसे ही कई दिव्य मालाएं हैं। ऐसा सोचकर इंद्र ने वह माला अपने हाथी के ऊपर डाल दी। जबकि इंद्र को एक संत के द्वारा दी गई माला का सम्मान करना था। ऐरावत हाथी ने अपनी सुंड ऊपर की और वो माला पकड़कर नीचे डाल दी और फिर अपने पैरों के नीचे कुचल दी। दुर्वासा मुनि ने ये सब देखा तो उनका क्रोध भड़क गया। क्रोधित होकर दुर्वासा ने कहा कि इंद्र मैं तुझे अभी शाप देता हूं कि तेरा राज्य चला जाएगा, तेरा वैभव भी चला जाएगा और तू श्रीहीन हो जाएगा। दुर्वासा जी के शाप के कारण ऐसा ही हुआ। देवताओं पर असुरों ने आक्रमण कर दिया, जिसमें देवता पराजित हो गए। देवराज इंद्र को स्वर्ग से भागना पड़ा। इसके बाद सभी देवता त्रिदेवों के पास पहुंचे। ब्रह्मा जी ने देवताओं को समझाया कि ये सब दुर्वासा जी के अपमान का परिणाम है। आपको दुर्वासा जी का अपमान नहीं करना था।

**प्रसंग की सीख**

**इस प्रसंग में संदेश दिया गया है कि कभी भी अपने माता-पिता, गुरु, संत-महात्मा और विद्वानों का, उनके उपहार का अपमान नहीं करना चाहिए, वर्ना रिश्ते बिगड़ सकते हैं, जीवन में परेशानियां आ सकती हैं।**

# कुंभ नगरी, तीर्थो के राजा प्रयागराज का नामकरण कैसे हुआ



महाभारत, स्कन्द पुराण, मत्स्य पुराण, ब्रह्म पुराण आदि पुराण एवं प्राचीन ग्रंथों में प्रयागराज के नामकरण एवं महिमा का उल्लेख मिलता है।

महाभारत के वन पर्व में कहा गया है कि गंगा, यमुना, सरस्वती के त्रिवेणी संगम पर पुरातन काल में जीवों के स्वामी पितामह ब्रह्मा ने यज्ञ किया था, अतः यज्ञ भूमि होने के कारण विष्णु, महेश आदि देवताओं ने उसका 'प्रयाग' नामकरण किया।

स्कन्दपुराण में भी 'प्र' एवं 'याग' से युक्त इस प्रयाग स्थली को समस्त यज्ञों के लिए उत्तम स्थान निरूपित किया गया है, स्कन्द पुराण में आगे वर्णित है कि उत्कृष्ट यज्ञ-यागादि और दान-दक्षिणादि से परिपोषित (सम्पन्न) देखकर विष्णु भगवान एवं शंकर जी सहित देवताओं ने इसका 'प्रयाग' नामकरण किया ।

'मत्स्यपुराण' में प्रयाग को अन्य तीर्थों की तुलना में अधिक महत्वपूर्ण एवं उत्कृष्ट माना गया है।

'ब्रह्मपुराण' में यज्ञ-यागादि और इस पुण्य के सर्वथा उपयुक्त अर्थात प्रधानता के कारण 'प्रयाग' और प्रकृष्टता के कारण 'राज' यादि प्रयागराज या तीर्थराज शब्द से समन्वित किया गया है।

विभिन्न पुराणों, प्राचीन ग्रंथों एवं धर्मशास्त्रों में प्रयाग की महिमा का व्यापक रूप से वर्णन किया गया है। इस शहर को काफी लोग इसके पुराने नाम इलाहाबाद के नाम से भी जानते हैं, इलाहाबाद कहिए या फिर प्रयागराज, इस शहर की गरिमा एवं महिमा वेद-पुराण सब गाते हैं। तीर्थराज की महिमा का वर्णन करने के लिए पौराणिक मुनि, महात्मा, संतों ने पृथक रूप से 'प्रयाग माहात्म्य' का निरूपण किया है। विभिन्न प्रकार के ऐश्वर्य एवं भोगों और जीवात्मा को मुक्ति देने वाले इस प्रयागराज के कल्याणकारी माहात्म्य का ऋषि मार्कण्डेय मुनि वर्णन करते हुए कहते हैं, 'जितने भी विष्णु, शंकर, ब्रह्मा आदि देवता, ऋषि-मुनि, सरिताएं, सागर, तपस्वी, गन्धर्व और अप्सराएं हैं, वे सब इस प्रयागराज में विद्यमान हैं।

# यूपी का 500 साल पुराना मंदिर, जो करता है पूरे गांव की रक्षा, आज तक नहीं हुई किसी को कोई बीमारी!





यूपी के सहारनपुर में कई सारे मंदिर हैं। नकुड़ विधानसभा के गांव अध्याना में बने लगभग 500 साल पुराना त्रिपुर मां बाला सुंदरी मंदिर तो बहुत खास है। यह मंदिर हजारों लोगों का आस्था का केंद्र है। ग्रामीणों का कहना है कि मां बाला सुंदरी की गांव अध्याना सहित सैकड़ों गांव के लोगों पर असीम कृपया बनी हुई है। गांव अध्याना में आज तक किसी भी प्रकार की कोई भी बीमारी नहीं आई है।

**मां बाला सुंदरी मंदिर की गांव पर कृपा**

कोरोना काल में भी यहां के लोग बिना मास्क के आराम से रहते थे और किसी को कोरोना भी नहीं हुआ था। साथ ही अध्याना गांव घाड़ क्षेत्र का होने के चलते यहां से कुछ ही दूरी पर यमुना भी बहती है। जिसके चलते प्रतिवर्ष बाढ़ की स्थिति बन जाती है। लेकिन मां बाला सुंदरी की गांव अध्याना पर असीम कृपा रही है कि आज तक इस गांव को यमुना के पानी ने छुआ तक नहीं।

**भक्त माता को चढ़ाते हैं चोला**


ग्रामीणों का मानना है कि एक बार जब यमुना अपने विशाल रूप में थी तब मां बाला सुंदरी मंदिर को छूकर पानी वापस लौट गई थी। मान्यता यह भी है कि आसपास के गांव में जब भी कोई बच्चा जन्म लेता है तो उसके परिवार के लोग मां बाला सुंदरी के यहां पर पहुंचकर चोला चढ़ाते हैं। मां बाला सुंदरी को बच्चों से काफी प्यार है इसलिए इस गांव के अधिकतर बच्चे सरकारी नौकरियों पर हैं। धीरे-धीरे यह मंदिर विलुप्त हो रहा था लेकिन ग्रामीणों ने पैसे इकट्ठा कर इस मंदिर का निर्माण कार्य कराया।

इस मंदिर में दूर-दूर से लोग अपनी मनोकामनाओं को लेकर आते हैं और मनोकामनाएं मां बाला सुंदरी पूर्ण भी करती है तो विशाल भंडारे का आयोजन भी करते हैं।

**गांव वालों ने बताया 500 साल पुराना है मंदिर**

पूर्व प्रधान प्रीतम सिंह ने लोकल 18 से बात करते हुए बताया कि उनके गांव में 500 साल से भी पुराना मां बाला सुंदरी का मंदिर है। पहले यहां शिवलिंग हुआ करता था फिर धीरे-धीरे ग्रामीणों ने पैसे इकट्ठे कर इस मंदिर का निर्माण कार्य कराया और इसमें शिवलिंग के साथ-साथ मां बाला सुंदरी स्थापित हुई। मान्यता है कि इस मंदिर में विराजमान मां बाला सुंदरी की इस पूरे गांव पर असीम कृपा है।

# दूसरों की मदद के लिए तैयार रहते हैं अंगूठे पर तिल वाले जातक



**अंगूठे पर तिल**

अंगूठे पर तिल होने का मतलब है कि व्यक्ति स्वभाव से सहायक होता है और हमेशा दूसरों की मदद करता है। अगर तिल अंगूठे के पहले हिस्से पर है, तो यह दर्शाता है कि व्यक्ति को पिता से सुरक्षा और आशीर्वाद मिलता है। वहीं, दूसरे हिस्से में तिल होने पर परिवार के साथ अच्छे रिश्ते होते हैं और तीसरे हिस्से में तिल होने पर व्यक्ति समाज में लोकप्रिय होता है।

**इंडेक्स फिंगर पर तिल**

अगर आपकी इंडेक्स फिंगर पर तिल है, तो यह दर्शाता है कि आप अपने परिवार और रिश्तेदारों के प्रति सहायक हैं और अपने जीवनसाथी के साथ अच्छा संबंध रखते हैं। इस उंगली पर तिल होने का यह भी मतलब है कि आप प्रतिस्पर्धी स्वभाव के हैं और जीवन में सफलता पाने के लिए रिस्क उठाने से नहीं कतराते।

**बीच वाली उंगली पर तिल**

बीच वाली अंगुली में तिल होने पर व्यक्ति अपनी छवि को बेहतर ढंग से प्रस्तुत करता है और अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह से निभाता है। इस उंगली पर तिल होने से यह भी संकेत मिलता है कि व्यक्ति रिश्तों को अहमियत देता है। अगर तिल उंगली के पहले हिस्से में है, तो व्यक्ति ईमानदार और सच्चा होता है, जबकि मध्य भाग में तिल होने पर जिम्मेदार और रिश्तों में ईमानदार होता है। तीसरे हिस्से में तिल होने से व्यक्ति अपनी शादीशुदा जिंदगी को प्राथमिकता देता है।

## अनमोल वचन

जो व्यक्ति ज़िंदगी में तप के निकला है वो जानता है की उसके पास किस तरह का अनुभव है ।

संसार में सबकुछ ख़त्म धीरे – धीरे ही होता है पर उसको जानने में लोगो को सैंकडो साल लग जाते है ।

जब तक हो सके मौन रहना सीखिए क्योकि जहाँ बोलना है वहाँ आप अच्छे से ख़ुद को व्यक्त कर सके ।

लक्ष्य का आपका कब पूरा होगा किसी को नहीं पता बस ज़रूरत है उसे पूरा करने की बीच में कभी ना हटे ।

व्यक्ति को अपनी दिनचर्या पर ख़ास ध्यान देना चाइए क्योकि इससे ही व्यक्ति आगे बढ़ सकता है ।

# 1, 2 या 3 नहीं, कई पीढ़ियों तक सताता है पितृ दोष

## छुटकारा पाने के लिए महाकुंभ अच्छा अवसर, बस करना होगा ये उपाय



किसी भी व्यक्ति के जीवन में आने वाली परेशानियों का मतलब सिर्फ पैसा ही नहीं होता है। पितृ दोष भी एक बड़ा कारण हो सकता है। इसलिए किसी भी जातक की कुंडली में पितृ दोष लगने से जीवन में परेशानियों का अंबार लग सकता है। यदि आप पितृ दोष के मुक्ति पाना चाहते हैं तो महाकुंभ एक बेहतर अवसर हो सकता है। ऐसे में महाकुंभ जाएं तो वहां कुछ उपाय कर सकते हैं। आइए जानते हैं इन उपायों के बारे में-

माना जाता है कि, यदि पितृ नाराज हो जाएं, तो ऐसे में जातक की कुंडली में पितृ दोष लग सकता है। इससे व्यक्ति के जीवन में परेशानियां बढ़ सकती हैं। पितृ दोष न केवल उस व्यक्ति तक सीमित रहता है बल्कि आने वाली कई पीढ़ियों को प्रभावित कर सकता है। इससे छुटकारा पाने के लिए तमाम उपाय करते हैं, लेकिन महाकुंभ पितृ दोष के मुक्ति पाने का एक बेहतर अवसर हो सकता है। ऐसे में महाकुंभ जाएं तो वहां पितृ दोष से मुक्ति के लिए भी कुछ उपाय कर सकते हैं।

संगत तट पर श्राद्ध कर्म करेंः ज्योतिषाचार्य के मुताबिक, पितृ दोष से मुक्ति पाने के लिए आप महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में संगम तट के किनारे गंगा स्नान के बाद श्राद्ध कर्म कर सकते हैं। इससे पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है और जातक का पितृ शांत होते हैं। जिससे आपको पितृ दोष से राहत मिल सकती है।

पितरों को जल अर्पित करेंः धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, महाकुंभ में स्नान करने मात्र से साधक को कई अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। वहीं पितृ दोष से मुक्ति के लिए महाकुंभ में स्नान करने के दौरान थोड़ा-सा गंगाजल हाथ में लें और पितरों को इसे अर्पित कर प्रणाम करें। साथ ही अपनी गलतियों के लिए क्षमा याचना मांगें।

काले तिल अर्पित करेंः अर्यमा को पितरों का देव कहा जाता है। इसलिए महाकुंभ स्नाना के बाद अर्यमा की पूजा करें और उनको काला तिल अर्पित करें। ऐसा करने से पितर खुश होते हैं। इसके अलावा आपके वंश को देव अर्यमा और पितर दोनों का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

ग्रहों को मिलेगी शांतिः ज्योतिषाचार्य की मानें तो पितृ पक्ष के समय आप पूजा में काले तिल का उपयोग करते हैं तो कुंडली से त्रिग्रही दोष शांत होते हैं। काले तिल से राहु, केतु और शनि ये तीनों ग्रह शांत हो जाते हैं और इनका दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है।

# कभी कभी गलत बना घर भी क्यों नहीं करता नुकसान

घर में सुख शांति और बरकत के लिए वास्तु अनुरूप निर्माण जरूरी होता है। कई बार कई लोगों के घर का निर्माण वास्तु अनुरूप न होने पर भी उनको दिक्कत नहीं आती और वो फिर वास्तु को बेकार का मिथक बताने लगते है। दरअसल, आपके घर और आपकी कुंडली का भी संबंध होता है। जो ग्रह हमारी कुंडली में प्रभावित करते हैं, उनका आपके घर में भी एक निर्धारित स्थान होता है जिसे पद कहते है।

अब होता क्या है कि जैसे आपके घर में चंद्रमा का स्थान दूषित है। लेकिन, फिर भी गृह स्वामी को कोई परेशानी नहीं आ रही। इसका सीधा मतलब ये है कि कुंडली में चंद्रमा बहुत मजबूत है। चूंकि कुंडली के ग्रह चलायमान होते हैं और घर अडिग है। ऐसे में जब चंद्रमा कुंडली में कमजोर होगा तब घर का चंद्रमा का दूषित स्थान हावी हो जाएगा और दिक्कत शुरू हो जाएगी।

दरअसल, घर का निर्माण हमारे शास्त्रों में उल्लेख है। जो पुराने भवन निर्माण मिस्त्री होते थे उन्हें इन सबका पूरा ज्ञान था।

आज के इंजीनियर से कई गुना अधिक वे जानकार थे। यही कारण था कि पुराने महलों, किलों और पुरानी हवेलियों में सब कुछ वास्तु सम्मत होता था। जो अब देखने को नहीं मिलता।

आज भी कई जगह पुरानी ज्ञान शक्ति को संजोए रखने वाले कारीगर है जो ये बता देते हैं कि घर में कहां रसोई होगी, कहां टॉयलेट होगा, कहां पानी का टैंक बनेगा और कहां पूजा घर होगा।

हमारी तो आपको यही सलाह है कि आप अपने घर के निर्माण में लाखों रुपए खर्च करते हैं तो कम से कम वास्तुशास्त्री के निर्देशन में नक्शा और निर्माण कराएं। इस पर कुछ हजार का खर्च तो होगा लेकिन मान कर चलिए की आपका जीवन बहुत आनंदमय रहेगा।

# क्या बद्रीनाथ में नहीं भौंकते कुत्ते? बारिश होती है लेकिन नहीं गरजते बादल




आप कभी न कभी बद्रीनाथ मंदिर या बद्रीनाथ धाम गए होंगे। नहीं भी गए तो इस पवित्र तीर्थस्थल के बारे में सुना जरूर होगा। यदि आप बद्रीनाथ मंदिर के दर्शन के लिए गए होंगे तो हो सकता है बारिश भी हुई होगी। मंदिर के आसपास या परिसर में कुत्ते भी दिखे होंगे, लेकिन क्या आपने उस दौरान किसी भी कुत्ते को भौंकते देखा या सुना है?

बारिश होने से पहले क्या कभी आपने बादल को गरजते सुना है? दरअसल, हम आपसे ऐसे सवाल इसलिए पूछ रहें, क्योंकि ऐसी मान्यता है कि बद्रीनाथ धाम में कभी भी कुत्ते नहीं भौंकते।

बिजली नहीं कड़कती, बादल नहीं गरजते। आखिर क्या है इसके पीछे कारण? इन बातों में कितनी सच्चाई है, क्या इसके पीछे कोई धार्मिक मान्यता जुड़ी हुई है या कोई वैज्ञानिक कारण है? जानते हैं यहां...

**कहां है बद्रीनाथ मंदिर?**

देश के चार धामों में प्रसिद्ध बद्रीनाथ धाम एक ऐसा धार्मिक तीर्थ स्थल है, जहां नर-नारायण दोनों ही मिलते हैं। बद्रीनाथ मंदिर के दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालु हर साल पहुंचते हैं। यह उत्तराखंड के चमोली जिले के अलकनंदा नदी के तट पर स्थित है। यहां बद्रीनाथ धाम में विष्णु भगवान की पूजा की जाती है। बद्री नाथ धाम का कपाट खुलने पर यहां भक्तों की भीड़ देखते ही बनती है।

**कब जाएं बद्रीनाथ की यात्रा पर**

यहां जाने के लिए बेस्ट मौसम गर्मी का है। यहां आप मई से लेकर नवंबर के बीच जा सकते हैं। साथ ही मई और जून, सिंतबर-अक्टूबर में बर्फबारी कम होती है, इसलिए इन महीनों में भी जाना बेस्ट माना जाता है। ठंड के मौसम में यहां का तापमान 1 से 14 डिग्री सेल्सियस रहता है।

**बद्रीनाथ में क्यों नहीं भौंकते कुत्ते?**

मोटिवेशनल स्पीकर भागवताचार्य देशमुख वशिष्ठ जी महाराज के अनुसार, यह बात सच है कि बद्रीनाथ में आपको कभी भी कुत्ता भौंकता नजर नहीं आएगा। इतना ही नहीं, यहां बिजली चमकेगी, लेकिन कड़केगी नहीं, बादल बरसेगा लेकिन गरजेगा नहीं। कभी भी बद्रीनाथ में न बादल गरजता है और ना ही बिजली कड़कती है, ना ही वहां के कुत्ते भौंकते हैं। इसके पीछे कारण ये है कि भगवान श्री हरी नारायण श्रीमन नारायण बदरीनाथ धाम में ध्यान मुद्रा में ध्यान लगा रहे हैं।

ऐसे में प्रकृति भी उनके ध्यान में सहयोग कर रही है। उनके ध्यान को भंग नहीं करना चाहती। दूसरी जगह पहले बादल गरजते हैं फिर बरसते हैं, लेकिन बद्रीनाथ में बादल तो खूब आएगा लेकन कभी भी वह गरजेगा नहीं। ऐसा इसलिए, क्योंकि प्रकृति भी नहीं चाहती कि भगवान की तपस्या में कहीं बाधा न पड़ जाए।

वहीं, बिजली भी आएगी, चमकेगी भी, लेकिन कभी भी गरजेगी नहीं। ऐसा इसलिए कि कहीं श्री हरी नारायण की तपस्या में विघ्न न पड़ जाए। साथ ही वहां के कुत्ते भी इसलिए नहीं भौंकते कि प्रभु इस समय बैठकर ध्यान कर रहे हैं। कहीं उनके ध्यान में विघ्न न आ जाए। तपस्या भंग ना हो जाए।

**अन्य पौराणिक मान्यताएं**

कुछ अन्य पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, ब्रदीनाथ में विष्णु जी ने नारायण के रूप में अवतार लिया था। तब उन्होंने कुत्तों को ये श्राप दिया था कि वे इस स्थान पर कभी भी भौंक नहीं सकेंगे। दूसरी मान्यता ये है कि इस स्थान पर कुत्ते भगवान के सेवक होते हैं। ऐसे में इन्हें शांति से रहने का आदेश दिया जाता है। तभी यहां पर कुत्ते शांति से रहते हैं और कभी भी भौंकते हुए नहीं दिखते हैं।

# सलमान खान के साथ यूलिया की रोमांटिक तस्वीर

## करीब खड़े दिखे दोनों, चेहरे पर दिखी प्यारी मुस्कान



सलमान खान ने पिछले साल जामनगर में अंबानी परिवार द्वारा आयोजित एक भव्य समारोह में अपना 59वां जन्मदिन मनाया था। इस जश्न के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं। अब, सिकंदर अभिनेता की यूलिया वंतूर के साथ जश्न मनाते एक रोमांटिक तस्वीर सामने आई है।

सलमान खान की यूलिया वंतूर और उनके अन्य दोस्तों के साथ पोज देते हुए एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर वायरल हो रही है। वायरल तस्वीर में, सुपरस्टार सलमान खान को काले रंग की टी-शर्ट पहने हुए कैमरे के लिए एक प्यारी सी मुस्कान बिखेरते हुए देख सकते हैं, जबकि यूलिया उनके बगल में खड़ी हैं। उन्होंने सुपरस्टार के कंधे पर रोमांटिक अंदाज से अपने दोनों हाथ रखे हुए हैं और इसके साथ ही सलमान और यूलिया के चेहरे पर प्यारी मुस्कान नजर आ रही है।

यूलिया वंतूर का सलमान खान के साथ ही नहीं बल्कि उनके पूरे परिवार के साथ भी बहुत अच्छा रिश्ता है। उन्हें अक्सर खान परिवार द्वारा आयोजित समारोहों का हिस्सा बनते देखा जाता है।

कुछ दिन पहले ही यूलिया ने सलमान के पालतू टोरो के साथ एक इमोशनल वीडियो पोस्ट किया था। वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, हमारे जीवन को आशीर्वाद देने के लिए शुक्रिया, मेरे प्यारे टोरो बॉय... तुम हमेशा हमारे साथ रहोगे।

काम की बात करें तो सलमान अगली बार एआर मुरुगादॉस की सिकंदर में रश्मिका मंदाना के साथ नजर आएंगे। फिल्म में सलमान और रश्मिका के अलावा सत्यराज, प्रतीक बब्बर, काजल अग्रवाल और शरमन जोशी भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। साजिद नाडियाडवाला द्वारा समर्थित यह फिल्म ईद 2025 पर रिलीज हो सकती है।

# नागा चैतन्य की पैन इंडिया 'थंडेल' को बड़े पैमाने पर किया जाएगा प्रमोट



नागा चैतन्य और साई पल्लवी की आगामी फिल्म थंडेल उनकी अगली बड़ी रिलीज फिल्म है। थंडेल की रिलीज से पहले फिल्म निर्माताओं ने इसे बड़े पैमाने पर प्रमोच करने का फैसला लिया है।

चंदू मोंडेती द्वारा निर्देशित यह फिल्म रोमांस और देशभक्ति का मिला जुला संगम है। यह फिल्म 7 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। यह नागा चैतन्य के करियर की सबसे महंगी परियोजना में से एक बताई जा रही है, जो वास्तविक जीवन की घटनाओं पर आधारित है।

फिल्म में नागा का किरदार उनकी बाकी रिलीज हो चुकी फिल्मों से हटकर होगा, यही वजह है कि फिल्म को अब बड़े पैमाने पर प्रमोट करने का फैसला लिया गया है। कथित तौर पर गीता आर्ट्स फिल्मों को बड़े पैमाने पर प्रमोट करता है और इस प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट के लिए भी यही होगा।

जानकारी के अनुसार, फिल्म मेकर्स थंडेल की रिलीज से पहले दो और गाने और एक ट्रेलर लॉन्च करेंगे। कथित तौर पर फिल्म को गैर-तेलुगु दर्शकों के करीब ले जाने के लिए मुंबई और चेन्नई जैसे प्रमुख शहरों में कई कार्यक्रमों की योजना बनाई जा रही है।

# नाक में नथ-माथे पर बिंदिया, महारानी येसूबाई के किरदार में रश्मिका मंदाना

फिल्म छावा से कुछ ही दिन पहले विक्की कौशल का संभाजी महाराज के किरदार में कई नए पोस्टर जारी किए गए थे। अब आज कुछ ही मिनटों पहले रश्मिका मंदाना का महारानी येसूबाई के किरदार में लुक जारी किया गया है। साथ ही फिल्म छावा के ट्रेलर की जानकारी भी दी है कि कब फिल्म छावा का ट्रेलर रिलीज होगा।

मैडॉक फिल्म्स ने कुछ ही देर पहले फिल्म छावा से रश्मिका मंदाना का लुक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है और लिखा 'प्रत्येक महान राजा के पीछे, बेजोड़ ताकत वाली एक रानी खड़ी होती है। स्वराज्य का गौरव - महारानी येसुबाई के रूप में रश्मिका मंदाना का परिचय।'

मैडॉक फिल्म्स ने फिल्म छावा से रश्मिका के महारानी यशुबाई के किरदार में दो पोस्टर जारी किए हैं। एक पोस्टर में रश्मिका मंदाना मुस्कुराती नजर आ रही हैं। इस नए लुक में रश्मिका हैवी ज्वैलरी के साथ किसी को निहारती दिख रही हैं। वहीं एक और तस्वीर भी है, जिसमें रश्मिका बेहद सीरियस नजर आ रही हैं।




रश्मिका के इस लुक के साथ फिल्म निर्माताओं ने यह जानकारी भी शेयर की है कि फिल्म छावा का ट्रलर कल रिलीज होगा। यह फिल्म 14 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में विक्की कौशल छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में नजर आएंगे। मैडॉक फिल्म्स ने छावा को प्रोड्यूस किया है। इसके निर्देशक लक्ष्मण उतेकर हैं। फिल्म का ट्रेलर 22 जनवरी को रिलीज होगा।

छावा के अलावा विक्की कौशल निर्देशक अमर कौशिक की फिल्म महावतार में नजर आएंगे। इस फिल्म में विक्की चिरंजीवी परशुराम भगवान की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया जा चुका है, जिसमें विक्की के लुक की काफी प्रशंसा हुई थी। फिल्म महावतार योद्धा चिरंजीवी परशुराम की कहानी पर आधारित होगी। यह फिल्म सिनेमाघरों में क्रिसमस के मौके पर साल 2026 को रिलीज होगी।

# करण वीर मेहरा के साथ क्या है चुम दरांग के रिश्ते की सच्चाई? खुद एक्ट्रेस ने किया खुलासा

बिग बॉस 18 को अपना विजेता मिल गया है। चुम दरांग ने करण वीर मेहरा के साथ रिश्ते पर चुप्पी तोड़ी है। सलमान खान के शो पर करण वीर मेहरा की जर्नी अपने आप में अलग रही है। करणवीर की दोस्ती कई लोगों से रही, घर में चुम दरांग के साथ उनका एक खास बॉन्ड रहा है। दोनों को घर में कई बार फ्लर्ट करते भी देखा गया। इनके रिश्ते को लेकर घर में कई बार बात हुए। सलमान खान ने भी वीकेंड के वार में करण वीर मेहरा से इस बारे में बात की।

**चुम दरांग ने कही ये बात**

शो के फिनाले के बाद करण वीर मेहरा अपने रोमांटिक बॉन्ड पर बात की। एक मीडिया हाउस को दिए इंटरव्यू में चुम ने कहा कि हमारी दोस्ती बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने सिर्फ घर के अंदर के लिए दोस्ती नहीं की थी। घर के बाहर भी हमारी दोस्ती जारी रहेगी। जब चुम से पूछा गया कि वो और करण रोमांटिक रूप से साथ हैं तो एक्ट्रेस ने हंसते हुए कहा मुझे नहीं पता।

**ट्रॉफी को लेकर बोलीं चुम**

बिग बॉस 18 के टॉप 5 फाइनलिस्ट में से एक चुम दरांग भी थी, आखिरी में वो रेस से बाहर हो गई और करण वीर जीत गए। एक्ट्रेस ने कहा कि मैं खुश हूं, थोड़ी निराश हूं कि मैंने ट्रॉफी नहीं जीती लेकिन मैं टॉप 5 में शामिल रही।



**घर के अंदर दिखा दोनों का प्यार**

चुम दरांग और करणवीर मेहरा के बीच बहुत गहरी दोस्ती और थोड़ा प्यार भी देखने को मिला है। चुम दरांग और करण वीर से उनके रिश्ते को लेकर घर में गई मीडिया ने भी बात की।

दोनों को घर में रोमांटिक होते देखा गया। अब घर से बाहर आने के बाद उनका प्यार और दोस्ती अब कायम रहती है या नहीं इस बारे में सभी जानना चाहते हैं।

**चूम दरांग से आगे क्या रिलेशनशिप रहेगा**

मीडिया ने जब करण वीर मेहरा से पूछा कि उनका शो से बाहर आने के बाद प्रतियोगी चूम दरांग से कैसा रिश्ता रहेगा?

इस पर करण का जवाब था- 'चूम दरांग ने कहा था कि पहले ट्रॉफी जीतकर लाओ, फिर देखते हैं।' दरअसल, शो के दौरान करण वीर मेहरा और चूम दरांग के बीच एक अलग तरह की केमिस्ट्री देखी गई थी।

दोनों एक-दूसरे को पसंद करने लगे थे। अब शो से बाहर आने के बाद इनका रिश्ता कैसा रहेगा, इस बारे में फैंस जानना चाहते हैं।

# 'गेम चेंजर' और 'पुष्पा 2' के निर्माताओं के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी, कथित टैक्स चोरी का आरोप

आयकर अधिकारियों ने मंगलवार (21 जनवरी) को तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री के कई प्रमुख निर्माताओं के घरों और दफ्तरों पर छापेमारी की। इस सूची में प्रमुख फिल्म निर्माता दिल राजू और पुष्पा 2 के निर्माताओं के नाम भी शामिल है। हाल ही संक्रांति पर दिल राजू के प्रोडक्शन में बनी दो बड़ी फिल्मों गेम चेंजर और संक्रांतिकि वस्थुन्नम नाम की फिल्म का निर्माण किया था। वह फिलहाल तेलंगाना फिल्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के चेयरमैन के रूप में कार्यरत हैं।

**पुष्पा 2 के निर्माताओं के यहां भी छापेमारी**





आयकर विभाग की छापेमारी दिल राजू के साथ-साथ उनके व्यवसायिक साझीदार और निर्माता सिरिश के घर और उनकी बेटी हंसिता रेड्डी के घर तक पहुंची। इसके अलावा पुष्पा 2 द रूल बनाने वाली मैत्री मूवी मेकर्स के ठिकानों पर भी तलाशी ली जा रही है। इस प्रोडक्शन हाउस के निर्माता नवीन यरनेनी और यालामनचिली रविशंकर और उनके सीईओ चेरी के घरों पर भी छापे मारे गए हैं।

**आठ ठिकानों पर आयकर विभाग के अधिकारी**

सूत्रों के मुताबिक इस ऑपरेशन में 55 टीमों के सदस्य आठ स्थानों पर छापेमारी कर रहे हैं। दिल राजू, जो हाल ही में बड़ी बजट वाली फिल्मों गेम चेंजर और संक्रांति की वास्तुन्नम के निर्माता रहे हैं, इन छापों के केंद्र में हैं। हाल ही में उनके प्रोडक्शन हाउस में बनी फिल्म वेंकटेश स्टारर ने फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ से ज्यादा का कारोबार किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये छापेमारी एक व्यापक जांच का हिस्सा हैं।

# सकुशल घर लौटे सैफ, चाकू से हमले के पांच दिन बाद अस्पताल से मिली छुट्टी

बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान को चाकू से हुए हमले की घटना के करीब पांच दिन बाद अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। आज मंगलवार 21 जनवरी को अभिनेता अपने घर लौट आए हैं। मालूम हो कि हमले के बाद वे उपचार के लिए लीलावस्ती अस्पताल पहुंचे थे। करीब पांच दिन अस्पताल में रहने के बाद आज वे घर लौट आए हैं। अभिनेता की हालत में सुधार हो रहा है।


**हमले में आईं कई गंभीर चोट**

सैफ अली खान पर 16 जनवरी की सुबह हमलावर ने चाकू से कई वार किए। अभिनेता बुरी तरह जख्मी हुए। उनकी गर्दन और रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट आईं। लीलावती अस्पताल मे उनका इलाज चला, जहां उनकी कई घंटे की सर्जरी हुई। डॉक्टरों ने बताया कि हमले में सैफ के तीन जगह चोट आई। दो चोट हाथ में, एक गर्दन की दाईं तरफ। इसके अलावा एक गंभीर चोट रीढ़ की हड्डी में लगी। फिलहाल सैफ खतरे से बाहर हैं।

**रीढ़ की हड्डी से निकाली गई नुकीली चीज**

सैफ अली खान की सर्जरी के दौरान डॉक्टरों ने उनकी रीढ़ की हड्डी में फंसी नुकीली चीज निकाली। सर्जरी के बाद सैफ अली खान को 17 जनवरी को आईसीयू में शिफ्ट किया गया। इसके बाद उन्हें नॉर्मल रूम में शिफ्ट किया गया। करीब पांच दिन बाद सैफ को घर भेज दिया गया है। फिलहाल उनकी हालत पहले से बेहतर है।

**एक आरोपी गिरफ्तार**



चाकू से हमले की घटना मामले में पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। रविवार को पुलिस ने आरोपी शरीफुल इस्लाम शहजाद मोहम्मद को ठाणे से गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक आरोपी बांग्लादेश का नागरिक है और अवैध तरीके से भारत में घुस आया। 30 वर्षीय शहजाद चोरी करने के इरादे से सैफ अली खान के घर में दाखिल हुआ।

**डॉक्टरों ने किया सैफ की हिम्मत को सलाम**

घटना के बाद सैफ अली खान ऑटो से लीलावती अस्पताल पहुंचे थे। एक्टर को अस्पताल पहुंचाने वाले ऑटो ड्राइवर भजन सिंह राणा के मुताबिक एक्टर का सफेद कुर्ता खून में पूरा लथपथ था। उनसे इस बात पर गौर नहीं किया कि ऑटो में सवार शख्स बॉलीवुड कलाकार हैं। ड्राइवर के मुताबिक अस्पताल पहुंचकर सैफ अली खान ने गार्ड को बुलाया और कहा, 'मेरे लिए एक स्ट्रेचर लाओ, मैं सैफ अली खान हूं'। वहीं, लीलावती अस्पताल के डॉक्टर के मुताबिक, 'सैफ अली खान घायल अवस्था में किसी शेर की तरह चले आए'। डॉक्टरों ने उनकी इस हिम्मत को सलाम किया।

# जहीर की पत्नी सागरिका 'ललाट' से करेंगी कमबैक, शेयर कीं तस्वीर





अभिनेत्री सागरिका घाटगे ने हाल ही में अपनी नई फिल्म ललाट का ऐलान किया है, जिसके सेट से कई तस्वीरें उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ ही सागरिका ने एक इमोशनल नोट भी लिखा है।

दरअसल, सागरिका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर आगामी हिंदी फिल्म 'ललाट' से अपना लुक शेयर किया है। तस्वीर में वह एक पारंपरिक परिधान में नजर आ रही हैं। सागरिका की नई फिल्म 'ललाट' की घोषणा के बाद से ही उनके फैंस बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म की कहानी और उनकी भूमिका के बारे में अभी अधिक जानकारी नहीं आई है, लेकिन उनकी पहली झलक ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया है।

सागरिका ने इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म ललाट के सेट से कई तस्वीरें शेयर कीं। सागरिका ने लिखा, 'हम अपनी नई फिल्म ललाट का लुक जारी कर रहे हैं, तो मुझे घबराहट और उत्साह का अहसास हो रहा है। यह एक चुनौतीपूर्ण लेकिन संतुष्टिदायक सफर रहा है, खासकर कुछ समय तक दूर रहने के बाद, जो मुझे पसंद है। मैं एक ऐसे किरदार के साथ वापस लौटने के लिए बहुत आभारी हूं, जो मेरे द्वारा पहले किए गए किसी भी काम से बहुत अलग है। इस स्क्रिप्ट, इस किरदार ने तुरंत मुझे सिनेमा की उस दुनिया में वापस खींच लिया, जो मुझे पसंद है, जिसे मैंने मिस कर दिया था। हर एक पल बहुत खास था और मुझे उम्मीद है कि मैं आगे बढ़ना जारी रखूंगा और उन कहानियों का हिस्सा बनूंगा जो वास्तव में दिल को छूती हैं।'

सागरिका ने 2007 में शाहरुख खान की फिल्म 'चक दे इंडिया' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था, जिसमें उन्होंने प्रीति सभरवाल की भूमिका निभाई। इस फिल्म में उनके प्रदर्शन को काफी सराहा गया। इस फिल्म की सफलता के बाद, उन्हें कई ब्रांड एंबेसमेंट भी मिले।

# क्या बिग बॉस की शूटिंग से वापस लौटे अक्षय कुमार 'मुझे कुछ और काम था, वो थोड़ा लेट आया'

बिग बॉस 18 का फिनाले खत्म हो गया है साथ ही शो को करण वीर मेहरा के रूप में अपना विनर मिल गया है। शो में स्काई फोर्स के प्रमोशन के लिए अक्षय कुमार अपनी टीम के साथ पहुंचे थे। खबरों की मानें तो सलमान खान की कुछ देरी की वजह से वे सेट से वापस लौट गए। इस मामले पर अब खुद अक्षय कुमार ने अपनी बात कही है।

अक्षय ने कहा कि उनके पास और भी कुछ कमिटमेंट्स थे, इसके कारण उन्हें वहां से जल्दी निकलना पड़ा। उन्होंने कहा, वह इतना लेट नहीं था। मैं पहुंच गया था, हां। वह थोड़ा लेट आया क्योंकि उसे कुछ पर्सनल काम था और फिर हमने इस बारे में बात की उसने मुझे बताया कि वह लगभग 35 से 40 मिनट लेट था मुझे काम था और मैं चला गया, लेकिन वीर वहीं पर था इसलिए उसने सलमान के साथ शूटिंग की।

सलमान के साथ काम करना आसान

अक्षय कुमार अपने काम को लेकर बहुत अनुशासित रहते हैं। वे अपने इसी अनुशासन के लिए काफी चर्चित भी हैं। अनीस बज्मी ने एक इंटरव्यू में बताया, अक्षय बहुत पंचुअल हैं। हम अक्षय के साथ काम करने के दौरान अक्सर चिंता में ही रहते हैं। अगर उन्होंने कहा है कि हम सात बजे काम शुरू करेंगे मतलब वो सात बजे काम पर होंगे। हमें 6-7 बजे उठने की आदत नहीं है। हम सलमान खान के साथ काम करने में बहुत आराम से रहते हैं। वे 1 बजे तक आते हैं, फिर हम लंच करते हैं और उसके बाद आराम से काम करते रहते हैं।



सेट से वापस चले गए थे अक्षय

अक्षय कुमार बिग बॉस 18 के सेट से वापस चले गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें समय के पाबंद होने के कारण अक्षय अपने तय समय पर लगभग 2:15 बजे शूटिंग के लिए सेट पर पहुंचे, लेकिन तब तक सलमान नहीं आए थे। अक्षय ने सलमान के आने के लिए एक घंटे तक इंतजार किया, लेकिन उनके शेड्यूल में जॉली एलएलबी 3 की ट्रायल स्क्रीनिंग भी थी। इसलिए एक घंटे तक इंतजार करने के बाद अक्षय शो की शूटिंग किए बिना ही वापस लौट गए।

अक्षय कुमार अपनी फिल्म स्काई फोर्स की शूटिंग के लिए बिग बॉस के घर पहुंचे थे। हालांकि, अक्षय के लौट जाने के बाद वीर पहाड़िया के साथ सलमान खान ने शो में बात की।






# नहाने से डरता है आपका बच्चा तो हो सकती हैं ये मानसिक बीमारी, ये हैं लक्षण

सर्दियों में बच्चे अक्सर न नहाने की जिद करते हैं, क्योंकि उन्हें ठंडे पानी से डर लगता है। सर्द हवाओं के कारण बच्चों का ऐसा करना स्वभाविक है, लेकिन अगर वे हमेशा ही नहाने से डरते हैं तो यह आपके लिए परेशानी का सबब बन सकता है।

चिकित्सकों के अनुसार, रोजाना नहाने से डरना एक प्रकार की मानसिक समस्या है। चिकित्सकीय भाषा में इसे 'एब्लूटोफोबिया' कहा जाता है।



### एब्लूटोफोबिया को समझें

यदि कोई व्यक्ति किसी चीज से अत्यधिक डरता है तो उस डर को फोबिया कहा जाता है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ ट्रस्ट सोर्स के अनुसार, एब्लूटोफोबिया पुरुषों की तुलना में महिलाओं में अधिक पाया जाता है। बच्चे का एब्लूटोफोबिया से पीड़ित होने का सबसे नकारात्मक पहलू यह है कि वह स्वच्छता की आदतों से बचने की कोशिश करने लगता है, जिससे उसकी शारीरिक और मानसिक सेहत पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

### लक्षणों की पहचान

इस स्थिति में पीड़ित बच्चा शारीरिक स्वच्छता पर अधिक ध्यान नहीं देता है और अक्सर गंदा रहता है। साथ ही जब उसे जबरदस्ती नहलाने की कोशिश की जाती है तो वह डर के कारण सांस लेने में परेशानी, कंपकंपी, चक्कर आना, मुंह सूखना और पानी को देखकर घबराहट जैसी दिक्कतों के कारण जोर-जोर से रोने लगता है।

### क्या है वजह

चिकित्सकों के अनुसार, एब्लूटोफोबिया के कारणों पर अभी शोध किए जा रहे हैं। अभी तक जो केस सामने आए हैं, वे मुख्य रूप से किसी भयावह या दर्दनाक अनुभव के बाद विकसित हुए हैं। उदाहरण के लिए, किसी को पानी में डूबते देखना या पानी की वजह से उठाई गई कोई शर्मिंदगी प्रमुख रूप से एब्लूटोफोबिया की वजह बनी है। इसके अलावा आनुवंशिकता भी इसके प्रमुख कारणों में से एक पाई गई है।

### डर का खात्मा

वैसे तो इस बीमारी का दवाओं के जरिए कोई इलाज संभव नहीं है, लेकिन एक्सपोजर थेरेपी और रिलैक्सेशन टेक्निक की मदद से कुछ हद तक इस परेशानी से निजात पाई जा सकती है। साथ ही आप बच्चे को सफाई की प्रक्रिया से धीरे-धीरे परिचित कराएं, जैसे- पहले हाथ धोने से शुरुआत करें, फिर धीरे-धीरे स्नान की आदत डलवाएं। इस दौरान आप उसे छोटे-छोटे इनाम दें, जिससे उसे सकारात्मक प्रेरणा मिले। आप उसके लिए सफाई को एक सकारात्मक और मजेदार गतिविधि बनाएं, जैसे- नहाने के दौरान गीत गाना। अगर बच्चा फिर भी ठीक नहीं हो पा रहा है तो उसके डर को समझें और उसे सहारा दें। याद रखें कि बच्चों के डर को दूर करने में समय लगता है, इसलिए धैर्य रखें।

### पानी को खेल की तरह जोड़ें

कहा जाता है, तन स्वस्थ तो मन स्वस्थ। इसके लिए रोजाना नहाना जरूरी है। बच्चों या बड़ों का भी नहाने में आलस दिखाना सामान्य बात है, लेकिन पानी से डरना 'एब्लूटोफोबिया' हो सकता है। इस फोबिया से पीड़ित बच्चा पानी से दूर रहने की कोशिश में रहता है, जिस कारण रोजमर्रा के कामों में पानी के उपयोग से बचता है। इससे कई बार उसके शरीर से दुर्गंध आने लगती है और लोग उससे दूरी बना लेते हैं।

इसका असर उसकी मानसिक सेहत पर पड़ता है। यदि समय पर इलाज न किया जाए तो स्थिति गंभीर हो सकती है। इसलिए जहां तक संभव हो, पानी को उससे खेल की तरह जोड़ने का प्रयास करें और डॉक्टर से परामर्श लें।

# खुशहाल जीवन के लिए अपनाएं ये आदतें घर से लेकर नौकरी तक में रहेगी सुख शांति

लोग समझदार होते ही एक अच्छे जीवन के लिए प्रयास करना शुरू कर देते हैं। मन लगाकर पढ़ाई करते हैं ताकि अच्छी नौकरी मिल सके और भविष्य को सुरक्षित बनाया जा सके। लोगों को लगता है कि इस तरह से उनका जीवन खुशहाल बनेगा और परिवार में सुख शांति बनी रहेगी। हालांकि घर से लेकर दफ्तर तक में लोगों के ऊपर कई तरह की जिम्मेदारियां होती हैं, जो उन्हें चिंता व तनाव से ग्रस्त कर देती हैं। परिवार में जीवनसाथी, बच्चे और माता-पिता की इच्छाओं को समझना, उनका ख्याल रखने में वह अपनी खुशियां भूल जाते हैं।





दूसरों की खुशी के साथ खुद को संतुष्ट करना भी जरूरी है। ऐसे में खुशहाल जीवन और परिवार व दफ्तर में सुख शांति बनाए रखने के लिए खुद में कुछ अच्छी आदतों को शामिल करें। यह अच्छी आदतें आपको और आपके आसपास के माहौल को अच्छा बना देंगी।

### सकारात्मक सोच

घर-परिवार में खुशहाली हो या नौकरी में तरक्की चाहिए हो, सबसे जरूरी है आपकी सोच सकारात्मक हो। ऐसा विचार करें कि आप बेहतर कर रहे हैं और इससे भी बेहतर कर सकते हैं। सकारात्मक विचार सफलता के लिए प्रोत्साहित करते हैं। सकारात्मता से संतुष्टि होती है और संतुष्टि खुशहाल जीवन पाने का एक तरीका भी है।

### सेहत पर ध्यान

पारिवारिक जीवन और करियर दोनों में सफलता तब मिलेगी जब आप उसे हासिल करने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से सक्षम होंगे। ऐसे में सेहत पर ध्यान दिए जाने की जरूरत है। स्वस्थ शरीर और मन होने से आप काम पर भी फोकस कर पाएंगे और निजी जीवन में भी सुकून से रह पाएंगे। खुशहाली के लिए अपनी और परिवार की सेहत का ध्यान रखें।

### रिश्तों का महत्व

किसी भी व्यक्ति के जीवन में खुशहाली सिर्फ करियर में तरक्की या अधिक पैसे कमाने से नहीं आती। खुशहाली के लिए जरूरी है अपनों का साथ। इसलिए जीवन में कितना भी व्यस्त हो लेकिन अपने रिश्तों को समय और महत्व देना न भूलें। माता पिता हो या जीवनसाथी, दोस्त हों या सहकर्मी, सभी के साथ एक अच्छा और सौहार्दपूर्ण रिश्ता बनाकर रखें। समय समय पर उनसे बात करें और वक्त बिताएं।

### गलतियों व असफलताओं को अपनाएं

गलतियों से सीखें। अगर आप कभी जीवन में असफल हो जाएं या कोई गलती कर बैठें तो निराश न हों या फिर उनकी गलतियों को झुकलाने की कोशिश न करें। बल्कि विफलताओं और गलतियों को याद रखें और उनसे बेहतर बनने के लिए सीख लें।



# शादी के लिए हां करने से पहले होने वाले पार्टनर से जरूर पूछें ये सवाल



शादी का रिश्ता किसी भी लड़के और लड़की के लिए बेहद खास होता है। इस नए रिश्ते में जुड़ने से पहले हर किसी के दिल में तमाम सवाल होते हैं। खासतौर पर यदि शादी अरैंज मैरिज हो, तब तो लड़का और लड़की दोनों काफी घबराए रहते हैं।

दरअसल, अरैंज मैरिज में लड़के और लड़की के परिवारों द्वारा विवाह के लिए पार्टनर का चयन किया जाता है। इस प्रक्रिया में परिवारों की भूमिका प्रमुख होती है, और अक्सर माता-पिता, रिश्तेदार या समाज के अन्य लोग दोनों पक्षों के बीच विवाह के प्रस्ताव रखते हैं।

जब बात कुछ आगे बढ़ती है तो लड़के और लड़की को मिलवाया जाता है। ऐसे में दोनों के मन में कई सवाल होते हैं, जिनका जवाब वो चाहते हैं। यदि आप भी अपने होने पार्टनर से मिलने जा रहे हैं तो उनसे कुछ सवाल अवश्य पूछें। इससे रिश्ता मजबूत बनेगा और पारदर्शी रहेगा।

### शादी के लिए कोई प्रेशर तो नहीं है ?

ये सवाल सबसे अहम माना जाता है, क्योंकि भारत देश में अक्सर लड़के और लड़कियां घरवालों की खुशी के लिए शादी के तैयार हो जाते हैं। ऐसे में बातों-बातों में होने वाले पार्टनर से ये सवाल अवश्य करें। जब वो इसका जवाब दे रहे हों तो उनके हाव-भाव को समझें। यदि जवाब आता है कि कोई प्रेशर नहीं है तब तो अच्छा है, लेकिन यदि कोई कहता है कि घरवालों का दवाब है तो बखेड़ा न करते हुए शांति से बात को वहीं खत्म कर दें।

### आपका करियर के प्रति दृष्टिकोण क्या है?

शादी के बाद आपको और आपके पार्टनर को एक-दूसरे के करियर और काम की प्राथमिकताओं का सम्मान करना होगा। ऐसे में ये सवाल जानने में मदद करता है कि आपके पार्टनर का करियर कितना महत्वपूर्ण है और वे किस तरह से अपने काम को संभालने का सोचते हैं।

### आपके जीवन के लक्ष्य और सपने क्या हैं?

ये सवाल यह जानने में मदद करेगा कि आपके पार्टनर के व्यक्तिगत और पेशेवर लक्ष्यों के बारे में क्या विचार हैं, और क्या वे आपके साथ अपने सपनों को साझा करना चाहते हैं। ये जरूरी नहीं है कि हर किसी के सपने आपके अनुसार हों, इसलिए कभी किसी को उसके सपनों से जज न करें।

### आपके लिए रिश्ते में विश्वास और ईमानदारी का क्या महत्व है?

भरोसे और ईमानदारी के बिना कोई भी रिश्ता लंबे समय तक नहीं चल सकता। ऐसे में इस सवाल से आप यह जान सकते हैं कि आपके पार्टनर के लिए ये मूल्य कितने महत्वपूर्ण हैं और वे इस पर कितना जोर देते हैं।


### पैसे खर्च करने के बारे में आपके विचार क्या हैं?

पैसों के मामले में हर कोई अलग-अलग विचार रखता है। कुछ लोग ज्यादा खर्च करना पसंद करते हैं, जबकि कुछ लोग बचत करना चाहते हैं। ऐसे में ये सवाल आपके और आपके पार्टनर के खर्च करने के तरीके को जानने में मदद करेगा और यह तय करेगा कि आपके खर्च करने के तरीके मेल खाते हैं या नहीं। इस सवाल के बाद भविष्य में आपको परेशानी नहीं होगी।

# मेकअप करने से चेहरे पर निकल आते हैं पिंपल्स तो इन बातों का रखें ध्यान

मेकअप सिर्फ खूबसूरती बढ़ाने का एक जरिया नहीं है, ये एक कला है, जो हर लड़की को बखूबी आती है। आज के समय में तो लड़कियों के साथ-साथ लड़के भी चेहरे पर मेकअप लगाना पसंद करते हैं। इससे उनकी खूबसूरती और आत्मविश्वास बढ़ता है। पर, कई बार ये देखने को मिलता है कि मेकअप लगाने के बाद चेहरा काफी डल दिखने लगता है और चेहरे पर पिंपल्स आ जाते हैं। ऐसे में चेहरा खराब दिखने लगता है।

यदि आप भी इसी परेशानी से जूझ रहे हैं तो हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं, जिनको आपको तब फॉलो करना है जब आप मेकअप लगाते हैं। इन टिप्स को फॉलो करने के बाद आपके चेहरे की रंगत बरकरार रहेगी।



### मेकअप लगाने से पहले स्किन की तैयारी करें

मेकअप लगाने से पहले अपना चेहरा अच्छी तरह से फेसवॉश से साफ करें। यह स्किन से ऑयल और गंदगी को हटाता है। चेहरा साफ करने के बाद स्किन को हाइड्रेट करने के लिए नॉन-कॉमेडोजेनिक मॉइस्चराइजर का उपयोग करें। प्राइमर एक बैरियर की तरह काम करता है और मेकअप को स्किन में समाने से रोकता है।

### सही मेकअप प्रोडक्ट्स का चयन करें

चेहरे के लिए हमेशा ऐसे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें जो पोर्स को ब्लॉक न करें। ऑयली स्किन के लिए ऑयल-फ्री और मैट फिनिश वाले फाउंडेशन चुनें। ज्यादा लेयरिंग और हैवी मेकअप करने से बचें। यह स्किन पर दबाव डालता है और पिंपल्स का कारण बन सकता है। पुराने और एक्सपायर्ड मेकअप प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल न करें।

### मेकअप ब्रश और स्पंज को साफ रखें

ब्रश और स्पंज को हफ्ते में कम से कम एक बार साफ करें। इनमें गंदगी और बैक्टीरिया जमा हो सकते हैं, जो पिंपल्स का कारण बनते हैं। अगर आपकी स्किन संवेदनशील है, तो डिस्पोजेबल अप्लायर्स का उपयोग करें।

### मेकअप हटाना न भूलें

सोने से पहले हमेशा अपना मेकअप हटा लें। मेकअप को रातभर स्किन पर छोड़ने से पोर्स ब्लॉक हो सकते हैं। मेकअप हटाने के लिए नारियल तेल, माइसेलर वॉटर, या ऑयल-फ्री मेकअप रिमूवर का इस्तेमाल करें। मेकअप हटाने के बाद फेसवॉश का उपयोग करें ताकि स्किन पूरी तरह से साफ हो सके।

### स्किन को सांस लेने दें

हफ्ते में एक-दो दिन मेकअप न लगाएं। यह आपकी स्किन को आराम और सांस लेने का मौका देता है। यदि रोजाना मेकअप करना अच्छा लगता है तो डे-टू-डे मेकअप के लिए हल्के और नेचुरल प्रोडक्ट्स का उपयोग करें।

### त्वचा की नियमित देखभाल करें

सप्ताह में 1-2 बार हल्का स्क्रब करें, ताकि डेड स्किन हट सके। घर में रहें या बाहर, सन्सक्रीन का उपयोग जरूर करें। टोनर स्किन के pH लेवल को बैलेंस करता है और पोर्स को टाइट करता है। अगर पिंपल्स की समस्या लगातार बनी रहती है, तो त्वचा विशेषज्ञ से संपर्क करें। वे आपकी स्किन के अनुसार सही प्रोडक्ट्स और ट्रीटमेंट की सलाह देंगे।

# कहीं आपका पार्टनर भी तो नहीं है साइकोपैथ ? इन संकेतों से लगाएं पता

जब आप किसी के साथ रिश्ते में होते हैं तो अपने साथी के बर्ताव, उनकी पसंद-नापसंद को समझते हैं और इसी के आधार में महसूस करते हैं कि आपका रिश्ता कितना सही है। लेकिन जब आप ये समझ नहीं पाते कि आपका पार्टनर सही है या नहीं तो आपको ऐसे रिश्ते और पार्टनर से सतर्क रहने की जरूरत होती है। अक्सर लोग ऐसे पार्टनर के साथ रिश्ते में आ जाते हैं, जिसका व्यक्तित्व, सोचने का तरीका और व्यवहार दूसरों से अलग और खतरनाक हो सकता है। ये एक मानसिक स्वास्थ्य स्थिति है जो अक्सर एंटीसोशल पर्सनालिटी डिसआर्डर के तहत आती है। ऐसे लोगों को साइकोपैथ कहा जाता है।

साइकोपैथ पार्टनर को पहचानना मुश्किल हो सकता है, क्योंकि वे अपने असली व्यक्तित्व को छिपाने में माहिर होते हैं। साइकोपैथ पार्टनर के साथ रहना आपके मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकता है। कुछ सामान्य संकेतों के जरिए ये पता लगा सकते हैं कि कहीं आपका पार्टनर साइकोपैथ तो नहीं है। इन संकेतों से साइकोपैथ पार्टनर की पहचान करके सतर्क हो जाएं और अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता दें।

### झूठ बोलने की आदत

साइकोपैथ व्यक्ति अपने असल व्यक्तित्व को छुपाने का प्रयास करते हैं। वे छोटी से छोटी बात पर झूठ बोलते हैं। अपने झूठ को सच साबित करने के लिए वे नई कहानियां गढ़ते रहते हैं। उनकी बातें अक्सर विरोधाभासी होती हैं।



### भावनात्मक शोषण

वे आपको बार-बार दोषी महसूस कराते हैं, भले ही गलती आपकी न हो। साइकोपैथ पार्टनर आपकी भावनाओं का उपयोग आपको नियंत्रित करने के लिए करते हैं। ऐसे में आपको हमेशा यह महसूस होता है कि आप रिश्ते में कमजोर स्थिति में हैं।

### आलोचना करना

साइकोपैथ आपको नीचा दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ते। ऐसे लोगों को बार-बार आपकी गलतियां निकालना उनकी आदत होती है। यह सब वे आपकी आत्म-सम्मान को खत्म करने के लिए करते हैं।

### सहानुभूति की कमी

साइकोपैथ दूसरों की भावनाओं की परवाह नहीं करते हैं। अगर आप दुखी हैं, तो वे आपकी भावनाओं को नजरअंदाज कर सकते हैं। वे केवल अपने फायदे के बारे में सोचते हैं।

### दूसरों को दोष देना

इस तरह के लोग अपनी गलतियों को कभी स्वीकार नहीं करते हैं और हर बार किसी और को दोष देना उन की आदत होती है। वे अपने कार्यों की जिम्मेदारी से बचने के लिए झूठ का सहारा लेते हैं।

### नियंत्रण की इच्छा

ऐसे लोग हर चीज़ पर नियंत्रण रखना चाहते हैं, चाहे वह आपकी जिंदगी हो या रिश्ते से जुड़ी कोई बात। वे आपके फैसलों को बार-बार प्रभावित करने की कोशिश करेंगे। वे आपको स्वतंत्र रूप से सोचने और निर्णय लेने से रोक सकते हैं।

### बिना कारण गुस्सा

साइकोपैथ पार्टनर अक्सर ही छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा कर सकते हैं। उनका गुस्सा अप्रत्याशित होता है और अक्सर हिंसक हो सकता है। बाद में वे अपने व्यवहार के लिए आपको जिम्मेदार ठहराते हैं।

# पत्नी का ज्यादा कमाना क्या रिश्तों में ला देता है खटास? अध्ययन की रिपोर्ट ने उठाए सवाल



पुराने समय में, पुरुषों का काम बाहर जाकर पैसा कमाना होता था, और महिलाओं का काम घर की देखभाल करना। यह सोच काफी समय तक चली। लेकिन अब चीजें बदल रही हैं। आजकल कई महिलाएं अपने पति से ज्यादा कमा रही हैं। एक नए अध्ययन में देखा गया है कि जब पत्नि अपने पति से ज्यादा कमाती हैं तो इसका असर उनके रिश्ते और उनके मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। इस अध्ययन के मुताबिक, दुनिया भर में ऐसे जोड़े बढ़ रहे हैं जहां पत्नियां अपने पतियों से ज्यादा कमाती हैं। खासकर अमेरिका और स्वीडन जैसे देशों में ऐसे मामले ज्यादा देखने को मिल रहे हैं। 2000 के दशक की शुरुआत से ऐसे जोड़ों की संख्या में 25% की बढ़ोतरी हुई है।

इंग्लैंड की डरहम यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने स्वीडन में कुछ विवाहित जोड़ों पर रिसर्च की। उन्होंने 2021 में शादी करने वाले जोड़ों को चुना, जिनकी औसत उम्र 37 साल थी। वैज्ञानिकों ने इन जोड़ों को 10 साल तक देखा, या तब तक जब तक उनका तलाक नहीं हो गया (जो कि लगभग 20% जोड़ों में हुआ)। इस रिसर्च में एक चिंता की बात सामने आई कि जब पत्नी पति से ज्यादा कमाती है, तो पति और पत्नी दोनों के मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है, लेकिन पतियों पर इसका ज्यादा असर होता है।

रिसर्च में पाया गया कि ऐसे जोड़ों में मानसिक समस्याएं होने की संभावना 8% तक बढ़ जाती है, और सिर्फ पुरुषों में यह संभावना 11% तक बढ़ जाती है। ज्यादातर पतियों में नशीली चीजों का सेवन करने की समस्या देखी गई, वहीं पत्नियों में तनाव ज्यादा पाया गया।

### क्यों होता है ऐसा?

आम तौर पर ज्यादा पैसे होने से लोगों का मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है, क्योंकि वे बेहतर जिंदगी जी पाते हैं। लेकिन जब सिर्फ पत्नी ज्यादा कमाती है, तो यह बात पुरुषों के मन पर बुरा असर डालती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि कमाई सिर्फ पैसों की बात नहीं है, बल्कि यह रिश्तों में ताकत की बात भी है। जब पत्नी ज्यादा कमाती है, तो पति को लगता है कि उसकी अहमियत कम हो गई है या उसका आत्मविश्वास कम हो गया है। इसी वजह से वे नशीली चीजों का सहारा लेने लगते हैं।

अब ऐसा नहीं है कि सिर्फ पुरुष ही परेशान रहते हैं महिलाएं भी परेशान रहती हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि उनके पति उनका उतना साथ नहीं दे रहे हैं जितना देना चाहिए। कहीं न कहीं यह सब पुरानी सोच की वजह से होता है, जहां पितृसत्तात्मक मानसिकता की परछाई देखने को मिलती है।



# ऑफिस संभालते ही ट्रंप को हुआ 48 हजार करोड़ का नुकसान

## कहां से आई बुरी खबर



नई दिल्ली,21 जनवरी (एजेंसियां)। डोनाल्ड ट्रंप ने शपथ लेने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति का ऑफिस संभाल लिया है। उसके बाद से उनके मेम कॉइन में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। खास बात तो ये है कि उनके मेमकॉइन के मार्केट कैप को बीते 24 घंटे में 5। 49 बिलियन डॉलर यानी करीब 48 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हो गया है। वहीं उनके मेम कॉइन की कीमत में बीते 24 घंटे में 48 फीसदी की गिरावट देखने को मिल रही है। वास्तव में क्रिप्टोकरेंसी मार्केट शपथ से करीब 9 घंटे पहले रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच गया था। शपथ के बाद से उसमें गिरावट देखने को मिल रही है। ओवरऑल क्रिप्टोकरेंसी मार्केट में करीब 6 फीसदी की गिरावट देखने को मिल चुकी है। जबकि दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी 5 फीसदी से ज्यादा की गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है। आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर ट्रंप कॉइन के साथ ओवरऑल क्रिप्टोकरेंसी मार्केट में किस तरह के नंबर्स देखने को मिल रहे हैं।

**ट्रंप कॉइन हुआ क्रैश**

सबसे पहले ट्रंप मेम कॉइन की बात करें तो बीते 24 घंटे में क्रैश होता हुआ दिखाई। कॉइन मार्केट कैप के आंकड़ों के अनुसार 24 घंटे में ट्रंप कॉइन 58। 55 डॉलर के साथ हाई पर था, जोकि गिरकर 31। 01 डॉलर पर आ गया। इसका मतलब है कि 24 घंटों के भीतर ही कॉइन की कीमत में 48 फीसदी की गिरावट देखने को मिल चुकी है।

जबकि कॉइन के दाम अपने लाइफ टाइम हाई 75। 35 डॉलर से करीब 59 फीसदी नीचे आ चुकी है। मौजूदा समय यानी 2 बजकर 15 मिनट पर ट्रंप कॉइन के दाम करीब 32 फीसदी की गिरावट के साथ 38। 97 डॉलर पर कारोबार कर रहा है।

**48 हजार करोड़ डूबे**

खास बात तो ये है कि कॉइन की कीमत में गिरावट आने के बाद ट्रंप कॉइन के मार्केट कैप में 48 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है। आइए इस आंकड़ों से समझने की कोशिश करते हैं। 24 घंटे में कॉइन के दाम जब 58। 55 डॉलर थे तो मार्केट कैप 11। 68 बिलियन डॉलर था। जैसे कॉइन की कीमत गिरकर 31। 01 डॉलर पर आई तो उसका मार्केट कैप 6। 19 बिलियन डॉलर डॉलर पर आ गया। इसका मतलब है कि 24 घंटों के अंदर ट्रंप कॉइन के मार्केट कैप को 5। 49 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ।

**बिटकॉइन की कीमत में भी गिरावट**

वहीं दूसरी ओर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी को भी बड़ी गिरावट देखने को मिल रही है।

आंकड़ों के अनुसार मौजूदा समय में बिटकॉइन की कीमत 5। 36 फीसदी की गिरावट के साथ 102,060। 69 डॉलर पर कारोबार कर रहा है। जबकि 24 घंटे पहले बिटकॉइन 109,114। 88 डॉलर के साथ लाइफ टाइम हाई पर पहुंच गया था। दतब से इसमें 6 फीसदी से ज्यादा की गिरावट देखने को मिल चुकी है। 24 घंटे के दौरान बिटकॉइन के दाम 100,103। 96 डॉलर पर भी पहुंचे थे। अगर बात ओवरऑल क्रिप्टकरेंसी मार्केट की बात करें तो बड़ी गिरावट देखने को मिल चुकी है। क्रिप्टोकरेंसी मार्केट कैप 24 घंटे में 6 फीसदी से ज्यादा नीचे जा चुका है।

# नारायण मूर्ति ने दी '70 घंटे काम' वाले बयान पर सफाई





नई दिल्ली,21 जनवरी (एजेंसियां)।इन्फोसिस के सह-संस्थापक एनआर नारायण मूर्ति ने हाल ही में दिए गए अपने विवादास्पद बयान पर डीवाई सफाई दी है, जिसमें उन्होंने युवाओं को हफ्ते में 70 घंटे काम करने की सलाह दी थी। नारायण मूर्ति का यह बयान लंबे समय तक चर्चा का विषय बना रहा और लोगों ने इस पर अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं दीं। अब अपने पुराने बयान पर उन्होंने स्पष्ट किया है कि उनका उद्देश्य किसी को भी जबरदस्ती काम करने के लिए मजबूर करना नहीं था, बल्कि उन्होंने यह बात सलाह के तौर पर आत्मनिरीक्षण के लिए कही थी।

**'किसी को मजबूर नहीं कर सकते'**

नारायण मूर्ति ने हाल ही में एक कार्यक्रम में कहा था कि युवा प्रोफेशनल्स को अपने करियर में सफल होने के लिए अधिक मेहनत करनी चाहिए। उनके इस बयान ने कई लोगों को नाराज किया और इसे काम के प्रति अत्यधिक दबाव के रूप में देखा गया। हालांकि, अब मूर्ति ने अपने बयान पर पुनर्विचार करते हुए कहा कि किसी को भी लंबे समय तक काम करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है। सोमवार को मुंबई में आयोजित किलाचंद स्मृति व्याख्यान के बाद पत्रकारों से बात करते हुए, मूर्ति ने कहा, मैंने अपने करियर में 40 साल तक हर हफ्ते 70 घंटे से अधिक काम किया। यह मेरा व्यक्तिगत अनुभव है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हर कोई ऐसा ही करे। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह जरूरी है कि हर व्यक्ति अपनी स्थिति और जरूरतों के अनुसार फैसले ले। मूर्ति ने आगे कहा, यह कोई नियम नहीं है। यह सिर्फ मेरा अनुभव है। हर व्यक्ति को अपनी क्षमता और परिस्थितियों के अनुसार काम करना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि काम के घंटों से ज्यादा जरूरी यह है कि हमारा काम समाज के लिए कितना फायदेमंद है।

# बजट 2025 में एविएशन सेक्टर के लिए हो सकते हैं ये बड़े ऐलान, शेयर बाजार पर भी दिख सकता है असर



नई दिल्ली,21 जनवरी (एजेंसियां)। भारत का एविएशन सेक्टर तेजी से विकसित हो रहा है और आगामी बजट 2025-26 में इस क्षेत्र के लिए कई जरूरी घोषणाएं की जा सकती हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को आम बजट पेश करने जा रही हैं, जिसमें एविएशन सेक्टर के लिए कुछ बड़े ऐलान होने की उम्मीद है। इस रिपोर्ट में हम उन संभावित घोषणाओं पर बात करेंगे जो इस सेक्टर को नई दिशा दे सकती हैं और शेयर बाजार पर भी प्रभाव डाल सकती हैं। किस तरह की घोषणाएं हो सकती हैं पहली घोषणा एविएशन इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश पर हो सकती है। सरकार ने पहले ही संकेत दिया है कि वह एयरपोर्ट्स और एयरलाइन सेवाओं के लिए भारी निवेश करने की योजना बना रही है। यह निवेश न केवल मौजूदा एयरपोर्ट्स के विस्तार के लिए होगा, बल्कि नए हवाई अड्डों के निर्माण के लिए भी होगा। इससे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। दूसरी घोषणा नए एयरलाइंस के लाइसेंस को लेकर हो सकती है। दरअसल, सरकार नए एयरलाइंस को लाइसेंस देने पर विचार कर रही है, जिससे कंपटीशन बढ़ेगा और यात्रियों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी। इससे मौजूदा एयरलाइंस को भी अपने सेवा स्तर को सुधारने पर विचार करना पड़ेगा। तीसरी घोषणा विमानन ईंधन पर टैक्स में छूट पर हो सकती है। विमानन ईंधन पर टैक्स में छूट देने का प्रस्ताव भी चर्चा में है। इससे एयरलाइंस की संचालन लागत कम होगी, जिससे वे टिकटों की कीमतों को प्रतिस्पर्धी बनाए रख सकेंगी। चौथी घोषणा सुरक्षा और तकनीकी सुधार पर हो सकती है। बजट में सुरक्षा उपायों को मजबूत करने और नई तकनीकों को अपनाने के लिए फंडिंग की घोषणा की जा सकती है। इससे न केवल सुरक्षा बढ़ेगी, बल्कि हवाई जहाज से यात्रा का अनुभव भी बेहतर होगा। 5वीं घोषणा डिजिटलाइजेशन और स्मार्ट एयरपोर्ट्स पर हो सकती है। दरअसल, सरकार स्मार्ट एयरपोर्ट्स के विकास पर जोर दे सकती है, जिसमें डिजिटल तकनीकों का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे यात्रियों को सुविधाजनक यात्रा अनुभव मिलेगा। इन संभावित घोषणाओं का सीधा असर एविएशन सेक्टर की कंपनियों के शेयरों पर पड़ सकता है।

## दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर




श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य • उत्तरायणे • ऋतु • शिशिर
महावीर निर्वाण संवत -2051,हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000 सूर्योदय - 06-53 सूर्यास्त. -18-02
भोग्य कलि वर्ष-426875
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125
दिशाशूल -- उत्तर - धनिया खाकर घर से निकले
तिथि- अष्टमी . 15-18 तक उपरान्त नवमीं
मास • माघ कृष्ण , बुधवार 22 January
नक्षत्र • स्वाति 02-33 तक उपरान्त विशाखा
योग • शूल 04-37 तक उप गण्ड
करण- कौलव 15-18 तक उप तैतिल
विशेष:-
व्रत -त्योहार •

| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | मकर | मे | मकर... | 06-21 बजे |
| चंद्र- | तुला | मे | कुंभ... | 08-12 बजे |
| मंगल | कर्क | मे | मीन... | 09-50 बजे |
| बुध- | धनु | मे | मेष... | 11-26 बजे |
| गुरु- | वृष | मे | वृष... | 13-11 बजे |
| शुक्र- | कुंभ | मे | मिथुन | 15-12 बजे |
| शनि- | कुंभ | मे | कर्क.. | 17-23 बजे |
| राहु- | मीन | मे | सिंह... | 19-36 बजे |
| केतु- | कन्या | मे | कन्या... | 21-44 बजे |
| | | | तुला..... | 23-48 बजे |
| | | | वृश्चिक... | 01-57 बजे |
| | | | धनु...... | 04-11 बजे |

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 12:28 से 13:52 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 06:53 - 08:15 | शुभ | उत्पात | 18:03 - 19:41 | अशुभ |
| अमृत | 08:15 - 09:39 | शुभ | शुभ. | 19:41 - 21:16 | शुभ |
| काल | 09:39 - 11:04 | अशुभ | अमृत. | 21:16 - 22:52 | शुभ |
| शुभ | 11:04 - 12:28 | शुभ | चंचल | 22:52 - 00:28 | शुभ |
| रोग | 12:28 - 13:52 | अशुभ | रोग. | 00:28 - 02:04 | अशुभ |
| उत्पात | 13:52 - 15:16 | अशुभ | काल. | 02:04 - 03:39 | अशुभ |
| चंचल | 15:16 - 16:41 | शुभ | लाभ | 03:39 - 05:15 | शुभ |
| लाभ | 16:41 - 18:02 | शुभ | उत्पात | 05:15 - 06:52 | अशुभ |

# आरबीआई का बड़ा फैसला, अब केवल इन्ही 2 नंबरों से आएंगे बैंकिंग कॉल



नई दिल्ली,21 जनवरी (एजेंसियां)।अगर आप भी बैंकिंग के नाम पर हो रही धोखाधड़ी और प्रमोशनल कॉल्स से परेशान हैं तो ये खबर आपके काम की साबित हो सकती है। दरअसल, इन दिनों फ्रॉड कॉल्स की समस्या आम हो गई है।

आप भी अक्सर सुनते होंगे कि किसी अन्य शख्स के साथ बैंक के नाम पर फ्रॉड हो गया। ऐसे में आपकी इस समस्या पर अब रिजर्व बैंक ने पूर्ण विराम लगा दिया है। जी हां, बैंकिंग कॉल्स के लिए आरबीआई ने नंबरों पर बड़ा फैसला लिया है। आरबीआई ने वित्तीय संस्थानों के लिए अपने ग्राहकों को लेनदेन और मार्केटिंग कॉल करने के लिए सिर्फ 2 डेडिकेटेड फोन नंबर सीरीज शुरू की हैं। यानि रिजर्व बैंक द्वारा तय कि गई इन्ही 2 सीरीज से ही यूजर को बैंकिंग कॉल्स आएंगे। आरबीआई की इस पहल से मोबाइल यूजर्स को फ्रॉड्स से राहत मिलेगी। आरबीआई के लेटेस्ट नोटिस के मुताबिक, बैंकों को अब सभी लेनदेन-संबंधी कॉल के लिए केवल 1600 से शुरू होने वाले फोन नंबर का ही इस्तेमाल करना होगा। इसको आप ऐसे भी समझ सकते हैं कि अगर आपने कोई ट्रांजेक्शन किया है और आपको इसके लिए कोई कॉल आना है तो वो सिर्फ 1600 सीरीज से शुरू होने वाले नंबरों से ही आयेगा। ऐसे में ग्राहक को ध्यान होगा इस सीरीज का नंबर बैंकिंग के लिए ही है। इससे धोखाधड़ी जैसे मामलों में राहत मिलने की उम्मीद है। वहीं, मार्केटिंग एसएमएस से मिलने वाली जानकारी के लिए बैंकों को सिर्फ 140 सीरीज से शुरू होने वाले नंबरों का इस्तेमाल करना होगा। आरबीआई ने ये नंबर बैंकिंग मार्केटिंग और एसएमएस के लिए तय किया है। 140 सीरीज से शुरू होने वाले नंबर से आपको पर्सनल लोन, क्रेडिट कार्ड या बीमा जैसी सेवाओं के लिए कॉल आ सकते हैं।

# अब गो फर्स्ट नहीं भरेगी उड़ान

## संपत्तियां बेचकर चुकाएगी कर्ज; 54 विमानों का पंजीकरण रद्द




नई दिल्ली,21 जनवरी (एजेंसियां)। जेट एयरवेज के बाद वित्तीय संकट में फंसी विमानन कंपनी गो फर्स्ट भी अब उड़ान नहीं भर सकेगी। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने सोमवार को 17 साल तक करोड़ों लोगों को हवाई सफर कराने वाली गो फर्स्ट के परिसमापन का आदेश दिया है। इसका मतलब है कि कंपनी को अपनी संपत्तियां बेचकर कर्ज चुकानी होगी। वित्तीय समस्याओं के कारण विमानन कंपनी ने मई, 2023 में स्वैच्छिक रूप से दिवालिया समाधान प्रक्रिया के लिए आवेदन किया था। गो फर्स्ट का परिचालन तीन मई, 2023 यानी करीब दो साल से बंद है। एनसीएलटी ने 15 पन्नों के आदेश में कहा, वह कंपनी गो एयरलाइंस (इंडिया) लि. के परिसमापन का आदेश दे रहा है। अब कर्जदाताओं की समिति (सीओसी) को अपने गठन के बाद और समाधान योजना की पुष्टि से पहले किसी भी समय गो फर्स्ट के परिसमापन का निर्णय लेने का अधिकार है। एनसीएलटी ने कहा, कॉरपोरेट देनदार के परिसमापन के प्रस्ताव को सीओसी ने 100 फीसदी वोटिंग के साथ मंजूरी दी थी। इसलिए, सीओसी के वाणिज्यिक विवेक में हस्तक्षेप करने की कोई योग्यता नहीं दिखती है। इससे दो महीने पहले सुप्रीम कोर्ट ने 7 नवंबर, 2024 को दिवालिया कार्यवाही मामले में बड़ा फैसला देते सुनाते हुए जेट एयरवेज के परिसमापन का आदेश दिया था। जेट एयरवेज ने आखिरी बार अप्रैल, 2019 में उड़ान भरी थी।

**परिसमापक नियुक्त, 75 दिन में देनी होगी रिपोर्ट**

एनसीएलटी ने दिनकर तिरुवनंदपुरम वेंकटसुब्रमण्यम को परिसमापक (लिक्विडेटर) नियुक्त किया है, जिन्हें कॉरपोरेट देनदार के वित्तीय मामलों की जांच जारी रखने के लिए कहा गया है। आदेश के मुताबिक, परिसमापक को परिसमापन प्रक्रिया के दौरान उनके निपटान के लिए लंबित आवेदनों का भी पालन करना होगा। परिसमापन को 75 दिन के भीतर एनसीएलटी को एक प्रारंभिक रिपोर्ट देनी होगी।

**आगे नहीं बढ़ पाई कर्ज समाधान प्रक्रिया**

दिवालिया समाधान प्रक्रिया के दौरान कम-से-कम दो बोलीदाता स्पाइसजेट के प्रमुख अजय सिंह के साथ बिजी बी एयरवेज और शारजाह स्थित विमानन कंपनी स्काई वन सामने आए थे। यात्रा पोर्टल ईजमाईट्रिप के सह-संस्थापक निशांत पिट्टी बिजी बी एयरवेज में बहुलांश शेयरधारक हैं। हालांकि, कर्ज समाधान प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई थी। इसके बाद एनसीएलटी ने गो फर्स्ट के परिसमापन का आदेश दिया है।

**54 विमानों का पंजीकरण रद्द**

दिवालिया प्रक्रिया के दौरान नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने गो फर्स्ट के 54 विमानों का पंजीकरण भी रद्द कर दिया। विमानन कंपनी ने 2005-06 में मुंबई से अहमदाबाद के लिए पहली उड़ान के साथ घरेलू परिचालन शुरू किया था। 2018-19 में अंतरराष्ट्रीय उड़ान शुरू की थी।

# पीएलआई : एसी-एलईडी लाइट्स बनाने वाली 24 कंपनियों का चयन, 3,516 करोड़ का करेंगी निवेश



नई दिल्ली,21 जनवरी (एजेंसियां)। व्हाइट गुड्स के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत एयर कंडीशनर (एसी) और एलईडी लाइट्स बनाने वाली 24 कंपनियों का चयन किया गया है। इन कंपनियों ने 3,516 करोड़ के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है।

**तीसरे दौर में मिले 38 आवेदन**

वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, पीएलआई योजना के ऑनलाइन आवेदन के तीसरे दौर में 38 आवेदन मिले। आवेदनों पर विचार के बाद 18 नई कंपनियां चुनी गईं। इनमें एसी कंपोनेंट बनाने वाली 10 और आठ एलईडी लाइट्स निर्माता कंपनियां शामिल हैं। इन्होंने 2,299 करोड़ की निवेश प्रतिबद्धता जताई है। इसके अलावा, छह मौजूदा लाभार्थी कंपनियों को उच्च निवेश श्रेणियों में अपग्रेड करने के लिए अस्थायी रूप से चुना गया है।इसके लिए 1,217 करोड़ का अतिरिक्त निवेश होगा। कुल मिलाकर, इन वस्तुओं के लिए योजना के तहत 84 कंपनियां 10,478 करोड़ का निवेश लाने वाली हैं। इससे 1,72,663 करोड़ मूल्य का उत्पादन होगा। अक्तूबर, 2024 में तीसरे दौर में 38 कंपनियों ने 4,121 करोड़ के निवेश प्रस्ताव के साथ आवेदन किया था

**देश में ही बनेंगे कलपुर्जे**

एसी के लिए कम्प्रेसर, कॉपर ट्यूब व हीट एक्सचेंजर जैसे कंपोनेंट अब देश में ही बनेंगे। एलईडी लाइट्स के लिए एलईडी चिप पैकेजिंग, लाइट मैनेजमेंट सिस्टम व कैपेसिटर के लिए मेटलाइज्ड फिल्म का विनिर्माण भी होगा।

# शुरुआती बढ़त गंवा लाल निशान पर बंद हुआ बाजार सेंसेक्स 1235 अंक टूटा, निफ्टी 2350 से नीचे

नई दिल्ली,21 जनवरी (एजेंसियां)। घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को उतार-चढ़ाव भरे सत्र के बाद बेंचमार्क सूचकांक बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की ताजपोशी के बाद घरेलू शेयर बाजार हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन हरे निशान पर खुला, पर थोड़ी ही देर में बिकवाली हावी हो गई और सेंसेक्स और निफ्टी नीचे फिसल गए।

**गिरावट के कारण सात महीने के निचले स्तर पर पहुंचा सेंसेक्स**

दिन के सत्र में खरीदार एक बार फिर सेंसेक्स-निफ्टी को हरे निशान पर लाने में सफल रहे, लेकिन ऊपरी स्तरों से बाजार फिर टूट गया। आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में गिरावट के कारण 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,235.08 अंक या 1.60 प्रतिशत गिरकर 75,838.36 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान बीएसई बेंचमार्क 1,431.57 अंक या 1.85 प्रतिशत गिरकर 75,641.87 अंक के निचले स्तर पर पहुंच गया।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से अपने शपथ ग्रहण समारोह के दिन पड़ोसी देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद वैश्विक व्यापार युद्ध की चिंता बढ़ गई, जिससे व्यापक स्तर पर बिकवाली हुई। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स सेंसेक्स सात महीने के निम्नतम स्तर पर आ गया।एनएसई निफ्टी 320.10 अंक या 1.37 प्रतिशत गिरकर 23,024.65 पर बंद हुआ। इंट्राडे कारोबार में एनएसई निफ्टी 367.9 अंक या 1.57 प्रतिशत गिरकर 22,976.85 पर बंद हुआ। इस दौरान ट्रेंट के शेयरों में छह फीसदी जबकि अदाणी पोर्ट्स के शेयरों में चार फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।

**ट्रंप की वापसी के बाद वैश्विक बाजारों में दिखी अनिश्चितता**

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजारों में आज काफी गिरावट देखी गई, जिससे अस्थिरता बढ़ी, ट्रंप ने अपने शपथ ग्रहण के दिन पड़ोसी देशों पर व्यापार शुल्क लगाने की घोषणा की, जिससे वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता देखी गई। चालू तिमाही की आय में कमजोर सुधार और रुपये में गिरावट के कारण एफआईआई की ओर से और अधिक निकासी की आशंका है।

सेंसेक्स के शेयरों में जोमैटो, एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा और एक्सिस बैंक प्रमुख रूप से पिछड़ गए। केवल अल्ट्राटेक सीमेंट और एचसीएल टेक्नोलॉजीज को ही लाभ हुआ।

**वैश्विक बाजार में दिखा मिला-जुला रुख**


मंगलवार को यूरोपीय बाजार बढ़त के साथ कारोबार करते दिखे। एशियाई बाजारों में मंगलवार को टोक्यो और हांगकांग में तेजी रही, जबकि शंघाई और सियोल में कोई खास बदलाव नहीं हुआ। मार्टिन लूथर किंग जूनियर दिवस के अवसर पर सोमवार को अमेरिकी बाजार बंद रहे।वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.76 प्रतिशत गिरकर 79.54 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 4,336.54 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी बेची। सोमवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 454.11 अंक उछलकर 77,073.44 पर और एनएसई निफ्टी 141.55 अंक चढ़कर 23,344.75 पर बंद हुआ था।

# सोने-चांदी के दाम में तेजी:सोना 104 रुपए बढ़कर 79,449 रुपए पर पहुंचा, चांदी 91,075 रुपए प्रति किलो बिक रही

नई दिल्ली,21 जनवरी (एजेंसियां)। सोने-चांदी की कीमतों में आज यानी 21 जनवरी को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 104 रुपए बढ़कर 79,449 रुपए पर पहुंच गया। इससे पहले सोने का दाम 79,345 रुपए प्रति दस ग्राम था।वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 875 रुपए बढ़कर होकर 91,075 रुपए प्रति किलो हो गई। इससे पहले ये 90,200 रुपए प्रति किलो पर थी। सोने ने पिछले साल 30 अक्टूबर को 79,681 प्रति 10 ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं, चांदी 23 अक्टूबर 2024 को 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

**महानगरों सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 74,650 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 81,380 रुपए है।



**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 74,500 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 81,230 रुपए है।

**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 74,500 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 81,230 रुपए है।

**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 74,500 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 81,230 रुपए है।

**भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 74,550 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 81,280 रुपए है।

**हैदराबाद :** सोने(गोल्ड) का रेट 24 कैरेट के लिए 81,230 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट के लिए

## आपका राशिफल

**मेष** — चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,

आज के दिन हालाँकि आप अपनी नौकरी और कार्य क्षेत्र से काफी संतुष्ट है परन्तु क्रोध के कारण आप अपना आपा खो सकते है और किसी सहकर्मी से आप विवाद में फँस सकते है। इन घटनाओ की वहज से कोई लापरवाही भरा निर्णय न ले जो की आपके लिए अच्छा न हो । आपको अपने क्रोध पर नियंत्रण रखना होगा अन्यथा आप इन घटनाओ की वहज से ऐसी नौकरी छोड़ सकते है जिससे आप काफी संतुष्ठ है ।

**वृष** — ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,

आपकी आय और कैरियर को प्रभावित करने वाले ग्रहों के बीच का गठबंधन अब अपनी मजबूत केंद्र बिंदु पर आ रहा हैं। इसका मतलब यह है की अगर आप अपने कैरियर के लिए अपने समय और ऊर्जा से कार्य करते है, तो आपकी जमा राशि को बढ़ावा मिलेगा । आप में ऐसी ऊर्जा और क्षमता है की आप और अधिक कार्य करके अपनी आय में और सुधार ला सकते है ।

**मिथुन** — का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,

आज इस बात के जबरदस्त संकेत है की आप अपने कार्य क्षेत्र का परिवर्तन कर सकते है या आप के कार्य क्षेत्र से जुडी दिशा का बदलाव हो सकता है । अभी तक आप जिस चीज़ को शौकिया तौर पर लेते थे वही चीज़ आपके लिए धन उपार्जन का रास्ता बन सकती है यहाँ तक की आप अपनी नौकरी भी इस काम के लिए छोड़ सकते है।

**कर्क** — ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,

आप एक लंबे समय से सीधे और संकीर्ण रास्ते में कठिन काम कर रहे है, लेकिन आज आप अपने कार्य को पूरा करने के लिए प्रवंचना या चतुराई का सहारा ले सकते है , हालाँकि ये एक अनावश्यक जोखिम है। लोग आसानी से आपके तंत्र को पहचान लेंगे और इसे अपराध के रूप में लेंगे और आपने सालो से जो प्रतिष्ठा कमाई है वो आप गवां सकते है ।

**सिंह** — मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,

आज आपका वित्त और धन अस्थिर रह सकते हैं और आप अपने आप को नुकसान की स्थिति में पा सकते हैं , पर आप ज्यादा चिंता न करे , क्योकि यह एक छोटा नुकसान हो सकता है। सतर्क रहे । आपका परिवार हमेशा आपके साथ है और आपके बचाव में खड़ा है । आप बहुत जल्दी इस घाटे को पूर्ण करने में सक्षम है।

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

हालाँकि , आप अच्छी तरह से अपने क्षेत्र में स्थापित हैं पर आज आप अपने काम में बैचैनी महसूस कर सकते हैं । किसी चीज़ को लेकर आप में असंतोष की भावना आज आपको परेशान कर सकती है हालांकि, अभी अपनी नौकरी छोड़ने का कदम बेवकूफी भरा होगा । ये क्षणिक भावनाए हैं जिससे आप गुमराह हो सकते है इसलिए आज किसी भी प्रमुख कैरियर निर्णय लेने से बचें ।

**तुला** — रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,

आपको सर्वशक्तिमान के संदेश अपने किसी निकट के व्यक्ति से मिल रहे हैं। उन्हें प्राप्त करने के लिए ग्रहणशील रहे और निर्देशो का पालन करने की कोशिश करे । आपको अपने कार्य योजना में परिवर्तन करना होगा ताकि कोई गलती न हो जिसे आप पूर्ववत नहीं कर सकते है । वित्तीय स्थिति और खर्च में अच्छा संतुलन बना रहेगा , हालाँकि आप खर्चीले साबित हो सकते है।

**वृश्चिक** — तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,

आज के दिन की शुरुआत उल्लेखनीय होगी। आपको पदोन्नति या नई जिम्मेदारी की पेशकश की जा सकती है और भाग्यशाली लोगों को नयी नौकरी के अद्भुत अवसर प्राप्त हो सकते है! आपकी कड़ी मेहनत की प्रशंसा चारो और हो रही है और ये समय इसका फल पाने का समय है । वितीय स्थिति में धन के प्रवाह की वजह से मजबूती आने की संभावना है ।

**धनु** — ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे

आप में अति आत्मविश्वास पैदा होगा क्योकि आपके सारे कार्य बड़ी खूबसूरती के साथ क्रियान्वयन हो रहे है। आज समय है की आप अपना कदम पीछे ले और सोचे की वास्तव में आप के लिए क्या आवश्यक है , उसका मूल्यांकन करे और ध्यान दे की आप अपनी क्षमताओ से क्या हासिल कर सकते हैं । आपको ध्यान रखना है की आपकी जितनी चादर है उतना ही पाव फैलाये ।

**मकर** — भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी

आपके कार्यस्थल पर कोई अपने घमंड में अपनी उपलब्धियों को गिना सकता है , परन्तु आप बुरा न माने क्यों की वह आपको बुरा महसूस कराना चाहता है। आपने इस अनुपात में पहले ही इन उपलब्धियों को छुआ है । वित्तीय मोर्चे पर आप को पहले ही आपकी जरुरत या उससे ज्यादा ही मिला है जिसे आप संजोके रख सकते है ।

**कुंभ** — गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,

आज आप वह प्यार और ख़ुशी को पाएंगे जो आप अपने कार्य क्षेत्र में महसूस करते थे । बाहरी दबावों और काम के बोझ की वजह से वह ख़ुशी कही दब सी गई थी पर एक खुशनुमा पल आपको ये एहसास कराएगा की क्यों अपने ये कार्य क्षेत्र चुना था और ये क्यों आप पर इतना जचता है । आज का दिन अपने कार्य क्षेत्र में अपना रवैया बदलने के लिए अति उत्तम है ।

**मीन** — दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची

ये समय अपनी प्रतिभा पर ध्यान केंद्रित करने और अपनी कमजोरियों के बारे में चिंता न करने का है । यह आप के लिए जीत का युग है! आप अपनी रणनीति के साथ दृढ़ हैं और अपने शब्दों के साथ अत्यंत सटीक रहेंगे । आपको पैतृक संपत्ति से या अपने अतीत के निवेश से कुछ अप्रत्याशित धन प्राप्त हो सकता है , लेकिन मौद्रिक लेनदेन में शामिल किसी पर भी भरोसा न करे और सावधान रहे ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# देवघर एयरपोर्ट में जबरन घुसने का मामला, सीआईडी जांच नहीं

## सुप्रीम कोर्ट से सांसद निशिकांत और मनोज तिवारी को राहत, कहा- डीजीसीए ले सकती है एक्शन



रांची, 21 जनवरी (एजेंसियां)। देवघर एयरपोर्ट में कथित तौर पर जबरन घुसने और विमान उड़ाने का दबाव बनाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सांसद बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे और मनोज तिवारी को बड़ी राहत दी है। अदालत ने झारखंड हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने उनके खिलाफ झारखंड सीआईडी की तरफ से की रही जांच रद्द करने के हाईकोर्ट के फैसले को सही ठहराया है।

अपने कमेंट्स में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने फैसला देते हुए कहा कि अगर इस मामले में कोई केस बनता भी है, तो वह एयरक्राफ्ट एक्ट के तहत बनता है।

इस एक्ट का मामला केंद्र सरकार के तहत आने वाले डीजीसीए को देखना होता है। इसमें राज्य सरकार की सीआईडी का कोई काम नहीं। बीते 13 मार्च 2023 को झारखंड हाईकोर्ट में इस मामले में सुनवाई हुई थी। जहां जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत ने कुंदा थाने में दर्ज एफआईआर को निरस्त कर दिया था। ऐसा करने से देवघर एयरपोर्ट मामले में सांसद निशिकांत दुबे, उनके दो बेटे, सांसद मनोज तिवारी और भाजपा नेता कपिल मिश्रा सहित 9 लोगों को राहत मिली थी। झारखंड हाईकोर्ट ने कमेंट्स करते हुए कहा था कि पुलिस की कार्रवाई दुर्भावना भरा है।

हाईकोर्ट ने कहा था कि मामला पुलिस के अधिकार क्षेत्र में आता ही नहीं है। सांसदों पर केस दर्ज करने से पहले सक्षम ऑथोरिटी से अनुमति भी नहीं ली गई। जिसके बाद हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची। जहां आज अदालत ने फैसला सुनाया।

हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि देवघर एयरपोर्ट में कथित तौर पर जबरन घुसने और विमान उड़ाने का दबाव बनाने के मामले में झारखंड पुलिस अपने पास उपलब्ध सामग्री डीजीसीए को दे सकती है। अगर डीजीसीए चाहे तो इसके आधार पर कार्रवाई कर सकता है। एफआईआर में आईपीसी की धारा 336 (दूसरों का जीवन खतरे में डालना) और 441 (किसी परिसर में जबरन प्रवेश) से भी जुड़ा बताया गया था। सुनवाई के दौरान जज इससे सहमत नहीं हुए। बेंच ने कहा था, 'इसमें दूसरों के जीवन को खतरे में डालने का मामला कहां है? न ही जबरन प्रवेश का मामला है। वह सिर्फ उड़ान भरने की इजाजत मांग रहे थे। उनका इरादा कोई अपराध करने का भी नहीं था। देवघर एयरपोर्ट मामले में तब सांसद निशिकांत दुबे ने हेमंत सोरेन पर निशाना साधा। अपने एक्स अकाउंट पर लिखा था कि पीड़ित परिवार से हम मिलने गए तो आप इतने बौखला गए कि पेड सिस्टम हमें गाली देने लगा। झारखंड के इस्लामीकरण से त्रस्त परिवार के इंसाफ की लड़ाई केस-मुकदमे से बंद नहीं होगी। इसके बाद सांसद की शिकायत पर नॉर्थ एवेन्यू थाने में दर्ज जीरो एफआईआर उन्होंने कहा है कि देवघर पुलिस ने उनके 2 बेटों को गाली दी और डीसी के कहने पर जान से मारने की धमकी दी।

## एक करोड़ कैश के साथ पकड़ाया ट्रैक्टर शोरूम का मालिक

### आचार संहिता के बीच कार से बरामद, दुर्ग पुलिस के बाद आईटी कर रही पूछताछ

दुर्ग, 21 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में आचार संहिता लगते ही पुलिस अलर्ट मोड पर है। इसी बीच दुर्ग पुलिस ने ट्रैक्टर शोरूम संचालक की कार से 1 करोड़ रुपए कैश जब्त किया है। दस्तावेज नहीं दिखा पाने पर कैश को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के हवाले कर दिया गया है। घटना अंजोरा चौकी क्षेत्र की है। मिली जानकारी के मुताबिक, सोमवार शाम से लगातार पुलिस गाड़ियों की चेकिंग कर रही है। इसी दौरान राजनांदगांव से दुर्ग जिले में आने वाली सभी गाड़ियों की तलाशी की जा रही थी, तभी रात 8 बजे एक संदिग्ध कार दिखी, जिसकी तलाशी ली गई।

इस कार को स्वराज ट्रैक्टर शोरूम के संचालक चंद्रेश राठौर चला रहे थे। पुलिस ने जब कार की तलाशी ली, तो डिक्की से कैश मिला। पुलिस ने चंद्रेश राठौर से बड़ी संख्या में कैश को लेकर दस्तावेज मांगे, तो वो नहीं दे सके।

# दुर्ग में बीएसपी कर्मी से ठगे 21 लाख

## ट्रेडिंग में मोटे मुनाफे के बहाने फंसाया, ठग बोले- मेंबर को कम रेट पर बेचते हैं शेयर

भिलाई, 21 जनवरी (एजेंसियां)। साइबर ठग ने बीएसपी कर्मी से ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 21 लाख रुपये ठग लिए हैं।बीएसपी कर्मी की शिकायत पर भिलाई नगर पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। मामला भिलाई नगर थाना अंतर्गत सेक्टर 7 में रहने वाले पांडव चरण राऊल के साथ साइबर ठगी का है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ठगी की शिकायत रशियन कॉम्प्लेक्स सेक्टर 7 भिलाई निवासी पांडव चरण राऊल (53 साल) ने दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 13 दिसंबर 2024 को 12 बजे उसके मोबाइल पर एक कॉल आया था। कॉलर ने खुद को आदित्य बिरला ग्रुप का कर्मचारी बताया।

उसने बताया कि वो एसईबीआई के द्वारा रजिस्टर्ड क्यूआईबी (क्वालिफाइड इनस्टिट्यूशनल बयर्स) है, जो शेयर ट्रेडिंग का काम करते हैं। उसने पांडव को आदित्य बिरला ग्रुप ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग में पैसा इन्वेस्ट करने को बोला। इस पर पांडव ने उसे मनाकर दिया और फोन काट दिया। इसके दो दिन बाद फिर ठग ने पांडव को फिर फोन किया।

कॉल करने वाले ने अपना नाम आर्या आनंद बताया। उसने कहा कि हम लोग आदित्य बिरला ग्रुप से रजिस्टर्ड हैं और कंपनी से कम रेट पर शेयर खरीद कर कम रेट पर अपने मेंबर को बेचते हैं। इससे उन्हें अधिक मुनाफा होता है। इसके बाद उसने पांडव को एक वाट्सएप ग्रुप में जोड़ दिया।

इसके बाद जालसाजों ने पांडव को एक ऑनलाइन लिंक भेजा और ऑनलाइन अकाउंट खोलने के लिये कहा। पांडव ने उस लिंक को ओपन करके उसमें मांगी गई जानकारी को भर दिया। इसके बाद उसके पास कन्फर्मेशन कॉल आया कि उनका ऑनलाइन अकाउंट खोला गया है। इसके बाद ठग ने उसे एप का लिंक भेजा और उसे डाउनलोड करवाया। उसके बाद 23 दिसंबर 2024 को फिर से ठग ने पांडव को फोन किया और आईसीआईसीआई बैंक का एक अकाउंट नंबर दिया।

उसने पांडव से 3 लाख 50 हजार रुपये जमाकर शेयर खरीदने के लिये कहा। पांडव ने अपने एसबीआई बैंक के खाते से रकम आईसीआईसीआई बैंक के खाता में जमा करा दिया। अगले दिन फिर से ठग ने पांडव को फोन किया और आईसीआईसीआई बैंक के अकाउंट 2 लाख जमाकर शेयर खरीदने के लिये कहा। पांडव ने फिर से 2 लाख रुपये उसके खाते में भेज दिया।

30 दिसंबर 2024 को ठग ने फिर फोन कर आईडीएफसी बैंक के अकाउंट 9 लाख रुपये जमा करने के लिए कहा। पांडव ने ऐसा किया।

10 जनवरी 2025 को उसके मोबाइल में फिर फोन आया और आईडीएफसी बैंक के अकाउंट में 6 लाख 58 हजार 640 रुपये जमा करने बोला। पांडव ने बिना सोचे रकम जमा कर दी।

# सीमेंट भरी बाल्टी से सिर फोड़कर हत्या, गिरफ्तार

## पति ने पत्नी को लड़कों से बातचीत करने से रोका था, महासमुंद के रहने वाले थे

रायपुर, 21 जनवरी (एजेंसियां)। रायपुर में पति ने अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी। उसने सीमेंट भरी बाल्टी से उसका सिर फोड़ दिया। जिससे वो बुरी तरह लहूलुहान हो गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पति ने पत्नी को लड़कों से बातचीत करने से मना किया था। बात नहीं मानने पर उसने हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पति गजेंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया है। टिकरापारा थाना प्रभारी विनय सिंह से मिली जानकारी के मुताबिक, पुलिस को शनिवार शाम 8:30 बजे के करीब सूचना मिली कि कमल विहार इलाके में एक महिला की हत्या हुई है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि आरोपी पति गजेंद्र यादव ने अपनी पत्नी हेमलता यादव (27) के सिर पर सीमेंट भरी बाल्टी मारकर मार डाला।

पुलिस ने इस मामले में आसपास के लोगों से पूछताछ की, तो पता चला कि दोनों पति-पत्नी के बीच वारदात के पहले जमकर विवाद हुआ था। पति गाली-गलौच भी कर रहा था। पुलिस को महिला की लाश के पास ही सीमेंट से भरी बाल्टी भी मिली है। जिससे मारकर हत्या हुई है। साथ ही लाश के आसपास खून भी बिखरा हुआ था। इस मामले में फोरेंसिक की टीम ने मौके पर जाकर सबूत जुटाए है। उसके साथ ही आरोपी पति गजेंद्र यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि, दोनों चिरको पटेवा महासमुंद जिले के रहने वाले हैं।

# थैले में मिला युवती का कटा सिर, कलाई और पंजा

## नदी में नहा रहे बच्चों ने देखा थैला, अंदर टॉप और इनर-वियर भी

कोरबा, 21 जनवरी (एजेंसियां)। कोरबा जिले के हसदेव नदी में एक थैले में युवती के शव के टुकड़े मिले हैं ।ये थैला मछली पकड़ने पहुंचे बच्चों को मिला। इसमें लंबे बालों के साथ युवती का कटा हुआ सिर, एक कलाई का हिस्सा और एक पंजा था। पुलिस ने इसे जब्त कर लिया है। मामला सीएसईबी पुलिस चौकी इलाके का है। सोमवार को कुछ बच्चे पुराने फिल्टर हाउस के पास पहुंचे थे। यहीं उन्हें प्लास्टिक का थैला मिला। सिर और शरीर के अंगों को काले-मरून रंग के कपड़े से लपेटा गया था। थैले में एक इनर वियर के साथ गुलाबी रंग का टॉप भी मिला है। ये थैला नदी में तैरते हुए बच्चों के पास पहुंचा था। शुरुआत में बच्चों को प्लास्टिक का थैला नारियल या कुछ और सामान से भरा लगा। थोड़ा ही खोलने पर उसमें से बदबू आने लगी। जिससे बच्चों को शक हुआ इसी बीच कुछ और लोग भी वहां पहुंच गए।

लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शुरुआती जांच के बाद आशंका जताई है कि यह घटना लगभग डेढ़ से दो महीने पुरानी हो सकती है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम और फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने मौके का जायजा लिया। शरीर के अंग काफी गले हुए हालत में हैं। ऐसे में शव की पहचान के लिए आसपास के क्षेत्रों में मुनादी कराई जा रही है। पुलिस ने कोरिया, महेंद्रगढ़, चिरमिरी, भरतपुर और कोरबा के निवासियों से अपील की है कि जिनकी महिला परिजन पिछले चार महीनों से लापता है, वे सीएसईबी पुलिस चौकी से संपर्क करें।

## बंगाल से वापस लौटा बाघ

### 3 जगह मिले पंजे के निशान, दहशत, अंधेरे में घर से नहीं निकलने की अपील

जमशेदपुर, 21 जनवरी (एजेंसियां)। जमशेदपुर में एक फिर बाघ वापस लौट आया है। वो बंगाल चला गया था, पर सोमवार को पटमदा के बाटालुका-हमबेड़ा गांव में तीन जगहों पर बाघ के पंजे के निशान मिले हैं। वन विभाग बाघ को ट्रेस करने का प्रयास कर रहा है। यह वही बाघ है जो पिछले दिनों चांडिल के तुलग्राम-खूंटी जंगल होते हुए दलमा क्षेत्र में विचरण कर रहा था, फिर बंगाल चला गया था। बाघ अब वापस दलमा की ओर लौट रहा है। इधर, बाघ को लेकर आस-पास के ग्रामीणों को सतर्क कर दिया गया है।

# 171 रुपये किलो में बेच रहे थे पनीर, 5000 किलो जब्त

## केमिकल से बनाया, रोजाना 1000 किलो सप्लाई, रायपुर रेलवे स्टेशन-बस स्टैंड में खाद्य विभाग का एक्शन

रायपुर, 21 जनवरी (एजेंसियां)। रायपुर में खाद्य विभाग ने 5100 किलो नकली पनीर पकड़ा है। विभाग ने सोमवार को रेलवे स्टेशन और भाठागांव बस स्टैंड में दूसरे राज्यों से आने वाली नकली पनीर की खेप जब्त की। अधिकारियों ने बताया कि रायपुर रेलवे स्टेशन में मध्यप्रदेश से 49 बॉक्स और बस के जरिए पुणे की एक डेयरी से 53 बॉक्स पनीर आए थे।

अफसरों के मुताबिक डालडा, स्कीम मिल्क पाउडर पाम ऑयल को मिलाकर पनीर तैयार किया गया है। जांच के दौरान जो दस्तावेज मिलें है, उसमें एक किलो पनीर की कीमत 171 रुपए लिखी है। हालांकि सैंपल जांच के लिए लैब भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। रायपुर में रोजाना अलग-अलग राज्यों से 1000 किलो नकली पनीर की सप्लाई की बात सामने आई है। फूड डिपार्टमेंट ने नकली पनीर के कुल 102 बॉक्स पकड़े हैं। एक बॉक्स में 50 किलो पनीर भेजा गया था। जिसका कुल वजन 5100 किलो है। अधिकारियों ने बताया कि पनीर की बड़ी खेप किसने मंगवाई है, इसकी जांच की जा रही है। लंबा इंतजार करने के बाद भी कोई पनीर लेने नहीं पहुंचा है, जिसके बाद पनीर को जब्त किया गया है। वहीं बस के जरिए यह सामान कौन सी डेयरी में आया है। यह पता लगाया जा रहा है।

अलग-अलग राज्यों से रायपुर के कुछ डेयरी संचालक ऑर्डर पर नकली पनीर मंगवाते हैं और इसे छोटे डेयरी संचालकों को बेचते हैं। इसके साथ ही रेस्टोरेंट, होटल, कैफे शादी-पार्टियों का काम करने वाले कैटरर्स को पनीर बड़ी मात्रा में बेचा जा रहा है।

नकली पनीर को बनाने के लिए खराब दूध, आटा, डिटर्जेंट पाउडर, पाम ऑयल, ग्लिसरॉल मोनोस्टियरेट पाउडर जैसी चीजों को मिलाया जाता है। इसके अलावा असली पनीर के जैसा शेप (आकार) देने के लिए नकली पनीर में सल्फ्यूरिक एसिड का इस्तेमाल किया जाता है। ये सभी चीजें शरीर के लिए नुकसानदायक होती हैं।

आप घर में भी असली पनीर की पहचान कर सकते हैं। इसका सबसे आसान तरीका है कि इसे हाथों से मसलकर देखें। ऐसा करने पर नकली और मिलावटी पनीर का चूरा बन जाएगा क्योंकि यह पाउडर मिल्क से बनाया जाता है। जबकि असली पनीर ज्यादा सॉफ्ट होता है।

## स्टील एक्सप्रेस पर पथराव, दो एसी कोच के शीशे टूटे

### ट्रेन को टाटानगर रेलवे स्टेशन पर रोका गया, आरपीएफ जांच में जुटी

जमशेदपुर, 21 जनवरी (एजेंसियां)। हावड़ा से टाटानगर आ रही ट्रेन (12813) स्टील एक्सप्रेस पर शरारती तत्वों ने सोमवार की रात को पथराव किया। पथराव राखामाइंस और गालूडीह स्टेशन के बीच हुई है। पथराव से ट्रेन के सी 2 और डी 4 कोच के शीशे टूट गए। इस घटना में किसी भी यात्री को चोट नहीं आई है। पथराव से यात्रियों में भय अवश्य हो गया। इसकी सूचना यात्रियों ने रेलवे के अधिकारियों को दी। इसके बाद टाटानगर रेलवे स्टेशन पहुंचने पर आरपीएफ के जवानों ने कोच की स्थिति को देखा। घटना के संबंध में यात्रियों से पूछताछ भी की। आरपीएफ पथराव करने वालों की पहचान करने में जुट गई है। घटना की सूचना मिलते ही ट्रेन को टाटानगर रेलवे स्टेशन पर रोका गया। मौके पर पहुंची आरपीएफ की टीम ने तत्काल जांच शुरू कर दी।

# सेंट्रल बैंक के ब्रांच मैनेजर ने गिरोह के साथ ऊर्जा विभाग के पैसे जमा कराने के लिए बनाए फर्जी पेपर

## फर्जी खाते में भेजा

रांची, 21 जनवरी (एजेंसियां)। झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड व झारखंड ऊर्जा उत्पाद निगम लिमिटेड के खाते से करीब 107 करोड़ रुपए फर्जी खातों में हुए ट्रांसफर मामले में सीआईडी ने (कांड संख्या 43/24 में) तीन के विरुद्ध सोमवार को चार्जशीट दाखिल किया है। इनमें सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया बिरसा चौक शाखा का ब्रांच मैनेजर लोलस लकड़ा, उसके सहयोगी लोकेश्वर साहू और समीर कुमार शामिल हैं। चार्जशीट में बताया गया है कि बैंक में झारखंड स्टेट इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज मास्टर ट्रस्ट की राशि थी। जिसे बैंक में सिर्फ ब्याज पाने के लिए रखा गया था। राशि को सेंट्रल बैंक की इसी शाखा में ही रखा जाए, इसकी साजिश रची गई। लोलस लकड़ा ने अभियुक्तों के साथ मिलकर फर्जीवाड़ा किया। उर्जा विभाग को उसी शाखा में उच्च ब्याज दर देने के लिए फर्जी कागजात तैयार किए।

विभाग को लगा कि उच्च दर पर बैंक ब्याज राशि दे रहा है, इसलिए राशि उसी शाखा में जमा करा दिए। अभियुक्तों ने पैसे हड़पने के लिए पहले फर्जी खाता खोला। इन खातों को पूरा गिरोह एक्सेस करता था। चेक, सिग्नेचर, पासबुक सब इन्हीं के पास था। आरोपी आसानी से पैसे फर्जी अकाउंट से दूसरे फर्जी अकाउंट में लगातार ट्रांसफर करते रहे। इसकी भनक ऊर्जा विभाग को नहीं मिली। राशि 900 खातों में हुई राशि ट्रांसफर, शेयर ट्रेडिंग की गईसीआईडी ने चार्जशीट में बताया है कि अभियुक्तों ने ऊर्जा विभाग की राशि का उपयोग शेयर ट्रेडिंग के लिए किया। अबतक ऐसे 900 खातों के बारे में एसआईटी ने जानकारी जुटाई है, जिनमें ऊर्जा विभाग के पैसे ट्रांसफर किए गए। जांच में पता चला है कि फर्जी खातों से ऐसे लोगों को भी राशि ट्रांसफर की गई, जो वैध तरीके से शेयर ट्रेडिंग करते थे।

## जंगली हाथी का आतंक

### किसानों की फसलें और घर किए तबाह, लोगों ने भागकर बचाई जान

गुमला, 21 जनवरी (एजेंसियां)। गुमला जिले के चैनपुर प्रखंड में एक जंगली हाथी ने किसानों की फसलों और संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचाया है। अनुमंडल कार्यालय के निकट स्थित डैम के पास बेंदोरा पंचायत के करतो डैम क्षेत्र में हाथी ने रात भर तांडव मचाया। पीड़ित किसान विनय भगत के अनुसार, हाथी रात 12 बजे से सुबह 4 बजे तक उनके खेत में रहा। इस दौरान उन्होंने परिवार के साथ भागकर अपनी जान बचाई। हाथी ने विनय भगत और किशुन महतो के गेहूं के खेतों को नष्ट कर दिया। घर के कुछ हिस्सों को तोड़ अंदर कुछ वहां रखे धान, चावल और मडुआ को भी रौंद डाला। जालसू भगत के आलू के खेत और सूरजनाथ भगत के केले की फसल को भी बर्बाद कर दिया। स्थानीय ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। हाथी के अभी भी क्षेत्र में मौजूद होने की आशंका के चलते उन्होंने वन विभाग से टॉर्च और पटाखों की मांग की है।

# नाबालिग से गैंगरेप, पिता-बेटी और नातिन को मार डाला

## 5 हत्यारे-बलात्कारियों को फांसी, एक को उम्र कैद, 4 साल बाद कोर्ट ने सुनाई सजा

कोरबा, 21 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में 4 साल पहले 16 साल की पहाड़ी कोरवा नाबालिग लड़की से गैंगरेप के बाद उसकी हत्या कर दी गई। साथ ही पिता और 4 साल की बच्ची को भी मार डाला। कोर्ट ने 5 हत्यारों और बलात्कारियों को फांसी और एक को उम्रकैद की सजा सुनाई है। मामला लेमरू थाना इलाके का है।



हत्यारों में सतरेंगा गांव निवासी दोषी संतराम मंझवार (45), अनिल कुमार सारथी (20), आनंद दास (26), परदेशी दास (35) और जब्बार उर्फ विक्की (21) शामिल हैं। वहीं एक आरोपी उमाशंकर यादव (22) को आजीवन कारावास की सजा मिली है। यह हत्या में शामिल था, रेप नहीं किया था। 29 जनवरी 2021 को गढ़-उपोड़ा के कोराई जंगल में एक परिवार के 3 लोगों की हत्या कर दी गई थी। मृतकों में देवपहरी गांव के धरमू उर्फ झकड़ी राम (45), उनकी बेटी (16) और नातिन सतमति (4) शामिल थे। 30 जनवरी को जंगल में तीनों का शव मिला था। धरमू का परिवार हत्यारे संतराम मंझवार के यहां रहकर उसके मवेशियों को चराने का काम करता था। इसके एवज में 8000 रुपए सालाना और हर महीने 10 किलो चावल देने की बात कही थी, लेकिन संतराम मंझवार मात्र 600 रुपए और 10 किलो चावल दिया था, इसलिए 29 जनवरी 2021 को पैसों का हिसाब-किताब किया। उसके बाद परिवार घर जाने के लिए सतरेंगा के बस स्टैंड चले गया। इसी बीच हत्यारा संतराम मंझवार अपने साथियों के साथ आया। सभी को बाइक से घर छोड़ने की बात कही। पत्नी को एक बाइक से आगे भेज दिया। उसके पति, नाबालिग बेटी और नातिन को रोक लिया। इसके बाद संतराम मंझवार ने धरमू को रास्ते में रोककर शराब पिलाई। फिर साजिश के तहत उसके नाबालिग बेटी से बारी-बारी से सभी ने रेप किया। वारदात के बाद डंडा और पत्थर से हमला कर दिया। उसे मरा समझकर फेंक दिए। इसके बाद उसके पिता और नातिन को भी पत्थर से हमलाकर मार डाला। इसके बाद जब तीनों घर नहीं पहुंचे, तब परिजनों ने संतराम से पूछा। उसने कहा कि वह उन्हें गांव के पास छोड़कर आ गया था। 4 दिन बाद परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने संतराम को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इसके बाद मामले का खुलासा हुआ। सभी शव बरामद किए गए। जिला एवं अपर सत्र न्यायालय (पॉक्सो) के विशेष न्यायाधीश डॉ. ममता भोजवानी ने फैसला सुनाते हुए कहा कि, मानवीय और निर्दयता पूर्वक किया गया कृत्य वीभत्स, पाशविक और कायरतापूर्ण है। वासना को पूरा करने के लिए निर्दोष और कमजोर लोगों की हत्या की गई, जिससे पूरे समाज की सामूहिक चेतना को आघात पहुंचा है।

# नए टेंडर नहीं होंगे, पहले से स्वीकृत काम चलते रहेंगे

## आचार संहिता लागू, 24 फरवरी तक रहेगा असर

रायपुर, 21 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में निकाय और पंचायत चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है। सोमवार 20 जनवरी से आचार संहिता लग चुकी है। निकाय चुनाव 11 फरवरी को होंगे। वहीं 15 फरवरी को नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत के नतीजे आ जाएंगे। इस बार नगरीय निकाय के चुनाव ईवीएम से ही होंगे। 3 चरण में 17, 20 और 23 फरवरी को पंचायत चुनाव के लिए मतदान होगा। इसके नतीजे 18, 21 और 24 फरवरी को आएंगे। त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव बैलेट पेपर से होंगे। तो चलिए जानते हैं कि, आचार संहिता के दौरान क्या काम होंगे, क्या नहीं होंगे। आचार संहिता के दौरान किसी भी काम का नया ठेका नहीं दिया जा सकता है। सांसद निधि, विधायक निधि या जन प्रतिनिधियों के कोष से होने वाले काम रोक दिए जाएंगे। कोई भी नया काम शुरू नहीं होगा। किसी नए काम के लिए टेंडर भी नहीं खोले जाएंगे। किसी नए काम की घोषणा नहीं होगी। सार्वजनिक धन का इस्तेमाल किसी ऐसे आयोजन में नहीं किया जा सकता। जिससे किसी विशेष दल को फायदा पहुंचता हों। सरकारी गाड़ी, सरकारी विमान या सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल चुनाव प्रचार के लिए नहीं किया जा सकता है। सरकारी वाहन किसी दल या प्रत्याशी के हितों को लाभ पहुंचाने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाएगा।

# झारखंड में शुरू होगा डोनर ह्यूमन मिल्क बैंक

## नवजातों को मां का दूध उपलब्ध कराना उद्देश्य चार जिले में पायलट प्रोजेक्ट के तहत शुरुआत

रांची, 21 जनवरी (एजेंसियां)। जन्म के आधे घंटे के भीतर मां का पहला गाढ़ा दूध बच्चे के लिए पीना आवश्यक होता है। एक उम्र तक मां का दूध बच्चों के विकास के लिए भी जरूरी होता है। लेकिन अलग-अलग वजहों से कई बार बच्चे को यह दूध नहीं मिल पाता है। झारखंड में इस कमी हो पूरा करने के लिए जल्द ही ह्यूमन मिल्क बैंक की शुरुआत होने जा रही है।

रांची, बोकारो, दुमका और हजारीबाग में इसे प्रयोग के तौर पर खोला जाएगा। अगर इन जगहों पर यह प्रयोग सफल होता है तो फिर इसे राज्य के अलग-अलग हिस्से में बढ़ाया जाएगा। इस प्रोजेक्ट की शुरुआत करने के लिए झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंड प्रोक्योरमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से डोनर ह्यूमन मिल्क बैंक के लिए टेंडर जारी किया है।

इसमें मिल्क बैंक के पूरे सेटअप, उपकरण इंस्टॉलेशन, सप्लाई कैलिब्रेशन और ट्रेनिंग शामिल हैं। टेंडर की प्रक्रिया 60 दिनों में पूरी करनी है। जबकि बिड सबमिशन 31 जनवरी से शुरू होगी और इसकी आखिरी तारीख 6 फरवरी 2025 है। जबकि इसका टेक्निकल बिड 7 फरवरी को खोला जाना है।

नवजात शिशुओं को अपनी मां के दूध के समान सुरक्षित दूध उपलब्ध कराना इस योजना का उद्देश्य है। इसके तहत मिल्क बैंक की स्थापना से लेकर दूध की जांच तथा मिल्क बैंक में काम करने वाले कर्मियों के प्रशिक्षण की जिम्मेदारी निजी क्षेत्र को दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अनुमानित आंकड़े बताते हैं कि राज्य में लगभग 15 फीसदी बच्चे ऐसे होते हैं, जिन्हें मां का दूध नहीं मिल पाता है। राज्य में एनेमिया महिलाओं की ऐसी समस्या है, जिस वजह से उनका दूध नहीं बनता और नवजात उससे वंचित रह जाते हैं। ऐसे बच्चों को उनकी जरूरत को पूरा करने के लिए इसे शुरू करने का निर्णय लिया गया है। अब तक की जानकारी के अनुसार झारखंड के लिए यह नया प्रोजेक्ट है। जो भी कंपनी काम करेगी, उसे निर्धारित मापदंड को पूरा करना होगा। उसी तरीके से काम करना होगा। मदर मिल्क बैंक के लिए डोनर सिस्टम काम करता है।

# चढ़ने लगा पारा, दिन में गर्मी का अहसास

## 2 दिन 3 डिग्री तक बढ़ेगा न्यूनतम तापमान सरगुजा संभाग के जिलों में ठंड बरकरार

रायपुर, 21 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में अगले दो दिन में दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है। न्यूनतम तापमान 2 से 3 डिग्री तक बढ़ सकता है, जिससे ठंड का असर कम होगा। मौसम बदलने से दोपहर के समय गर्मी का अहसास होने लगा है। वहीं सरगुजा संभाग के जिलों में अब भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सोमवार को बलरामपुर सबसे ठंडा रहा। यहां न्यूनतम तापमान 5.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

प्रदेश में अभी रात और सुबह के समय में ठंड का असर जरूर है, लेकिन दिन में तापमान सामान्य से एक से दो डिग्री अधिक हो गया है। इसके चलते ठंड का असर धीरे-धीरे कम होने लगा है। प्रदेश में सोमवार को मौसम शुष्क रहा। आज (मंगलवार) भी मौसम शुष्क (ड्राई) रहेगा। सोमवार को हल्की ठंड रही। न्यूनतम तापमान 13 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। यह सामान्य से करीब 1 डिग्री कम था। मौसम विभाग के मुताबिक आज से ठंड थोड़ी कमी होगी। न्यूनततम तापमान 14 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। उसके बाद तापमान बढ़ने लगेगा।



प्रदेश में मौसम शुष्क है। नमी वाली हवा का प्रभाव कम हो गया है। इसलिए आसमान साफ हो गया है। इसका असर दिन के तापमान में दिखने लगा है। सोमवार को अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री रहा। यह नॉर्मल से 2.4 डिग्री अधिक था।

प्रदेश के उत्तरी हिस्से यानी सरगुजा संभाग के जिलों में शीतलहर चल रही है। यहां के कई जिलों में रात का पारा सामान्य से कम है। अंबिकापुर में पारा 6.7 डिग्री रहा जो सामान्य से 2 डिग्री कम रहा। वहीं सूरजपुर में पारा 11.7 डिग्री , और कोरिया में 8.7 डिग्री न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया ।

# शपथ लेते ही ट्रम्प बोले- थर्ड जेंडर की मान्यता खत्म

## अवैध प्रवासियों की एंट्री बैन, मेक्सिको बॉर्डर पर इमरजेंसी, 10 बड़े ऐलान

वॉशिंगटन, 21 जनवरी (एजेंसियां)। डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार, 20 जनवरी को अमेरिकी संसद कैपिटल हिल में 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली। ट्रम्प ने सत्ता संभालते ही देश से लेकर विदेश तक अमेरिकी नीतियों में कई बड़े बदलाव लाने की बात कही।

शपथ के बाद 30 मिनट के भाषण में डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका फर्स्ट पॉलिसी के तहत दूसरे देशों पर टैरिफ लगाने की बात कही। वहीं उन्होंने अमेरिका में केवल महिला और पुरुष जेंडर को मान्यता देने का ऐलान किया।

### ट्रम्प के पहले भाषण में 10 बड़े ऐलान

**अमेरिकी सरकार के लिए सिर्फ 2 जेंडर**

ट्रम्प ने कहा- आज से अमेरिकी सरकार के लिए सिर्फ दो जेंडर होंगे पुरुष और महिला। मैं सभी सरकारी सेंसरशिप को तुरंत रोकने और अमेरिका में अभिव्यक्ति की आजादी को बहाल करने के लिए एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन करूंगा।

क्यों कहा- ट्रम्प ने चुनाव प्रचार के दौरान ट्रांसजेंडर समुदाय के खिलाफ बयान दिए थे। ट्रम्प के रक्षा मंत्री पिट हेगसेथ का कहना था कि सेना में महिलाओं और ट्रांसजेंडर्स को शामिल करने से अमेरिका की सुरक्षा व्यवस्था कमजोर हो रही है।

ट्रम्प ने देश में अवैध प्रवासियों की एंट्री बैन करने और अवैध प्रवासियों को पकड़ कर बॉर्डर पर छोड़ने की पॉलिसी खत्म करने की बात कही। उन्होंने कहा- बाइडेन प्रशासन ने हमारे देश में अवैध रूप से एंट्री करने वाले खतरनाक अपराधियों को शरण दी है और उनकी हिफाजत की है।

क्यों कहा- प्यू रिसर्च सेंटर के मुताबिक अमेरिका में दुनिया के सबसे ज्यादा अप्रवासी हैं। दुनिया के कुल 20% अप्रवासी अमेरिका में ही रहते हैं। 2023 तक यहां रहने वाले अप्रवासियों की कुल संख्या 4.78 करोड़ थी। ट्रम्प का मानना है कि दूसरे देशों से लोग अवैध तरीके से अमेरिका में घुसकर अपराध करते हैं।

ट्रम्प ने अमेरिका-मेक्सिको के बॉर्डर (दक्षिणी बॉर्डर) पर इमरजेंसी लागू करने की बात कही। उन्होंने कहा कि यहां से होने वाली सभी अवैध एंट्री पर रोक लगाई जाएगी। सरकार अपराध करने वाले विदेशियों को उनके देश वापस भेज देगी।



क्यों कहा- यूएस-मेक्सिको बॉर्डर से आने वाले अवैध प्रवासियों की बढ़ती संख्या अमेरिकी राजनीति में एक बड़ा मुद्दा है। ट्रम्प का कहना है कि यहां से अवैध प्रवासी और अपराधी अमेरिका में एंट्री करते हैं। ट्रम्प इस बॉर्डर पर दीवार बनाने की बात भी कह चुके हैं।

ट्रम्प ने कहा कि वे पनामा नहर को वापस ले लेंगे। उन्होंने कहा कि इस नहर की वजह से हमारे साथ बहुत बुरा बर्ताव किया गया है। इसे कभी गिफ्ट के तौर पर पनामा देश को नहीं दिया जाना चाहिए था। आज चीन पनामा नहर ऑपरेट कर रहा है। हमने इसे चीन को नहीं दिया। हमने इसे पनामा देश को दिया। हम इसे वापस लेने जा रहे हैं।

क्यों कहा- ट्रम्प का कहना है कि इस नहर को अमेरिका ने 1999 में पनामा देश को गिफ्ट किया था, लेकिन इस पर अब चीन का कंट्रोल हो चुका है और यहां अमेरिकी जहाजों को ज्यादा टैक्स देना पड़ता है।

ट्रम्प ने मेक्सिको की खाड़ी का नाम बदलकर अमेरिका की खाड़ी करने का ऐलान किया। ट्रम्प पहले भी कह चुके हैं कि अमेरिका की खाड़ी का नाम ज्यादा 'सुंदर' लगता है और यही नाम रखना सही है। क्यों कहा- ट्रम्प का मानना है कि इस इलाके में अमेरिका की ज्यादा मौजूदगी है। अमेरिका इस इलाके में सबसे ज्यादा एक्टिविटी करता है इसलिए ये जगह अमेरिका की है। ट्रम्प ने कहा कि अब तक हमारे देश की सरकार दूसरे देशों को अमीर बनाने के लिए अपने देश को लोगों पर टैक्स लगाती थी। हम इसे बदलने जा रहे हैं, अब हम अपने देश के लोगों को अमीर बनाने के लिए अन्य देशों पर टैरिफ और टैक्स लगाएंगे।

क्यों कहा- ट्रम्प कई बार कह चुके हैं कि अमेरिका को हर साल अन्य से देशों से बड़े व्यापार घाटे का सामना करना पड़ता है। उन्होंने चुनाव जीतने के बाद ब्रिक्स देशों पर 100% टैरिफ लगाने की धमकी भी दी थी। इससे अलावा वो चीन, कनाडा और मेक्सिको पर भारी भरकम टैरिफ लगाने की धमकी दे चुके हैं। डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उनकी सरकार ग्रीन न्यू डील को समाप्त कर देगी। ग्रीन न्यू डील में क्लीन एनर्जी को बढ़ावा देने की बात की गई है। इसके साथ ही ट्रम्प ने इलेक्ट्रिक वाहन की अनिवार्यता को खत्म करने की बात की। ट्रम्प ने कहा कि दूसरे शब्दों में कहूं तो आप अपनी पसंद की कार खरीद सकेंगे।

क्यों कहा- ट्रम्प कई बार घोषित रूप से जलवायु परिवर्तन पर शक जाहिर कर चुके हैं। वो जीवाश्म ईंधन के मुखर समर्थक हैं। उन्होंने 2016 में राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिका को 2015 की पेरिस क्लाइमेट डील से बाहर कर लिया था। ट्रम्प ने अमेरिकी हेल्थ सिस्टम की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह ऐसा हेल्थ सिस्टम है जो इमरजेंसी में काम नहीं करता है।

# तुर्किये के रिसॉर्ट में आग से 66 की मौत

## 11वीं मंजिल से चादरों की रस्सी बनाकर उतरे लोग, 51 लोग घायल

अंकारा, 21 जनवरी (एजेंसियां)। तुर्किये के बोलू राज्य में स्थित कार्तलकाया स्की रिसॉर्ट में मंगलवार को आग लगने से 66 लोगों की मौत हो गई। आग घबराकर कई लोगों ने 11 वीं मंजिल से कूद गए। इससे कई घायल हो गए और कई की मौत हो गई।

हादसे में 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक आग लगने के बाद भगदड़ मच गई थी।

अधिकारियों के मुताबिक होटल में स्थानीय समयानुसार रात में करीब 3:30 बजे (भारतीय समय के मुताबिक मंगलवार सुबह 6 बजे) लगी थी। इसने 11 मंजिला इमारत को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने की वजह का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

तुर्किये के अखबार डेली सबाह के मुताबिक कार्तलकाया स्की रिसॉर्ट एक चट्टान पर है। इसकी वजह से फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को वहां तक पहुंचने में बहुत



मुश्किलें आईं और राहत कार्यों में देर हुई। बोलू के गवर्नर अब्दुल अजीज आयडिन ने बताया कि इस होटल में 234 मेहमान ठहरे हुए थे। 30 दमकल गाड़ियां और 28 एंबुलेंस मौके पर भेजी गईं। अधिकारियों ने आग पर काबू पाने के लिए 267 इमरजेंसी वर्कर्स को भी तैनात किया है। रिपोर्ट के मुताबिक तुर्किये के पर्यटन और स्वास्थ्य मंत्री हादसे वाली जगह के लिए रवाना हो चुके हैं। कार्तलकाया इस्तांबुल शहर से लगभग 300 किलोमीटर पूर्व में कोरोग्लू पहाड़ों पर स्थित एक लोकप्रिय स्की रिसॉर्ट है। इस वक्त तुर्किये में स्कूल सेमेस्टर की छुट्टियां चल रही है। इस वजह से यहां मौजूद सभी होटलों में काफी ज्यादा भीड़ है। एहतियात के तौर पर इस इलाके के अन्य होटलों को खाली करा लिया गया है।

# जापानी टीवी चैनल ने कर्मचारी की करतूत छिपाई

## यौन उत्पीड़न उजागर हुआ तो 50 कंपनियों ने हटाए विज्ञापन

टोक्यो, 21 जनवरी (एजेंसियां)। जापान में एक टीवी चैनल को अपने कर्मचारी की करतूत छिपाना भारी पड़ गया। कंपनी के कर्मचारी के यौन उत्पीड़न करने का मामला सामने आया तो 50 कंपनियों ने चैनल से अपने विज्ञापन वापस ले लिए। कंपनियों ने चैनल पर पारदर्शिता और निष्पक्षता की कमी का आरोप लगाते हुए यह कदम उठाया।

दरअसल मामला फूजी टीवी कंपनी के एक टीवी होस्ट से जुड़ा है। साप्ताहिक पत्रिका शुकन बुनशुन ने एक रिपोर्ट में कहा कि पुरुष बैंड एसएमएपी के पूर्व सदस्य और फूजी टीवी के होस्ट मासाहिरो नाकाई ने एक महिला का यौन उत्पीड़न किया।

इसके बाद उसने महिला को समझौता करने के लिए एकमुश्त रकम का भुगतान किया।

रिपोर्ट में कहा गया था कि महिला ने 52 वर्षीय नाकाई पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। नाकाई ने 2023 में एक डिनर पार्टी में महिला का कथित यौन उत्पीड़न किया। इसके बाद दिसंबर में नाकाई और महिला के बीच 90 मिलियन येन (580,000 डॉलर) का समझौता हुआ था।

नाकाई ने एक बयान जारी करके समझौते की बात स्वीकार की थी। मगर उन्होंने किसी तरह की हिंसा करने की बात से इन्कार कर दिया था। मगर फूजी टीवी ने इसे लेकर कोई कार्रवाई नहीं की और मामले को छिपाया।

हाल ही में जब एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में फूजी टीवी के अध्यक्ष कोइची मिनाटो ने घटना को लेकर बयान दिया। उन्होंने स्वीकार किया कि कंपनी को शुकन बुनशुन रिपोर्ट से छह महीने पहले ही इस मामले की जानकारी हो गई थी। मगर कंपनी ने इसका खुलासा नहीं किया। उन्होंने सभी से माफी मांगते हुए कहा कि फूजी टीवी मामले की जांच करेगा।

मगर हमारा मानना है कि कर्मचारियों ने कुछ भी गलत नहीं किया है। फूजी टीवी ने कई विज्ञापनदाताओं और एजेंसियों को परेशानी पहुंचाने के लिए माफी मांगी।

इसके बाद विज्ञापनदाताओं ने टीवी से हाथ खींच लिए। उन्होंने विज्ञापनों की जगह सार्वजनिक सेवा की घोषणा की। विज्ञापनदाताओं ने कहा कि फूजी टीवी में पारदर्शिता की कमी है। साथ ही उसे इस मामले में कोई पछतावा भी नहीं है। बताया जा रहा है कि 50 से अधिक बड़ी कंपनियों ने फूजी टीवी से विज्ञापन हटाने की बात कही है।

### गया की लड़की से तमिलनाडु में प्यार बोकारो में मर्डर

बोकारो, 21 जनवरी (एजेंसियां)। झारखंड में एक युवक ने पत्नी को अपने घर ले जाने की जगह बोकारो के खंडहर में ले जाकर हत्या कर दी। घटना 17 जनवरी की है। लड़की का शव पुलिस को घटना के तीसरे दिन मिला। जांच करते हुए पुलिस ने आरोपी युवक को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने तमिलनाडु में लड़की से प्यार हुआ और उसके दबाव में आकर उससे शादी कर ली, पर अपने घर वालों को इसकी जानकारी नहीं दी।

# ट्रम्प की शपथ में मस्क ने हिटलर जैसा सैल्यूट किया

## सोशल मीडिया पर छिड़ा विवाद, स्वागत समारोह में ट्रम्प तलवार लेकर मेलानिया के साथ नाचे

वॉशिंगटन, 21 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी मीडिया और सोशल मीडिया पर इलॉन मस्क पर नाजी सैल्यूट करने के आरोप लग रहे हैं। सोमवार को डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण के बाद हुई रैली में मस्क शामिल हुए थे। मस्क ने मंच से भाषण भी दिया। इस दौरान उन्होंने लोगों को सैल्यूट किया। मस्क ने अपने भाषण के दौरान कहा- यह कोई आम जीत नहीं है। यह बहुत ज्यादा मायने रखती है। आपने इसे संभव किया है। इसके लिए आपका धन्यवाद। बहुत शुक्रिया। यह कहते हुए मस्क अपना दाहिना हाथ अपने सीने तक लाए और उसे बाहर की ओर फैलाया।

इंटरनेट पर मस्क के इस जेस्चर को नाजी सैल्यूट से कंपेयर किया जा रहा है। हिटलर ने इस सैल्यूट का इस्तेमाल 1933 से 1945 तक तीसरे राइख (तीसरा जर्मन साम्राज्य) के दौरान किया था।



नाजी सैल्यूट

मस्क का सैल्यूट

डोनाल्ड ट्रम्प राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद सेना के कमांडर-इन-चीफ के स्वागत समारोह में शामिल हुए। इस दौरान ट्रम्प तलवार लेकर नाचते हुए नजर आए। उन्होंने तलवार से केक भी काटा। ट्रम्प की पत्नी और फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रम्प भी उनके साथ पहुंचीं। मंच पर पहुंचने के बाद दोनों ने डांस भी किया। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और उनकी पत्नी उषा वेंस भी इस कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे।

यहां तीन कार्यक्रम लिबर्टी बॉल, कमांडर-इन-चीफ बॉल और स्टारलाईट बॉल हुए। लिबर्टी बॉल के दौरान ट्रम्प ने सभी सैन्य कर्मियों को धन्यवाद दिया। अपने भाषण में ट्रम्प ने कहा, "आज हम अपने गौरवशाली गणराज्य की शक्ति का जश्न मनाते हैं। इसलिए यह बेहद जरूरी है कि हम उन पुरुषों और महिलाओं का भी सम्मान करें जो हमें सुरक्षित रखते हैं।" अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार देर रात शपथ लेने के सिर्फ 6 घंटे के अंदर ही पूर्व राष्ट्रपति बाइडेन के 78 फैसलों को पलट दिया है। शपथ ग्रहण के बाद ट्रम्प कैपिटल वन एरिना पहुंचे। यहां उन्होंने लोगों के सामने बाइडेन के फैसलों को पलटने समेत कई कार्यकारी आदेशों पर साइन किए।

ट्रम्प ने थर्ड जेंडर (एलजीबीटीक्यू समुदाय को समानता) से जुड़े बाइडेन के आदेश को पलट दिया है। इसके अलावा पेरिस क्लाइमेट एग्रीमेंट से अमेरिका को बाहर निकालने का आदेश भी दिया है। ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल में भी अमेरिका को इस एग्रीमेंट से बाहर किया था, जिसे बाद में बाइडेन ने पलट दिया था। इसके बाद डोनाल्ड ट्रम्प व्हाइट हाउस पहुंचे। यहां भी उन्होंने कई कार्यकारी आदेशों पर साइन किए। इनमें 6 जनवरी की हिंसा के दोषियों को माफ और रिहा करने और विश्व स्वास्थ्य संगठन से अमेरिका को बाहर निकालने का आदेश शामिल है। डोनाल्ड ट्रम्प ने कार्यकारी आदेश जारी कर संघीय नौकरियों में भर्ती पर रोक लगा दी है। हालांकि, सेना में होने वाली भर्तियों को इसमें छूट दी गई है।

ट्रम्प ने सभी संघीय कर्मचारियों को ऑफिस आकर काम करने का आदेश दिया है। उनके वर्क फ्रॉम होम पर रोक लगा दी है। ट्रम्प के सहयोगी इलॉन मस्क ने चुनाव के दौरान सिविल सेवकों की संख्या में कटौती और उनके वर्क फ्रॉम होम पर रोक लगाने की बात कही थी। अपने पहले आदेश में बाइडेन के 78 फैसलों को पलटने के साथ ही क्यूबा को फिर से आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देशों की लिस्ट में डाल दिया।

# पूर्व राष्ट्रपति यून ने अपने मार्शल लॉ के आदेश का किया बचाव

## गिरफ्तारी के बाद पहली बार आए सामने

सियोल, 21 जनवरी (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया के महाभियोग का सामना कर रहे राष्ट्रपति यून सुक येओल ने मंगलवार को इस बात से इनकार किया कि उन्होंने सेना को सांसदों को नेशनल असेंबली से बाहर निकालने का आदेश दिया था, ताकि वे पिछले महीने उनके मार्शल लॉ के आदेश को खारिज करने के लिए मतदान न कर सकें, क्योंकि वे संवैधानिक न्यायालय के समक्ष पहली बार पेश हुए थे, जो उनके भाग्य का निर्धारण करेगा।

अल्पकालिक मार्शल लॉ के बाद गिरफ्तार किए जाने के बाद यून सुक येओल की अदालत में



उपस्थिति पहली सार्वजनिक उपस्थिति थी। बता दें कि, 3 दिसंबर को अचानक मार्शल लॉ लागू करने के बाद, यून सुक येओल ने नेशनल असेंबली को घेरने के लिए सैनिकों और पुलिस अधिकारियों को भेजा, लेकिन पर्याप्त सांसद उनके आदेश को खारिज करने के लिए सर्वसम्मति से मतदान करने में सफल रहे, जिससे यून सुक येओल के मंत्रिमंडल को अगली सुबह जल्दी ही मार्शल लॉ वापस लेना पड़ा। यून सुक येओल ने अदालत में तर्क दिया है कि उनके सैनिकों को भेजने का उद्देश्य विधानसभा को अवरुद्ध करना नहीं था, बल्कि इसके बजाय मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी को चेतावनी देना था, जिसने अपने विधायिका बहुमत का उपयोग उनके एजेंडे को बाधित करने, उनके बजट बिल को कमजोर करने और उनके कुछ शीर्ष अधिकारियों पर महाभियोग चलाने के लिए किया है। मार्शल लॉ की घोषणा में, यून सुक येओल ने विधानसभा को 'अपराधियों का अड्डा' कहा, जो सरकारी मामलों में बाधा डाल रहा था, और 'बेशर्म उत्तर कोरिया के अनुयायियों और राज्य विरोधी ताकतों' को खत्म करने की कसम खाई।

विधानसभा में भेजे गए सैन्य इकाइयों के कमांडरों ने यून सुक येओल के रुख से असहमति जताई है। एक विशेष बल इकाई के कमांडर क्वाक जोंग-क्यून ने विधानसभा की सुनवाई में बताया कि यून सुक येओल ने उन्हें सीधे फोन किया था और कहा था कि उनके सैनिक 'जल्दी से दरवाजा तोड़ दें और अंदर मौजूद सांसदों को बाहर निकाल दें।'

# उम्मीद है अमेरिका फिर विचार करेगा

## वैश्विक स्वास्थ्य निकाय से हटने के ट्रंप के फैसले पर डब्ल्यूएचओ

न्यूयॉर्क, 21 जनवरी (एजेंसियां)। डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति बनते ही अमेरिका को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से अलग कर लिया। पदभार संभालने के पहले ही दिन राष्ट्रपति ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र की सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी के साथ अपने संबंध समाप्त करने की घोषणा कर दी। अमेरिका के इस कदम पर विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस ने दुख जताया है। उन्होंने कहा कि, हमें उम्मीद है कि संयुक्त राज्य अमेरिका इस पर पुनर्विचार करेगा। महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस ने ट्रंप सरकार के फैसले को लेकर कहा कि, विश्व स्वास्थ्य संगठन को इस घोषणा पर खेद है कि संयुक्त राज्य अमेरिका संगठन से खुद को अलग कर रहा है।

हमें उम्मीद है कि संयुक्त राज्य अमेरिका इस पर पुनर्विचार करेगा और हम दुनिया भर के लाखों लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण के लाभ के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका और डब्ल्यूएचओ के बीच साझेदारी को बनाए रखने के लिए रचनात्मक बातचीत में संलग्न होने के लिए तत्पर हैं।

# दुनिया से खैरात मांग रहे पाकिस्तान की अब चीन ने की बेइज्जती

इस्लामाबाद, 21 जनवरी (एजेंसियां)। कंगाल पाकिस्तान की अब उसके आयरन ब्रदर चीन ने ही बेइज्जती कर दी है। पाकिस्तान की सरकार ग्वादर में बनाए गए एयरपोर्ट पर गर्व कर रही थी और उसका जश्न मना रही थी। सोमवार को पाकिस्तान इंटरनैशनल एयरलाइंस का एक विमान इस एयरपोर्ट पर उतरा। यह पहला विमान था जो इस नए बनाए गए इंटरनैशनल एयरपोर्ट पर उतरा है।

पाकिस्तान के पीएम के शहबाज शरीफ ने इस एयरपोर्ट को चीन के साथ दोस्ती का प्रतीक बताया। इस बीच चीन के सरकारी भोंपू ग्लोबल टाइम्स ने शहबाज के इस दावे की पोल खोलकर रख दी। ग्लोबल टाइम्स ने कहा कि 23 करोड़ डॉलर की कीमत से बना यह एयरपोर्ट चीन का पाकिस्तान को एक 'दान' है। ग्लोबल टाइम्स के इस पोस्ट पर उसकी काफी आलोचना हो रही है। यूजर्स इसे चीन का कर्ज जाल बता रहे हैं।

ग्लोबल टाइम्स ने एक्स पर पोस्ट करके कहा, 'नया ग्वादर एयर पोर्ट चीन का एक दान है। इसे सोमवार को आधिकारिक रूप से शुरू कर दिय गया। इसकी पहली उड़ान पीआईए 503 पाकिस्तान इंटरनैशनल एयरलाइंस की थी जो कराची से आई थी।'

# शराब घोटाला केस, 4 फरवरी तक जेल में पूर्व मंत्री लखमा

## कवासी बोले-कब तक जेल में रखेंगे, हम रहेंगे लेकिन जनता की आवाज उठाएंगे

रायपुर, 21 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ शराब घोटाला केस में कवासी लखमा को 4 फरवरी तक जेल भेज दिया गया है। इससे पहले 15 जनवरी को लखमा को गिरफ्तार किया गया था जिसके बाद उन्हें 7 दिन की ईडी रिमांड में भेजा गया था। 21 जनवरी को रिमांड खत्म होने के बाद ईडी ने कोर्ट में पेश किया। इसके बाद 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर उन्हें जेल भेजा गया। मीडिया से लखमा ने कहा कि, कब तक जेल में रखेंगें, 2 साल, 10 साल रहेंगे लेकिन जनता की लड़ाई लडेंगे। ईडी का आरोप है कि पूर्व मंत्री और मौजूदा विधायक कवासी लखमा सिंडिकेट के अहम हिस्सा थे। लखमा के निर्देश पर ही सिंडिकेट काम करता था। इनसे शराब सिंडिकेट को मदद मिलती थी।वही शराब नीति बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे छत्तीसगढ़ में एफएल-10 लाइसेंस की शुरुआत हुई। वही ईडी का दावा है कि लखमा को आबकारी विभाग में हो रही गड़बड़ियों की जानकारी थी, लेकिन उन्होंने उसे रोकने के लिए कुछ नहीं किया। ईडी के वकील सौरभ पांडेय ने बताया कि, 3 साल शराब घोटाला चला। लखमा को हर महीने 2 करोड़ रुपए मिलते थे। इस दौरान 36 महीने में लखमा को 72 करोड़ रुपए मिले। ये राशि उनके बेटे हरीश कवासी के घर के निर्माण और कांग्रेस भवन सुकमा के निर्माण में लगे।

# डोनाल्ड ट्रंप के शपथ लेते ही उनके खास सिपहसालार भारतीय मूल के विवेक रामास्वामी कैबिनेट से हटे

वॉशिंगटन, 21 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय मूल के उद्यमी विवेक रामास्वामी अब सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) का हिस्सा नहीं होंगे। व्हाइट हाउस ने डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के कुछ घंटों बाद रामास्वामी के पद छोड़ने की जानकारी दी है। डोनाल्ड ट्रंप ने रामास्वामी को नवंबर में एलन मस्क के साथ डीओजीई का नेतृत्व करने के लिए चुना था। ट्रंप के करीबी 39 वर्षीय रामास्वामी ने अब इस पद से हटने का फैसला किया है। वह ओहायो के गवर्नर पद के लिए चुनाव लड़ने की योजना बना रहे हैं।



विवेक ने बीते साल रिपब्लिकन पार्टी की ओर से अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवारी पेश की थी। हालांकि वह चुनाव नहीं लड़ सके थे। रामास्वामी ने एक्स पर किए पोस्ट में लिखा, 'डीओजीई के निर्माण में सहयोग करना मेरे लिए सम्मान की बात रही। मुझे विश्वास है कि एलन और उनकी टीम भविष्य में इसे सुव्यवस्थित बनाने में सफल होंगे। ओहायो में अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में जल्द ही जानकारी दूंगा। सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि हम राष्ट्रपति ट्रंप के 'अमेरिका को फिर से महान' बनाने के सपने में पूरी तरह से मदद करने के लिए तैयार हैं।' सरकारी दक्षता सलाहकार समूह ने एक बयान में डीओजीई के गठन में रामास्वामी की भूमिका की तारीफ की है। समूह की प्रवक्ता अन्ना केली ने विवेक रामास्वामी के इस्तीफे की वजह बताते हुए कहा, 'रामास्वामी जल्द ही चुनाव लड़ने का इरादा रखते हैं, जिसके लिए उन्हें डीओजीई से बाहर रहना होगा। हम पिछले दो महीनों में उनके योगदान के लिए उन्हें धन्यवाद देते हैं और उम्मीद करते हैं कि वे अमेरिका को महान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। रामास्वामी का डीओजीई से हटना उनके राजनीतिक करियर के लिए महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। रामास्वामी के ओहायो के गवर्नर पद के लिए चुनाव लड़ने की संभावना से राज्य की राजनीति में हलचल मच गई है। उनका सीधा मुकाबलवा मौजूदा गवर्नर माइक डेवाइन से हो सकता है। रामास्वामी जल्दी ही ओहायो के गवर्नर पद के लिए चुनाव लड़ने की घोषणा कर सकते हैं।

# नहर पर हमारा कब्जा है और आगे भी रहेगा

## ट्रंप के एलान पर भड़के पनामा के राष्ट्रपति

पनामा सिटी, 21 जनवरी (एजेंसियां)। शपथ ग्रहण के बाद एक बार फिर से डोनाल्ड ट्रंप ने पनामा नहर पर कब्जे की बात दोहराई। हालांकि पनामा की तरफ से इसे लेकर कड़ी आपत्ति जताई गई है। पनामा के राष्ट्रपति ने अपने ताजा बयान में कहा है कि नहर पर पनामा का कब्जा है और आगे भी रहेगा। पनामा के राष्ट्रपति जोस राउल मुलिनो ने कहा कि किसी भी देश को पनामा के मामलों में दखल नहीं देना चाहिए। पनामा के राष्ट्रपति मुलिनो ने बयान में कहा कि 'ट्रंप के पनामा और पनामा नहर को लेकर दिए गए बयान को ध्यान में रखते हुए हम कहना चाहते हैं कि नहर पर पनामा का नियंत्रण है



और आगे भी रहेगा। इसकी तटस्थता का सम्मान किया जाना चाहिए और किसी भी देश को हमारे मामलों में दखल नहीं देना चाहिए।' मुलिनो ने कहा कि 'नहर कोई उपहार नहीं थी बल्कि यह कई पीढ़ियों के संघर्ष का नतीजा था, जो साल 1999 में संधि के रूप में फलित हुआ। उसके बाद से 25 साल से बिना किसी व्यवधान के हम नहर का प्रशासन कर रहे हैं। पनामा नहर के जरिए अमेरिका समेत पूरी दुनिया में व्यापार का विस्तार हुआ है।' पनामा के राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें जो अधिकार दिया गया है, उसका वे पूरी समझदारी से इस्तेमाल करेंगे और सभी मित्र देशों के साथ अपने रिश्तों को मजबूत करेंगे। हमारे अधिकारों, संप्रभुता और संपत्ति के अधिकार को कमजोर किए बिना, बातचीत के जरिए विवादों को दूर किया जा सकता है। गौरतलब है कि अमेरिका के समुद्री व्यापार का बड़ा हिस्सा पनामा नहर के जरिए होता है। डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद से ही पनामा नहर पर कब्जे की बात कर रहे हैं। ट्रंप ने आरोप लगाया कि चीन, पर्दे के पीछे से पनामा नहर का संचालन कर रहा है। ट्रंप ने सोमवार को शपथ ग्रहण समारोह के बाद अपने संबोधन में भी ये बात दोहराई।



# सीएम भजनलाल ने बजट पूर्व कई क्षेत्रों के प्रतिनिधियों से किया संवाद

## बोले- महिलाओं के लिए 2 फीसदी करें स्टांप ड्यूटी

जयपुर, 21 जनवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में बजट पूर्व संवाद के तहत सीएम भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री कार्यालय में उद्योग, व्यापार, कर सलाहकार संघों एवं सेवा क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की। इस मौके पर कर सलाहकारों ने जीएसटी के सरलीकरण और पंजीयन संबंधी समस्याएं दूर करने की मांग रखी।

उद्यमियों ने महिलाओं के लिए स्टाप ड्यूटी 2 प्रतिशत करने, सरकारी वेबसाइट पर उपलब्ध लोगों के वैयक्तिक डेटा की सुरक्षा, कोविड काल में प्रभावित उद्योगों को निवेश प्रोत्साहन योजना में शामिल करने तथा वेयर हाउस धर्मकांटा, लॉजिस्टिक, कोरियर सर्विस को उद्योग का दर्जा देने जैसे मुद्दे उठाए।

सीएम शर्मा ने उद्योग एवं सेवा क्षेत्र को अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कहा कि प्रदेश में इन



की तीन-चौथाई हिस्सेदारी है। अर्थव्यवस्था को 350 बिलियन डॉलर तक ले जाने के लिए इन क्षेत्रों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उद्यमियों ने कहा कि राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना (रिप्स) 2024 एवं 9 नई नीतियों के बारे में लोगों में अवेयरनेस की कमी है। सरकार इनकी पब्लिसिटी पर जोर दे।

**कोरियर सर्विस को उद्योग का दर्जा देने की मांग**

फोर्टी के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. अरुण अग्रवाल, यूथ विंग के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने वेयरहाउस, धर्मकांटा, लॉजिस्टिक और कोरियर सर्विस को उद्योग का दर्जा देने की मांग की। गारमेंट एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष रक्षित पोद्दार और सचिव अमित माहेश्वरी ने अपेरल पार्क बनाने और गारमेंट फैक्टरियों की ऊंचाई 10 मंजिल तक बढ़ाने की अनुमति देने की मांग की। सीआइआइ अध्यक्ष संजय अग्रवाल और वरिष्ठ निदेशक नितिन गुप्ता ने कहा कि रिप्स 2024 में एमएसएमई विस्तार के लिए इंसेंटिव के साथ ही कोविड काल के कारण प्रभावित उद्योगों को भी योजना का लाभ दें। संभाग मुयालय पर मॉडल कॅरियर सेंटर खोले जाएं। जयपुर कर सलाहकार संघ के अध्यक्ष पवन गोयल और सचिव सुनील गोगरा ने जीएसटी ट्रिब्यूनल की स्थापना की मांग रखी। राजस्थान चैबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष डॉ. के एल जैन ने कहा कि महिलाओं के लिए स्टाप ड्यूटी 2 प्रतिशत और पुरुषों के लिए 4 प्रतिशत की जाए। एप्लॉयर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष एन के जैन ने कहा कि सरकारी वेबसाइट पर उपलब्ध 3.91 करोड़ लोगों का डेटा सुरक्षित किया जाए। बिजली के बिल में यूल सरचार्ज समाप्त हो।

# जनता के अधिकारों की लड़ाई में मेरे खिलाफ दायर मुकदमे मेरी सेवा का प्रमाण- रविन्द्र सिंह भाटी

जयपुर, 21 जनवरी (एजेंसियां)। शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी ने पश्चिमी राजस्थान के किसानों, गौवंश और ग्रामीणों के अधिकारों की रक्षा के लिए अपने संघर्ष को प्रतिबिंबित करते हुए कहा कि जनता के अधिकारों की लड़ाई में मेरे खिलाफ लगे मुकदमे मेरी सेवा का प्रमाण हैं।

विधायक भाटी ने कहा कि पश्चिमी राजस्थान में लग रहे ऊर्जा संयंत्रों से कंपनियां भविष्य में करोड़ों-अरबों का मुनाफा कमाएंगी लेकिन जिस जमीन पर ये पूंजी बनाई जाएगी, उस जमीन के मालिक किसानों को मामूली मुआवजा देकर चुप कराया जा रहा है। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि यदि किसानों की जमीनें उनसे छिन जाएंगी, तो उनकी आने वाली पीढ़ियां कैसे जीवन-यापन करेंगी।

भाटी ने कहा कि किसानों और जनता के अधिकारों की रक्षा के उनके प्रयासों के कारण पिछले एक साल में उन पर राजस्थान में



सबसे अधिक मुकदमे दर्ज किए गए लेकिन दबावों के बावजूद उन्होंने जनता की आवाज बुलंद करना जारी रखा। उन्होंने कुछ प्रमुख घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि बालोतरा में पुलिस द्वारा लोगों पर बल प्रयोग और गाड़ियों की जब्ती के बावजूद, जनता के समर्थन से प्रशासन को उनकी मांगें माननी पड़ीं। बईया में पुलिस और प्रशासन की मदद से जबरन भूमि अधिग्रहण कराने का प्रयास हुआ, लेकिन संघर्ष के जरिए गौवंश के लिए बईया की ओरण और गौचर को बचाने में सफलता मिली। हड़वा क्षेत्र में किसानों को बिजली के पोल की कीमतों के मुआवजे में 50-80 हजार की बजाय अब औसतन ढाई से तीन लाख रुपये मिल रहे हैं, जिससे सैकड़ों किसानों को सीधा लाभ हुआ।

भाटी ने कहा कि बाड़मेर के अंतिम गांव से लेकर जैसलमेर और बीकानेर तक अब ग्रामीणों और किसानों में जागरूकता फैल चुकी है। उन्हें समझ आ गया है कि उनके अधिकारों के लिए आवाज उठाना किसी भी तरह का अपराध नहीं है। उन्होंने कहा, पुलिस और प्रशासन सर्वोच्च नहीं होते, लोकतंत्र में न्यायालय ही सर्वोच्च है। कानून के दायरे में रहते हुए संघर्ष करना हमारी जिम्मेदारी है।

भाटी ने मुकदमों को अपने संघर्ष का प्रमाण बताते हुए कहा कि सरकार द्वारा लगाए गए मुकदमे मेरे लिए गर्व का विषय हैं। जैसे एक सिपाही अपनी छाती पर गोलियां सहता है, वैसे ही जनता की भलाई के लिए मुकदमों का सामना करना मेरा कर्तव्य है। उन्होंने बाड़मेर और जैसलमेर में भाजपा और कांग्रेस के नेताओं से अपील की कि राजनीति अपनी जगह है, लेकिन जनता के हितों की रक्षा के लिए सभी को एकजुट होना चाहिए।

# बजरी माफिया ने की फायरिंग, कांस्टेबल को लगी गोली

## पुलिस की जवाबी कार्रवाई, 3 माफिया घायल

धौलपुर, 21 जनवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के धौलपुर में पुलिस ने बजरी माफियाओं को करारा जवाब दिया है। धौलपुर एसपी सुमित मेहरड़ा के नेतृत्व में पुलिस की कार्रवाई में तीन बजरी माफिया घायल हुए हैं। पुलिस ने ट्रैक्टर और एस्कॉर्ट कर रही दो मोटरसाइकिलों को भी जब्त किया है।

धौलपुर के राजाखेड़ा इलाके में पुलिस टीम बजरी से भरे ट्रैक्टर का पीछा कर रही थी। इस दौरान बजरी माफियाओं ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। इस फायरिंग में कांस्टेबल राम सहाय को गोली लगी थी और वे घायल हो गए थे। घटना की सूचना मिलने पर एसपी सुमित मेहरड़ा खुद मौके पर पहुंचे थे।

इसके बाद टीम ने छापेमारी की कार्रवाई शुरू की। इस दौरान धौलपुर पुलिस और बजरी माफियाओं के बीच हुई मुठभेड़ में तीन बजरी माफिया घायल हुए हैं। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

बता दें कि सीओ सिटी मुनेश मीणा, सीओ मनियां राजेश शर्मा सहित राजाखेड़ा, दिहोली व मनियां की पुलिस टीमों ने रातभर बजरी माफियाओं के संभावित ठिकानों पर छापेमारी की।

**नाकाबंदी तोड़ भागा बजरी लदा ट्रक**

गौरतलब है कि इससे पहले मनियां थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राष्ट्रीय राजमार्ग दिल्ली-मुंबई पर नाकाबंदी के दौरान एक बजरी लदा ट्रक भाग निकला, जिस पर पुलिस ने ट्रक को पीछा किया। ट्रक यूपी बॉर्डर बरैठा चौकी से भी निकल कर आगरा जिले में प्रवेश कर गया। हाइवे पर सैंया टोल नाके पर ट्रक चालक बैरियर तोड़कर आगे मथुरा बाइपास फ्लाइओवर पर चढ़ गया। लगातार पीछा कर पुलिस ने उसे आखिर में आकोला के पास घेराबंदी कर पकड़ लिया, जबकि चालक मौके से भाग निकला। वहीं, ट्रक को एस्कॉर्ट कर रहे कार सवार भी भाग निकले। पुलिस ने ट्रक का करीब 45 किलोमीटर तक पीछा किया।

**पुलिस ने ट्रक को किया जब्त**

थाना प्रभारी रामनरेश मीणा ने बताया कि सूचना मिली कि एक ट्रक में चोरी-छिपे बजरी आगरा की तरफ ले जाई जा रही है, जिस पर पुलिस ने हाइवे पर नाकाबंदी की। इस बीच आए संदिग्ध ट्रक के चालक ने नाकाबंदी को तोड़ दिया और भाग निकला। थाना प्रभारी ने मय जाब्ते ट्रक का पीछा किया और वह बरैठा चौकी से भी तेज रफ्तार में यूपी सीमा में भाग निकला। पुलिस ने उसका पीछा जारी रखा।

वहीं इस दौरान ट्रक के पीछे माफिया की एस्कॉर्ट कार ने पुलिस गाड़ी को साइड नहीं दी, लेकिन पुलिस ने पीछा जारी रखा। ट्रक आगे मथुरा बाइपास फ्लाईओवर पर चढ़ कर मलपुरा थाना सीमा में घुस गया। इसके बाद पुलिस ने पीछा कर उसे आकोला कस्बे के पास पकड़ लिया, लेकिन चालक पहले ही उतर कर भाग गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर मुकदमा दर्ज किया है।



**पाली जिले के** देसूरी उपखंड आना स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं बालिका विद्यालय के 475 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित करने पर लाभार्थी परिवार के युवा नेता गुलाबसिंह राजपुरोहित व परिवार का सम्मानकर उपस्थित प्रिंसिपल तुलसाराम बगरेसा, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मोहनलाल बलाई, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंगलाराम नायक, सरपंच रेखा जणवा, सरपंच प्रतिनिधि रमेश जणवा व छात्र-छात्राएँ।

# पैंथर का आतंक, आधा किमी तक बाइक सवार का किया पीछा, झपट्टा मारकर नीचे गिराया

पाली, 21 जनवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के पाली में एक बार फिर पैंथर ने हमला किया है। पैंथर ने पाली के देसूरी में एक बाइक सवार पर हमला किया। इसमें बाइक सवार घायल हुआ है। वहीं दूसरा बाइक सवार फिसलने से चोटिल हुआ है। पैंथर के हमले के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है।

पहली घटना देसूरी के घाणेराव-गुडा भोपसिंह गांव के बीच में हुई। यहां एक पैंथर ने बाइक सवार युवकों पर हमला कर दिया। दरअसल बाइक सवार युवक कुछ कार्य के चलते क्षेत्र से जा रहे थे। इस दौरान पैंथर उनके पीछे पड़ गया। पैंथर ने करीब आधा किलोमीटर तक बाइक सवारों का पीछा किया। इसके बाद पैंथर ने बाइक के पीछे बैठे युवक पर झपट्टा मार दिया। हमले के बाद युवक बाइक से नीचे गिर गया। इस दौरान शोर मचाने पर



पैंथर मौके से भाग गया। हमले में घायल युवक नारायण का देसूरी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

वहीं मंगलवार सुबह पैंथर एक बार फिर गुडा भोपसिंह से घाणेराव आ रहे बाइक सवार के पीछे पड़ गया। इससे घबराकर बाइक सवार से स्पीड बढ़ा दी, जिससे गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया। गाड़ी के गिरने से युवक चोटिल हो गया है। हालांकि पैंथर इस बाइक सवार पर हमला करने में विफल रहा है।

**गांव में दहशत**

गौरतलब है कि पाली के कानेलाव गांव में पैंथर की आमद ने पूरे गांव में दहशत का माहौल पैदा कर दिया। खेतों की रखवाली के लिए जा रहे किसानों ने जब पैंथर को देखा तो भय के कारण खेतों की ओर जाने से कतराने लगे। घटना के बाद गांव के लोग न केवल सतर्क हो गए है, बल्कि उनकी दिनचर्या प्रभावित हो गई है। गुंदोज निवासी किसान सुरेन्द्र को अपने खेत पर जाते समय रास्ते में अचानक पैंथर दिखा। उसने वीडियो बनाया और ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी।

ग्रामीणों की चिंता

सरपंच लाभुराम देवासी ने घटना को गंभीरता से लेते हुए तुरंत वन विभाग को सूचित किया। उन्होंने कहा कि पैंथर की मौजूदगी से गांव के लोग भयभीत हैं और खेतों में जाना अब खतरे से खाली नहीं है। पैंथर की मौजूदगी ने ग्रामीणों में डर का माहौल पैदा कर दिया है।

किसान रात के समय फसलों की रखवाली के लिए जाते थे। अब इस खतरे के चलते खेतों में जाने से कतराने लगे हैं। गांव के लोगों का कहना है कि पैंथर के हमले का खतरा न केवल इंसानों पर है, बल्कि उनके मवेशियों और अन्य पशुधन पर मंडरा रहा है।

**कोठार गांव में बकरी का शिकार**

वहीं बाली उपखण्ड क्षेत्र कोठार गांव के निकटवर्ती लिलोडा पहाड़ी के पास एक पैंथर ने एक बकरी का शिकार कर दिया और दो अन्य बकरियां लापता हो गईं।

ग्रामीणों के अनुसार पैंथर ने पहले भी इस क्षेत्र में बकरियों का शिकार किया। वन विभाग को सूचित करने के बावजूद पैंथर पकड़ा नहीं जा सका है। बकरी मालिक विर्भानाराम देवासी ने बताया कि उन्होंने वन विभाग और स्थानीय प्रशासन को इस घटना की जानकारी दी है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।'

# लोन खाता हैक कर साइबर ठगों ने निकाले 38 लाख रुपये

## गिरोह के तीन सदस्य्य पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार

दौसा, 21 जनवरी (एजेंसियां)। दौसा जिले में पिछले साल ओवरड्राफ्ट की ठगी करने वाले गिरोह के कुछ सदस्यों को पुलिस ने पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है। अब गिरफ्तार होने के बाद इन बदमाशों से और खुलासे होने की उम्मीद है। खुद के खाते में ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करके वारदात को अंजाम देते थे।

परिवादी हंसराज गुर्जर पुत्र रामकिशन गुर्जर निवासी खुरी जिला दौसा ने 12 दिसम्बर 2024 को पुलिस थाना साइबर क्राइम दौसा मे एक रिपोर्ट दर्ज करवाई। रिपोर्ट में हंसराज गुर्जर ने बताया कि ऐक्सिस बैंक के नाम से बैंक का डाटा अपडेट करने के लिए फोन आया था। साथ ही मुझे एक पीडीएफ फाइल भेजी गई। जिसमें डाटा चेक करने के लिए कहा गया। फोन पर जो आदमी बात कर रहा था उसकी भाषा बिहार के जैसे लोगों जैसी लग रही थी। मैंने पीडीएफ को खोलने का प्रयास



किया लेकिन वो खुली नहीं। इसके बाद स्वयं के बैंक खाते का बैलेंस चेक किया तो बैलेंस पूरा था। कुछ दिन बाद जब परिवादी ने खुद की पत्नी बादाम देवी के OD (लोन) खाता के बैलेंस को चेक किया तो उसमे 22 नवंबर 2024 से 27 नवंबर 2024 के बीच 38 लाख 80 हजार 112 रुपये ऑनलाइन बैंकिग के माध्यम से पैसा विड्रोल किया जा चुका था। परिवादी की माने तो परिवादी ने बताया कि आज तक उसने किसी प्रकार का ऑनलाइन बैंकिंग, यूपीआई और नेट बैंकिंग का उपयोग ही नहीं किया है। इस पर पुलिस थाना साइबर क्राइम ने भारतीय न्याय संहिता और आईएक्ट में मामला दर्ज दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

साइबर क्राइम पुलिस थाना, पुलिस थाना कोतवाली और साइबर सेल दौसा पर टीम का गठन किया गया। तकनीकि संसाधनों की सहायता से आरोपी की तलाश शुरू की गई तो 17 जनवरी 2025 को पश्चिम बंगाल के आसनसोल, निमटपुर जिला पश्चिम वर्धमान से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आसनसोल न्यायालय में पेश कर ट्रांजिट रिमाण्ड प्राप्त किया गया। उसे न्यायालय दौसा में भी पेश किया गया। अब दौसा साइबर थाना पुलिस इन बदमाशों के और साथियों की तलाश में जुटी है। साइबर ठगों द्वारा ओवर डिमांड बैंक खाता को हैक कर के आम लोगों से ठगी कर घटना अंजाम दिया जाता था। गिरफ्तार साइबर ठगों द्वारा ठगी गई राशि को कमीशन बेस पर खुद के बैंक खातों में डलवाकर उनके खातों में आए रुपयों को एटीएम और ऑनलाइन के माध्यम से काम लिया जाता था।

ईशान ठाकुर पुत्र राजा नाई, निवासी बुधा विलेज नियर शिव मंदिर आसनसोल पुलिस थाना साउथ आसनसोल जिला पं० वर्धमान प० बंगाल। पारीजात घोष पुत्र स्व० प्रदीप घोष निवासी सी टाइप बंगलो पोस्ट सुंदरचौक पुलिस थाना कुल्टी जिला पं० वर्धमान पं० बंगाल, श्यामल रूईदास पुत्र स्व० ज्योति रूईदास निवासी हरिजनपारा मोहल्ला निमटपुर जिला पश्चिम वर्धमान पश्चिम बंगाल।

# नो एंट्री में प्रवेश करने से रोका तो हेड कांस्टेबल पर चढ़ा दिया ट्रक, मौके पर हुई मौत

दौसा, 21 जनवरी (एजेंसियां)। जिले के लालसोट में ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिस के हेड कांस्टेबल प्रसादीलाल बैरवा को ट्रक चालक ने ट्रक से कुचल दिया। जब हेड कांस्टेबल बैरवा नो एंट्री में घुसने की कोशिश कर रहे वाहनों को रोकने का काम कर रहे थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक ट्रक चालक नो एंट्री में घुसने का प्रयास कर रहा था। जब हेड कांस्टेबल ने उसे रोकने की कोशिश की तो ट्रक चालक ने गुस्से में आकर बैरवा के ऊपर ट्रक चढ़ा दिया। इस भीषण हादसे में हेड कांस्टेबल की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के तुरंत बाद ट्रक चालक वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गया। लालसोट अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश अग्रवाल ने बताया कि यह सुबह 8 बजे ड्यूटी शुरू करने के कुछ घंटों बाद का मामला है। बहरहाल पुलिस ने ट्रक को मौके से जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश की जा रही है। जल्द ही दोषी चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना ने सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# 12 शारीरिक शिक्षक सस्पेंड, फर्जी दस्तावेज को लेकर विभाग का बड़ा एक्शन

धौलपुर, 21 जनवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में पिछली सरकार में हुई भर्तियों में फर्जीवाड़ा लगातार उजागर हो रहा है। प्रदेश में पीटीआई शिक्षक निष्कासित किए जा रहे है। इसी कड़ी में धौलपुर जिले में फर्जी दस्तावेज से नियुक्ति पाने वाले 12 शारिरीक शिक्षकों को 16 महीने बाद बर्खास्त किया गया है। शारीरिक शिक्षा अध्यापक सीधी भर्ती-2022 में अंक तालिका और डिग्री, ऑनलाइन आवेदन और ऑफलाइन जांच में फर्जी और मिसमैच पाए जाने के बाद विभाग की ओर से कार्रवाई की जा रही है। पीटीआई सीधी भर्ती- 2022 में आवेदन फॉर्म भरते समय अनिवार्य योग्यता (बीपीएड / डीपीएड) दस्तावेज सत्यापन के समय से अलग पाई है। जिसके बाद अब तक 129 पीटीआई शिक्षकों को बर्खास्त किया जा चुका है। इसके अलावा इस भर्ती परीक्षा में 244 पीटीआई टीचरों की लिस्ट शिक्षा विभाग को भेजी गई थी। जिन्होंने फर्जी डिग्री और दस्तावेज से नियुक्ति हासिल की है, उन पर कार्रवाई होना बाकी है।


बता दें कि भर्ती परीक्षा में फर्जी दस्तावेज के चलते कर्मचारी चयन बोर्ड ने जयपुर स्तर पर कमेटी गठित कर दोबारा जांच करवाई। कमेटी की रिपोर्ट में गंभीर फर्जीवाड़ा साबित होने पर शारीरिक शिक्षा अध्यापक भर्ती 2022 में चयनित अभ्यर्थियों पर गाज गिर रही है।

बोर्ड ने पीटीआई भर्ती में 300 अभ्यर्थियों के परिणाम पर रोक लगाई थी। बोर्ड ने सभी अभ्यर्थियों की डिग्रियों में खामियां मिली।

# प्लास्टिक के कट्टे में ले जा रहे थे साढ़े तीन किलो गांजा

## पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया

सिरोही, 21 जनवरी (एजेंसियां)। रोहिड़ा पुलिस ने मोटर साइकिल पर प्लास्टिक के कट्टे में छिपाकर ले जाया जा रहा 3.530 किलोग्राम गांजा जब्त कर 1 आरोपी को गिरफ्तार किया है। हालांकि इस मामले में मोटर साइकिल पर सवार 2 लोग भागने में सफल रहे। एनडीपीसी एक्ट में मामला दर्ज कर गांजा कहां से लाया गया था तथा इसे कहां ले जाया जा रहा था कि जांच करने के साथ ही फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए



धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत रोहिड़ा थानाधिकारी सुश्री माया पंडित की अगुवाई में टीम गश्त कर रही थी। उस दौरान घांचियानाड़ी से सनवाड़ा की ओर से आ रही एक मोटर साइकिल पर सवार तीन लोग एक प्लास्टिक का कट्टा लेकर आ रहे थे। पुलिस वाहन को देखकर मोटर साइकिल पर पीछे बैठे दो लोग प्लास्टिक का कट्टा फेंककर उतरकर भाग गए। इसके बाद पुलिसकर्मियों द्वारा मोटर साइकिल सवार को रोककर फेंके गए प्लास्टिक के कट्टे के बारे में पूछताछ की गई, इससे वह घबरा गया।

पुलिसकर्मियों द्वारा जब कट्टे को खोलकर जांच की गई तो उसमें 3.530 किलोग्राम गांजा पाया गया। पुलिस ने गांजे व मोटर साइकिल को जब्त कर अफरोज पुत्र हबीब खान पठान को गिरफ्तार कर लिया है और मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

# तेलंगाना स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा नीति पर कार्यशाला आयोजित



हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। डॉ. बीआर अंबेडकर सचिवालय में भू-भारती और तेलंगाना स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा नीति पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में सरकार के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। मुख्य सचिव शांति कुमारी ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि कार्यशाला का आयोजन सरकार की दो ऐतिहासिक पहलों के बारे में बताने के लिए किया गया है। राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव नवीन मित्तल ने तेलंगाना भू-भारती अधिनियम, 2025 पर एक प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि सरकार का दृष्टिकोण राजस्व प्रशासन को सुव्यवस्थित करने और जवाबदेही बढ़ाने के उद्देश्य से व्यापक भूमि सुधार लाना है। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम एक कुशल कृषि भूमि शासन ढांचे को बढ़ावा देता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान अधिनियम 19 राज्यों में इसी तरह के अधिनियमों का अध्ययन करने के बाद अस्तित्व में आया और सच्ची लोकतांत्रिक भावना का पालन करते हुए 1 जुलाई, 2024 को एक मसौदा अधिनियम सार्वजनिक डोमेन में रखा गया और जनता से विभिन्न सुझावों को शामिल करने के बाद, अधिनियम को विधानमंडल में पारित किया गया और बाद में राज्यपाल ने अपनी सहमति दे दी और इस महीने की 4 तारीख को राजपत्र अधिसूचना प्रकाशित की गई। उन्होंने यह भी कहा कि नियम और विनियम तैयार किए जा रहे हैं जबकि एक उपयोगकर्ता अनुकूल पोर्टल विकसित किया जा रहा है। बाद में, प्रमुख सचिव ऊर्जा संदीप कुमार सुल्तानिया ने तेलंगाना स्वच्छ और हरित ऊर्जा नीति-2025 की मुख्य विशेषताओं के बारे में बताया, जो राज्य को अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने का प्रयास करती है। सौर, पंप भंडारण परियोजनाओं, बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली, ग्रीन हाइड्रोजन जैसी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के विकास के लिए प्रोत्साहन प्रदान करके, इस नीति का उद्देश्य राज्य के उपभोक्ताओं को स्वच्छ, विश्वसनीय और सस्ती बिजली उपलब्ध कराने का प्रयास करते हुए राज्य के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना है। कार्यशाला में विशेष मुख्य सचिव रामकृष्ण राव, रवि गुप्ता, विकास राज, सब्यसाची घोष, प्रमुख सचिव दानकिशोर, रिजवी, क्रिस्टीना ज़ोंगथु, सचिव बुद्धप्रकाश ज्योति, लोकेश कुमार, योगिता राणा शामिल रहे।

## माधवी लता ने टीडीपी नेता प्रभाकर रेड्डी के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। अभिनेत्री और भाजपा नेता माधवी लता ने टीडीपी नेता और ताड़ीपत्री नगर निगम के अध्यक्ष जेसी प्रभाकर रेड्डी के खिलाफ साइबराबाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और आरोप लगाया है कि उन्होंने उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है। उन्होंने मंगलवार को गाच्चीबोवली स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय में प्रभाकर रेड्डी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि रेड्डी द्वारा हाल ही में की गई टिप्पणियों के कारण उन्हें काफी भावनात्मक परेशानी हुई है।

बाद में मीडिया से बात करते हुए माधवी लता ने सवाल उठाया कि क्या अभिनेत्रियों और महिलाओं के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करना और फिर माफी मांगना स्वीकार्य व्यवहार है। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि इन टिप्पणियों से न केवल उन पर असर पड़ा, बल्कि उनके परिवार के सदस्यों में भी भय और परेशानी पैदा हो गई। इससे पहले अभिनेत्री ने 'एमएए' में शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की थी।

# जुराला क्रेस्ट गेट से भारी जल रिसाव

## पानी की उपलब्धता को लेकर किसान चिंतित



हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जुराला परियोजना के अंतर्गत रबी की फसल उगाने वाले किसान क्रेस्ट गेट से होने वाले रिसाव के कारण कीमती पानी की बर्बादी पर चिंता जता रहे हैं। हाल ही में, रिसाव की मात्रा गंभीर रूप ले चुकी है। 62 में से 12 फ्लड गेट से पानी का रिसाव हो रहा है, जिससे पानी की काफी हानि हो रही है। यह स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक है क्योंकि यासांगी के किसानों को कम से कम 120 दिनों तक सिंचाई सहायता की आवश्यकता होगी।

अधिकारियों का दावा है कि रिसाव का प्रवाह केवल 100 क्यूसेक के आसपास है, हालांकि, किसानों का तर्क है कि पानी की बर्बादी प्रतिदिन 700 से 800 क्यूसेक है। जलाशय में वर्तमान में लगभग 7 टीएमसी पानी है, जबकि इसकी कुल भंडारण क्षमता नौ टीएमसी से अधिक है। रिसाव का कारण शिखर द्वारों में रस्सी का क्षतिग्रस्त होना बताया गया है। मरम्मत के अभाव में, इन द्वारों पर लगी रबर की सीलें जंग खाकर गिर गई हैं, जिससे समस्या और बढ़ गई है। पानी के रिसाव के मुद्दों ने परियोजना की सुरक्षा को लेकर भी गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। किसानों ने सिंचाई अधिकारियों से इन समस्याओं के समाधान के लिए कार्रवाई करने और पानी की और अधिक हानि तथा परियोजना के बुनियादी ढांचे को संभावित नुकसान को रोकने का आग्रह किया है। लगभग एक साल पहले परियोजना के पुनर्वास का काम एक निजी एजेंसी को सौंपे जाने के बावजूद, रिसाव को रोकने में कोई प्रगति नहीं हुई है। नवंबर के अंत तक परियोजना में पानी भरा रहा। कृष्णा नदी पर स्थित जुराला परियोजना का पूर्ण जलाशय स्तर (एफआरएल) 1,045 फीट था, तथा इसकी मूल क्षमता 11.94 टीएमसी थी। अगस्त 2013 तक, इस परियोजना की अनुमानित जल धारण क्षमता 9.74 टीएमसी थी और गाद जमने के कारण यह और भी कम हो गई थी। यह परियोजना महबूबनगर जिले में बाईं मुख्य नहर के माध्यम से 1,04,774 एकड़ और दाईं मुख्य नहर के माध्यम से 6824 एकड़ भूमि की सिंचाई करती है। यह 30,000 एकड़ टेल-एंड अयाकट को पूरक सहायता दे रही है। मुख्य अभियंता (संचालन एवं रखरखाव) विजय भास्कर रेड्डी ने कहा कि सिंचाई विभाग इस मुद्दे पर सक्रिय रूप से काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि परियोजना से लीक होने वाले पानी की मात्रा केवल 100 क्यूसेक के आसपास है, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि हर बूंद कीमती है और रिसाव को रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं।



मुख्य निर्वाचन अधिकारी सी. सुदर्शन रेड्डी ने मंगलवार को राजभवन में राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा से मुलाकात कर 25 जनवरी को रविन्द्र भारती में आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया।

# बुनियादी ढांचे की समस्याओं से जूझ रहे हैं छात्र, कर्मचारी निराश

हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य के शैक्षिक रूप से पिछड़े ब्लॉकों में अंग्रेजी माध्यम में गुणवत्तापूर्ण मुफ्त शिक्षा प्रदान करने के लिए स्थापित किए गए मॉडल स्कूल, बुनियादी ढांचे के मुद्दों से जूझ रहे हैं, जिससे छात्र और कर्मचारी दोनों ही निराशा की स्थिति में हैं। स्थायी भवनों और लंबित निर्माण कार्यों सहित अपर्याप्त बुनियादी सुविधाओं का सामना करते हुए, शिक्षा विभाग ने राज्य सरकार के समक्ष इस मुद्दे को उठाया तथा आगामी बजट में वित्तीय हस्तक्षेप का आग्रह किया। विभाग ने इन स्कूलों के लिए स्वीकृत नियमित बजट के अतिरिक्त 250 करोड़ रुपये की मंजूरी का प्रस्ताव रखा। वर्तमान में राज्य में 194 मॉडल स्कूल चल रहे हैं, जिनमें कक्षा VI से इंटरमीडिएट तक के 1.17 लाख छात्र पढ़ते हैं। हालांकि, इनमें से कई स्कूलों में बुनियादी ढांचे की कुछ समस्याएं हैं। सूत्रों के अनुसार, लगभग 100 स्कूलों की इमारतें अधूरी हैं। सूर्यपेट जिले के मॉडल स्कूल पासनूर का निर्माण कार्य आधा-अधूरा रह गया है, जबकि इसी जिले के मॉडल स्कूल इरकोडे का निर्माण कार्य अधूरा है। इसी तरह, सिद्दीपेट जिले के चिन्नाकोदुर और कोंडापाका मंडल और भूपलपल्ली जिले के महामुथारम में अन्य मॉडल स्कूलों की इमारतें पूरी तरह से तैयार नहीं हैं। निर्माण में देरी का मुख्य कारण दुर्गम इलाका है, जिसमें आवंटित स्थलों पर चट्टानें और पहाड़ियां हैं, जिसके कारण ठेकेदारों को बीच में ही परियोजना छोड़कर चले जाना पड़ता है। इसके कारण लागत बढ़ गई है और निर्माण कार्य ठप्प हो गया है। इसके अलावा, इनमें से 170 स्कूल अपर्याप्त आवश्यक सुविधाओं वाले छात्रावास भी संचालित करते हैं, जिससे छात्रों को भीड़-भाड़ वाले कमरों में रहने के लिए मजबूर होना पड़ता है। स्कूलों के बुनियादी ढांचे की इस चिंताजनक स्थिति को देखते हुए विभाग के अधिकारियों ने लंबित भवन निर्माण कार्यों को पूरा करने के लिए एकमुश्त वित्तीय सहायता के रूप में 250 करोड़ रुपये की मांग की है।

## प्रियंका चोपड़ा ने किए चिलकुर बालाजी मंदिर के दर्शन



हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने मंगलवार को भगवान बालाजी का आशीर्वाद लेने के लिए चिलकुर मंदिर का दौरा किया।

अभिनेत्री अपनी टीम के साथ मंदिर पहुंचीं। अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट में, अभिनेत्री ने मंदिर की अपनी यात्रा की तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए, जिसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा कि श्री बालाजी के आशीर्वाद से एक नया अध्याय शुरू हुआ है। हम सभी के दिलों में शांति और हमारे चारों ओर समृद्धि और प्रचुरता हो। भगवान की कृपा असीम है। उन्होंने अपनी पोस्ट में जंजीर के सह-कलाकार राम चरण की पत्नी उपासना कोनिडेला को भी टैग किया।

# रात में ठिठुरता है और दिन में तपता है हैदराबाद



हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद और उसके आस-पास के जिलों के साथ-साथ तेलंगाना राज्य के कई इलाकों में मौसम में असामान्य उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। रात के समय न्यूनतम तापमान गिरकर एकल अंकों में पहुंच रहा है, जबकि दिन के समय अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और 34 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच रहा है।

हैदराबाद और रंगारेड्डी जिले के कई इलाकों में सोमवार रात से मंगलवार सुबह तक न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री सेल्सियस से 9.9 डिग्री सेल्सियस के बीच एकल अंकों में गिर गया। इस बीच, तेलंगाना राज्य विकास योजना सोसाइटी (टीएसडीपीएस) के आंकड़ों के अनुसार, इन क्षेत्रों में दिन का अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस से 34 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। शहर के बाहरी इलाके मोइनाबाद में सोमवार को तापमान में उल्लेखनीय उतार-चढ़ाव देखा गया, जहां न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम 37.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जिससे तापमान में 30 डिग्री सेल्सियस का अंतर आया।

टीएसडीपीएस के आंकड़ों के अनुसार राजेंद्रनगर के निकट शाबाद में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि दिन का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस रहा। हैदराबाद शहर के मुख्य भाग में, हैदराबाद विश्वविद्यालय में न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो कि 24 डिग्री सेल्सियस के तापमान का अंतर है।

मौआली/उप्पल क्षेत्र में यह अंतर और भी अधिक स्पष्ट था, जहां न्यूनतम तापमान 9.3 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस था, जिससे रात और दिन के बीच 25.7 डिग्री का अंतर हो गया। तेलंगाना के जिलों में भी रात के न्यूनतम और दिन के अधिकतम तापमान के बीच इसी तरह के उतार-चढ़ाव देखे गए। कुमारम भीम आसिफाबाद, संगारेड्डी, आदिलाबाद, विकाराबाद, कामारेड्डी, निर्मल और संगारेड्डी सहित कई जिलों में बड़ी संख्या में न्यूनतम तापमान एकल अंक में दर्ज किया गया। इसके विपरीत, इन जिलों में अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस से 34 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।

### आसिफाबाद, आदिलाबाद में तापमान लुढ़का

आदिलाबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कुमराम भीम आसिफाबाद और आदिलाबाद दोनों जिलों के कुछ हिस्सों में मंगलवार को न्यूनतम तापमान में काफी गिरावट देखी गई। तेलंगाना में सबसे कम न्यूनतम तापमान तिरयानी सिरपुर (यू) मंडल केंद्र के गिन्नधारी गांव में 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सिरपुर (यू) मंडल केंद्र में 6.3 डिग्री सेल्सियस जबकि केरमेरी मंडल मुख्यालय में न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

